**सुविचार**

संयम का अर्थ घुट-घुटकर जीना नहीं है, स्वस्थ पवन की तरह बहना है।

रांगेय राघव

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 11 October 2023 ● Year : 01 ● Issue : 264 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




मैं 'मेरा पिया घर आया' में माधुरी दीक्षित की...

12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 66,079.36 |
| निफ्टी | : | 19,689.85 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,525 |
| चांदी | : | 75.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### महिला व उसके चार बच्चों की हत्या में शामिल दो भाई 29 साल बाद गिरफ्तार

**MUMBAI :** मुंबई पुलिस और उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में मीरा रोड हत्याकांड मामले में आरोपी फरार दो सगे भाइयों को 29 साल बाद वाराणसी से गिरफ्तार किया है। इन दोनों भाइयों पर 16 नवंबर 1994 को सिर्फ तीन हजार रुपये के लिए एक महिला और उसके चार बच्चों की हत्या का आरोप है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि दोनों की पहचान अनिल सरोज और सुनील सरोज के रूप में की गई है। दोनों 29 साल पहले मीरा रोड के एक चाल में रहते थे।

### मोदी और नेतन्याहू में हुई बात, कहा भारत के लोग इजरायल के साथ खड़े

**NEW DELHI :** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन कर उन्हें गाजा पट्टी से हमास आतंकियों के हमले के बाद छिड़े युद्ध से जुड़े वर्तमान हालात से अवगत कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इजरायली प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि वे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को उनके फोन कॉल और मौजूदा हालात से अवगत कराने के लिए धन्यवाद देते हैं। भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजरायल के साथ मजबूती से खड़े हैं।

### राज्यसभा से सस्पेंशन के खिलाफ राघव चड्ढा सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**NEW DELHI :** आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा से निलंबन के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी बंगला खाली करने का आदेश देने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को भी दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरुला की बेंच 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। राघव ने दोनों याचिकाएं 10 अक्टूबर को दाखिल कीं। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन 11 अगस्त को राघव चड्ढा राज्यसभा से निलंबित हुए थे। आरोप है कि राघव चड्ढा ने दिल्ली सर्विस (अमेंडमेंट) बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजे जाने के प्रस्ताव पर सांसदों के फर्जी दस्तखत कराए।

**झारखंड को केंद्र ने दिया दिपावली का तोहफा**

## टाटा-बनारस-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस की मिलेगी सौगात

● झारखंड के पास अब तक तीन वंदे भारत एक्सप्रेस



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड को जल्द ही चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन, रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन और पटना-हावड़ा वाया जसीडीह वंदे भारत ट्रेन, के बाद अब रेल मंत्रालय टाटा-बनारस वाया रांची वंदे भारत ट्रेन शुरू करेगा। दरअसल, रेल मंत्रालय आने वाले दिनों में देश के 25 शहरों से वंदे भारत ट्रेन शुरू करेगा। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने सूची भी जारी की है। इस सूची में टाटा-बनारस वाया रांची वंदे भारत ट्रेन शामिल है। जानकारी के अनुसार, इस रूट पर ट्रेन चलने को लेकर रेलवे की ओर से सर्वे कार्य शुरू किया जायेगा। जानकारी के अनुसार, ट्रेन नवंबर के अंत में या दिसंबर में शुरू करने की योजना है। मालूम हो कि झारखंड को अब तक तीन वंदे भारत ट्रेन मिल चुकी है। पहला रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, दूसरा रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और तीसरा पटना-हावड़ा वाया जसीडीह वंदे भारत एक्सप्रेस।

# कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार आज

## 35 KM की मानव श्रृंखला बनाकर मांडर से रांची लाया गया पार्थिव शरीर

● अंतिम दर्शन को संत मारिया गरिजाघर में उमड़ी भीड़

● दोपहर ढाई बजे पार्थिव शरीर पहुंचा गरिजाघर, 3.10 बजे से आम दर्शन हुआ सुलभ

● विधि-विधान के साथ संत मारिया गिरजाघर में किया जाएगा दफन राज्यपाल, सीएम सहित कई विशिष्ट अतिथि रहेंगे मौजूद



कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की पार्थिव शरीर यात्रा में उमड़ी भीड़।

**PHOTON NEWS RANCHI :** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर मंगलवार को मांडर से राजधानी रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत मारिया गिरजाघर लाया गया। पूरे सम्मान के साथ कार्डिनल की अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान मांडर अस्पताल से रांची तक मानव श्रृंखला बनायी गई थी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प की वर्षा कर सम्मान प्रकट किया गया। कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ संत मारिया गिरजाघर में राजकीय सम्मान के साथ 11 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर दोपहर करीब ढाई बजे पुरुलिया रोड स्थित संत मारिया गिरजाघर लाया गया। वहीं, दोपहर 3.10 बजे से आम लोगों के लिए अंतिम दर्शन आरंभ हुआ जो रात आठ बजे तक चला। बुधवार को कार्डिनल का अंतिम दर्शन करने के लिए आम और खास की सुबह से ही भीड़ जुटेगी। गिरजाघर से जुड़े अधिकारी के अनुसार अंतिम दर्शन करने आने वालों में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई मंत्री, विधायक भी रहेंगे।

### ईश्वर के सच्चे पुत्र थे कार्डिनल : थियोदोर

अंतिम दर्शन के दौरान सहायक बिशप थियोदोर मस्करेंहास ने कहा कि कार्डिनल ईश्वर के सच्चे पुत्र थे। ईश्वर से अगाध प्रेम करते थे। जीवन में कभी अपने व अपनों के लिए कुछ भी अर्जन नहीं किया। उनके दिल में हर वर्गों के लिए ममता थी। सोते-जागते भी वे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की चिंता में डूबे रहते थे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए। कई सपने पूरे हुए कुछ अधूरे रह गए। विश्वासी उनके सपनों को आगे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**रक्षा वाहिनी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए हेमंत सोरेन, बोले**

# ग्रामीण युवाओं के लिए आइकॉन बनें अधिकारी



महिला पुलिस अधिकारी को सम्मानित करते सीएम हेमंत सोरेन।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को गृह रक्षा वाहिनी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग स्थित झारखंड पुलिस अकादमी में परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों और जिला समादेष्टाओं से कहा कि आपने राष्ट्र सेवा की जो शपथ ली है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के दौरान आम लोगों की परेशानियों और समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुनें और उसका समाधान करें। आप सभी को जीवन की नई शुरूआत के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। आपका यह प्रशिक्षण आपके जीवन के ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा। आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है। आप ग्रामीण युवाओं के आइकॉन बनें। आज आपके लिए अत्यंत गर्व का दिन है। आप एक नई जिंदगी की शुरूआत करने जा रहे हैं। अब आपको कर्तव्य पथ पर चलना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने यहां जो राष्ट्र सेवा की शपथ ली है, उसपर आप खरा उतरेंगे। झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में 7वीं से 10वीं बैच के 39 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों और 14 जिला समादेष्टाओं को गृह रक्षा वाहिनी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीद जवानों को नमन किया। इस अवसर पर एसटीएफ जवान बबलू नायक और अभिजीत ने खुद से उकेरी गई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खूबसूरत तस्वीर उन्हें सप्रेम भेंट की।

### प्रशिक्षण से बढ़ता है आत्मबल व विश्वास

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अपने यहां जो कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके जीवन में ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा। प्रशिक्षण से आपका आत्मबल और विश्वास बढ़ेगा। यह आपकी कार्य कुशलता को बढ़ाएगा। खासकर प्रशिक्षण के दौरान आपने जो सीखा है, वह कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जो चुनौतियां मिलेगी, उससे निपटने में मददगार साबित होगा। सीएम ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है। आप सभी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के लोग काफी भोले- भाले, सीधे और सरल होते हैं।

## सीएम की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के समन के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई होनी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी की ओर से पक्ष रखने और डिफेक्ट दूर करने के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की थी। सीएम की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पियूष चित्रेश पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने पिछली सुनवाई के दौरान अदालत में यह जानकारी दी थी कि उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता बहस करेंगे। ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया (एएसजी) एसवी राजू पक्ष रख रहे हैं। 23 सितंबर को ईडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट की शरण ली थी। बता दें कि मुख्यमंत्री ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया है। इसके साथ ही याचिका में ईडी की शक्तियों को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी।

# AAP MLA अमानतुल्ला के घर ED ने की छापेमारी

**दिल्ली वक्फ बोर्ड में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला**

**AGENCY NEW DELHI :** आम आदमी पार्टी के एक और नेता के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने अमानतुल्ला खान के घर छापा मारा। ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक केस में की जा रही है। ईडी ने ये कार्रवाई दिल्ली एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की तरफ से दाखिल दो एफआईआर के तहत की गई हैं। ये एफआईआर दिल्ली वक्फ बोर्ड में नौकरियों में अनियमितताओं से जुड़ी हैं। अमानतुल्ला खान वक्फ बोर्ड में चेयरमैन हैं। इस मामले में दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो ने 16 अगस्त 2022 को अमानतुल्ला को गिरफ्तार किया था। उन्हें 28 दिसंबर 2022 को जमानत पर रिहा कर दिया गया। 4 अक्टूबर को ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाला केस में पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के घर पर 10 घंटे छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल ईडी की कस्टडी में हैं। वहीं, दिल्ली में भाजपा कार्यकताओं ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### आप सांसद संजय सिंह की रिमांड 13 तक बढ़ी

**NEW DELHI :** दिल्ली शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिमांड कोर्ट ने 3 दिन के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने मंगलवार को पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद दोबारा उन्हें कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह के खिलाफ घूस मांगने के सबूत हैं। वे हिरासत में सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे। जांच में भी सहयोग नहीं कर रहे। जब उनसे फोन के डेटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी की मांग पर संजय सिंह की रिमांड अवधि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। कोर्ट ले जाते समय आप सांसद ने कहा कि ईमानदार लोग हमारे साथ हैं, जबकि बेईमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। ईडी ने 4 अक्टूबर को संजय सिंह के घर करीब 10 घंटे तक चली छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। 5 अक्टूबर को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से कोर्ट ने उन्हें 10 अक्टूबर तक की रिमांड पर भेज दिया था। शराब घोटाले की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है।

# जम्मू-कश्मीर में सेना के एनकाउंटर में दो आतंकी ढेर

## कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल था एक आतंकी

**AGENCY SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में मंगलवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। इनकी पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूख उर्फ अबरार के नाम से हुई है। दोनों लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े थे। कश्मीर के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने बताया कि आतंकी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। इलाके में बड़ी संख्या में सैन्य बल तैनात है। और भी आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में 26 फरवरी को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित संजय शर्मा को गोली मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय पर तब हमला किया, जब वह सुबह 10.30 बजे पत्नी के साथ मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। अक्टूबर 2022 के बाद ये कश्मीर घाटी की पहली टारगेट किलिंग थी।

**सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड**

## विधायक शशिभूषण मेहता को हाईकोर्ट से नोटिस

**RANCHI :** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षिका रही सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एवं पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता सहित 6 लोगों को बरी किए जाने के रांची की निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने मामले के सूचक गोविंद पांडे के आग्रह पर बरी किए गए शशि भूषण मेहता समेत 6 लोगों को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। दरअसल 20 दिसंबर 2019 को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची की शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में शशि भूषण मेहता समेत राजनाथ सिंह, प्रदीप कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, अनूप सिंह एवं सत्य प्रकाश को रांची की निचली अदालत ने निर्दोष करार देते हुए सभी 6 आरोपियों को इस मामले से बरी कर दिया था।

# SC ने 26 हफ्ते की प्रेग्नेंट का अबॉर्शन रोका

## AIIMS ने कहा- बच्चा बच सकता है, मां की अपील- मेरे 2 बच्चे, तीसरा नहीं चाहिए

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने 26 हफ्ते की प्रेग्नेंट महिला का अबॉर्शन रोकने का निर्देश दिया है। एआईआईएमएस के डॉक्टरों ने मंगलवार को कोर्ट में बताया कि भ्रूण के पैदा होने की संभावना है। इसके बाद कोर्ट ने डॉक्टरों को अबॉर्शन प्रोसेस रोकने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई के लिए बुधवार को एक नई बेंच का गठन किया जाएगा। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने 9 अक्टूबर को हुई सुनवाई में शादीशुदा महिला की अनप्लान्ड प्रेग्नेंसी टर्मिनेट करने की इजाजत दे दी थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता महिला से कहा था कि वो 10 अक्टूबर को एआईआईएमएस जाए। बेंच ने कहा कि एआईआईएमएस याचिकाकर्ता को भर्ती करे और महिला के डॉक्टरों की सलाह लेकर जल्द से जल्द अबॉर्शन प्रोसेस पूरा करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर गर्भ में शिशु जीवित मिले तो डॉक्टरों की सलाह से उसे इन्क्यूबेशन में रख सकते हैं। मंगलवार को एआईआईएमएस के डॉक्टरों ने कोर्ट को बताया कि भ्रूण के पैदा होने की संभावना है। इसके बाद कोर्ट ने डॉक्टरों को अबॉर्शन प्रोसेस रोकने का निर्देश दिया। 9 अक्टूबर से पहले हुई सुनवाई में



### महिला ने बताया- कॉन्ट्रासेप्टिव फेल होने से प्रेग्नेंट हुई, पता नहीं चला

याचिकाकर्ता ने अपनी अपील में कहा था कि उसका दूसरा बच्चा अभी छोटा है और स्तनपान करता है। ऐसे में महिला ने लैक्टेशनल अमेनोरिया नाम के कॉन्ट्रासेप्टिव तरीके का इस्तेमाल किया। लेकिन, ये तरीका फेल हो गया और वह प्रेग्नेंट हो गई। इसके बारे में उसे काफी समय बाद पता चला। कोर्ट ने भी माना कि ब्रेस्टफीडिंग के दौरान प्रेग्नेंसी की संभावना बेहद कम होती है। कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट्स का हवाला दिया, जिसमें बताया गया है कि इस तरीके से प्रेग्नेंसी रोकने की संभावना 95 प्रतिशत ही होती है। सोमवार को कोर्ट ने याचिकाकर्ता को वर्चुअली पेश होने को कहा और उससे पूछा कि क्या वह प्रेग्नेंसी को जारी रखना चाहती है। महिला ने कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत मांगी।

**सफल मिसाइल परीक्षण से दुश्मनों के लिए और अधिक मजबूत हुआ भारत**

# भारतीय सेना ने दागी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप में मंगलवार को नई रेंज की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस 450 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है। यह सफल परीक्षण सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया। इस सफल मिसाइल परीक्षण से भारतीय सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। साथ ही दुश्मनों के लिए भारत और अधिक मजबूत हो गया है। इस महीने की शुरूआत में भारत ने एयरमेन को एक नोटम में कहा था कि 10 अक्टूबर को 450 किमी. या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली ब्रह्मोस के संस्करण का परीक्षण कर सकता है। परीक्षण के लिए अधिसूचित नो-फ्लाई जोन में सुझाव दिया गया था कि मंगलवार को क्रूज मिसाइल का विस्तारित संस्करण 450 किमी. या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मार सकता है। नोटम एक तरह का नोटिस है, जो विमान पायलटों को हवाई मिशनों को सूचना देने के लिए जारी किया जाता है, ताकि उड़ान मार्ग या संभावित खतरों के बारे में सचेत किया जा सके। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली है।



### ब्रह्मोस लैंड-अटैक मिसाइल को चीन के खिलाफ लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में किया गया तैनात

भारत के लगातार सफल परीक्षण किये जाने से विरोधियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दुनिया की सबसे तेज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24 नवम्बर, 2020 को भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था। ब्रह्मोस लैंड-अटैक मिसाइल को चीन के खिलाफ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कुछ सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब एयरबेस में तैनात हैं।

## मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बनें

**NEW DELHI :** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को पीछे छोड़ते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। मंगलवार को जारी '360 वन वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023' में अंबानी 8.08 लाख करोड़ रुपए की वेल्थ के साथ टॉप पर हैं। इस लिस्ट में गौतम अडाणी फिसलकर दूसरे नंबर पर आ गए हैं, अभी उनकी वेल्थ 4.74 लाख करोड़ रुपए है। अडाणी की नेटवर्थ में हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के कारण काफी गिरावट आई है। हुरुन इंडिया की भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों की यह 12वीं एनुअल रैंकिंग है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के फाउंडर साइरस एस पूनावाला ने 2.78 लाख करोड़ रुपए की वेल्थ के साथ तीसरा स्थान बरकरार रखा है। वहीं एचसीएल के शिव नाडार 2.28 लाख करोड़ की संपत्ति के साथ चौथे और गोपीचंद हिंदुजा 1.76 लाख करोड़ की वेल्थ के साथ 5वें नंबर पर हैं।

# खिलाड़ियों के मार्ग में पैसे को बाधा नहीं बनने देंगे : मोदी



**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत कर रहे थे। भारत ने इन खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए 2014 से पहले और बाद में देश के खेल इको सिस्टम में आए बदलाव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भी देश में योग्यता और जीत के जज्बे की कमी नहीं थी लेकिन खिलाड़ियों को कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार देश के सपोर्ट इको सिस्टम का कायाकल्प करने में जुटी है।

BRIEF NEWS

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी अमृत कलश में किया गया संग्रह



**RANCHI :** भारतीय जनता पार्टी रांची ग्रामीण के अंतर्गत कांके प्रखंड में माटी संग्रह कार्य सम्पन्न हुआ। इस माटी संग्रह अंतर्गत पिठोरिया, कांके एवं मेसरा मण्डल का सयुक्त रूप से माटी अमृत कलश के साथ संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अनिल टाइगर जी उपस्थित हुए और तीनों मण्डल के अध्यक्ष महामंत्री से पवित्र माटी को पुरे विधि विधान के साथ अमृत कलश में संग्रहित किए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके के मण्डल अध्यक्ष श्री रामलखन मुंडा जी, गोपाल महतो जी, जिप सदस्य शुषमा देवी, कर्नल बी के सिंह, प्रभात भूषण, जगत महतो, सुरेंद्र गोप, विनोद रजक, लखन उरांव श्रवण गोप, सुमित सिंह, अनुज महतो, इम्तियाज अन्सारी, महानन्द महतो के साथ अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### मोपेड सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, सड़क जाम

**PALAMU :** छत्तरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-98 फोरलेन ओवरब्रिज पर मामा होटल के सामने मोपेड मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर कार दी, जिससे सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान छत्तरपुर के मसीहानी निवासी विनोद उरांव (42), वही घायल राजेन्द्र उरांव (55) के रूप में हुई है। दोनों मोपेड से डालटनगंज तरफ से आ रहे थे। जैसे ही फोरलेन ओवरब्रिज पर पहुंचे, किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके से छत्तरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घायल राजेन्द्र उरांव को डालटनगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही मृतक के परिजनों ने छत्तरपुर के सरइडीह मोड़ चौक को जाम कर दिया। दोनों तरफ से वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

### रामगढ़ छावनी परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**RAMGARH :** रामगढ़ छावनी परिषद के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मंगलवार को नया बस पड़ाव, पुराना बस पड़ाव, सुभाष चौक क्षेत्र, शिवाजी रोड, लोहर टोला एवं गोला रोड के किनारे अनाधिकृत रूप से लगाए गए ठेला, गुमटी आदि को हटवाया। यह कार्रवाई आगामी त्योहारों के मद्देनजर की गई है। दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति पथ प्रमंडल विभाग के सहायक अभियंता रवि मुंडू ने बताया कि शहर वासियों को पहले ही सड़क के किनारे सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की सूचना दे दी गई थी। उन्हें यह मौका दिया गया था कि वह अपने सामान को सुरक्षित तौर से निकाल लें लेकिन अभियान के दौरान जिन लोगों ने समय रहते अपना सामान नहीं हटाया उनके टेबल, बोर्ड, शेड आदि को जब्त कर लिया गया है। कुछ लोगों को यह चेतावनी देकर भी छोड़ गया है कि वह अपने सामान को तत्काल सड़क के किनारे से हटा लें।

### अदानी के शिविर में हुआ मरीजों का इलाज

**HAZARIBAGH :** हजारीबाग गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दस दिनों में बड़कागांव प्रखंड के चार स्थलों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान प्रखंड के करीब दस गांव के 138 पुरुष और 131 महिलाओं समेत कुल 314 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इन सभी को जरूरत के हिसाब से निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। अधिकतर लोगों को अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण और गैस्ट्रो की बीमारी देखी गई। शिविर में मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याएं पाई गई है, जिसमें अर्थराइटिस, पॉली अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण, सामान्य सर्दी, गैस्ट्रिसिस, एनीमिया, डायरिया, आंखों की समस्याएं और सामान्य दर्द थे।

संकल्प यात्रा के आठवें चरण के दौरान पोटका पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# झारखंड लूटने वालों को मिल रही सुरक्षा व्यापारियों की हो रही है हत्या : बाबूलाल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** संकल्प यात्रा के आठवें चरण के दौरान मंगलवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड लूटने वालों को सुरक्षा मिल रही है और व्यापारियों की हत्या हो रही है। सुरक्षा मांगने के बावजूद नहीं मिलना सरकार के नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में जांच नहीं हुआ तो भाजपा सरकार बनने पर जांच कराएगी और जिम्मेवार व्यक्ति के खिलाफ करवाई होगी।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य। • फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। आम आदमी डरा हुआ है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में गरीब पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पाते थें। नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान योजना लाकर हर गरीब को पांच लाख तक आयुष्मान से इलाज की सुविधा दिया जबकि हेमंत सरकार की लापरवाही के करण कई गरीब इस योजना से वंचित हो गये हैं। भाजपा की सरकार बनी तो घर घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे।

# झारखंड स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट में संथाल रेंज की टीम ऑल ओवर चैंपियन बनी



ट्रॉफी के साथ संथल रेंज के विजेता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMKA :** रांची में आयोजित 18वां झारखंड स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट 2023 संथाल परगना रेंज की टीम ओवर ऑल चैंपियन घोषित हुई। पुलिस डियूटी मीट का आयोजन चार से सात अक्टूबर तक हुई। इसमें जामताड़ा के साइबर डीएसपी मजरुल होदा के नेतृत्व में संथाल परगना रेंज की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता टीम घोषित हुई। विजेता का ट्रॉफी लेकर दुमका पहुचीं टीम लीडर ने संथाल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल को ट्रॉफी सुपुर्द किया।

डीआईजी मंडल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी। डीआईजी ने बताया कि पुलिस डिपार्टमेंट के लिए यह काफी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक साइंस, मेडिको लीगल, क्राइम इंवेस्टिंग लॉ एंड रूल, फिंगर प्रिंट, फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वाड सहित कुल 10 स्पधाओं में टीम के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर ओवर आल चैंपियन घोषित हुई।

# दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में कांग्रेस विधायक की कोर्ट में पेशी

पीड़िता के साथ तस्वीर खिंचवाकर विधायक ने किया था वायरल

**PHOTON NEWS DUMKA :** जामताड़ा में दुष्कर्म के बाद किशोरी की पहचान उजागर करने में नामजद आरोपित जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी मंगलवार को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत में पेशी हुई। जहां न्यायालय ने हाई कोर्ट की स्टेटस रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष सौंपने का आदेश सुनाया। मामले में हाई कोर्ट अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

26 अक्टूबर 2018 को करमाटांड में किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था। दूसरे दिन विधायक ने अस्पताल में जाकर पीड़ित का हाल पूछा। बाद में विधायक ने पीड़ित के साथ अपनी तस्वीर खिंचवाई। तस्वीर इंटरनेट मीडिया में अपलोड कर दी गई। इससे पीड़ित की पूरी तरह से पहचान उजागर हो गई। 28 अक्टूबर को करमाटांड के सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम ने विधायक पर मामला दर्ज कराया। इसमें विधायक पर पीड़ित की पहचान उजागर करने का आरोप लगा। विधायक के अधिवक्ता राजा खान ने किशोरी की पहचान उजागर करने के आरोप में टीम का गठित हुआ है। सुनवाई की अगली तिथि 20 अक्टूबर को तय हुई है।



कोर्ट जाते विधायक इरफान अंसारी व अन्य। • फोटोन न्यूज

# MMCH में पांच शवों का पोस्टमार्टम अलग-अलग हादसों में हुई थी मौत

**PHOTON NEWS PALAMU :** एमएमसीएच मेदिनीनगर में मंगलवार को पांच शवों का पोस्टमार्टम किया गया। छतरपुर से मासूम भाई-बहन, पाटन के भंडार से अधेड़, गढ़वा के नवादा का युवक एवं टेज्न से कटकर एक अज्ञात बुजुर्ग (पुरूष) की मौत पर लाए गए शव का अंत्यपरीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम के बाद संबंधित शव परिजनों को सौंप दिया गया, लेकिन अज्ञात बुजुर्ग का शव पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया। एक सप्ताह के भीतर शव की पहचान नहीं होने पर उसका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

छतरपुर थाना क्षेत्र के दीनादाग पंचायत भवन के समीप पानी से भरे गड्ढे में डूब जाने से लालदेव यादव का पुत्र नीतीश कुमार (7) और पुत्री किरण कुमारी (10) की मौत हो गयी थी। दोनों का शव गड्ढे से निकाला गया। पंचनामा कर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

पाटन थाना क्षेत्र के भंडार निवासी इसराइल मियां (55) अपने घर से कुछ दूरी पर मिल में गेहूं पिसवाने साइकल से गया हुआ था। उधर से एक तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एमआरएमसीएच में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी और बाइक पर बैठे तीनों युवक में से एक को गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज एमआरएमसीएच में किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बाइक चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसराइल मियां के 4 लड़के और 4 लड़की है और वह खेतीबाड़ी कर अपने परिवार को भरण पोषण करता था। उसके परिवार में मात्र वही एक कमाने वाला व्यक्ति था।

गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा मोड़ का रहने वाला रमेश सोनी (25) रोज की तरह मजदूरी करने के लिए निकला हुआ था। लेकिन उसे काम नहीं मिलने से वह बहुत परेशान था और गुस्से में आकर पहले शराब पी उसके बाद जहरीला पदार्थ खाकर वह अपने घर चला गया।

# रिमांड होम की गैस पाइप तोड़कर दो नाबालिग फरार



**PHOTON NEWS PALAMU :** डालटनगंज के जेलहाता स्थित रिमांड होम (सम्प्रेक्षण गृह पलामू) से मंगलवार दोपहर एक बार फिर दो नाबालिग फरार हो गए। कैंपस के शौचालय की गैस पाइप को तोड़कर दोनों नाबालिग फरार हुए। उनकी उम्र 16 वर्ष है। रिमांड होम में कुल 53 बच्चे थे।

समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि रिमांड होम परिसर में शौचालय में लगी गैस पाइप को तोड़कर दोनों नाबालिग फरार हुए। इस संबंध में शहर थाना को सूचना दे दी गयी है। पुलिस के साथ समन्वय बनाकर दोनों की तलाश तेज की गयी है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले दोनों नाबालिग चोरी कांड में पकड़े गए थे।

शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता एसएलए स्कूल के समीप अमन गोयल के घर से ढाई लाख रुपये नकदी और सोने-चांदी के आभूषण की चोरी हुई थी। पुलिस ने विकास कुमार उर्फ चिंकू एवं लक्की कुमार को गिरफ्तार किया था। साथ ही तीन नाबालिग निरुद्ध किए गए थे। तीनों किशोरों को किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया था। इनमें से दो नाबालिग भागने में सफल रहे। दोनों शहरी क्षेत्र के ही निवासी हैं। दोनों के घर पर पुलिस की विशेष निगाह बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों से पूछताछ की है। साथ ही किसी तरह की सूचना मिलने पर तत्काल जानकारी देने का निर्देश दिया है।

### राशि का गबन मामले में पंचायत सचिव को दो साल की सजा

**DUMKA :** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव की अदालत ने मंगलवार को छह साल पुराने सरकारी राशि गबन में जामा की तपसी पंचायत के तत्कालीन पंचायत सचिव गोपाल राउत को दोषी करार देते हुए दो साल की और दो लाख मुआवजा देने की सजा सुनाई। मुआवजा पीड़ित परिवार को देना होगा। वहीं साक्ष्य के अभाव में बिचौलिया पंकज यादव को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। सरकार की ओर से एपीपी खुशबूददीन अली ने पांच गवाह का बयान दर्ज कराया। जामा के तत्कालीन बीडीओ शिशिर कुमार ने 11 दिसंबर 17 को जामा थाना में आवेदन देकर गोपाल राउत समेत पांच पर सरकारी राशि गबन करने की शिकायत की थी। आवेदन में बताया कि 30 नवंबर 17 को शिकायत मिलने के बाद तपसी पंचायत में चल रही मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। लाभुक रीता देवी को 8.64 लाख से तालाब निर्माण करने की स्वीकृति मिली थी। रीता ने बताया कि पंचायत सचिव के स्तर से योजना राशि का भुगतान किया गया। काम पूरा नहीं होने के बाद भी सचिव ने दो लाख की निकासी कर सारा पैसा गबन कर लिया। इसी प्रकार से बागझोपा के दुईला टुडू से बिना काम के 15 हजार का काम कर एक लाख और 1.20 लाख की निकासी कर ली।

# रामगढ़ जिले में फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट के लिए युवक ने सैकड़ों व्यापारियों को ठगा

विभाग के नाम पर व्यापारियों को ठगने की मिली थी शिकायत : दीप श्री

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले में फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट के नाम पर सैकड़ों व्यापारियों को ठगा गया है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री जांच करने के लिए दुकानदारों के पास पहुंची। उन्होंने जांच के दौरान जब दस्तावेजों पर नजर डाली तो देखा कि उनके पास जाली फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट मौजूद हैं। इसके बाद जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जिले के तमाम व्यापारियों को नोटिस देना शुरू किया, तो पता चला कि राजेश कुमार नामक व्यक्ति के द्वारा जिले में व्यापारियों को फर्जी सर्टिफिकेट दिया गया है। इस सर्टिफिकेट के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी होने की संभावना है। अब इस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई है। जांच में यह बात सामने आई है कि यह गोरखधंधा पिछले कई वर्षों से चल रहा था।

**खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल :** सैकड़ों व्यापारियों को एफएसएसएआई सर्टिफिकेट के नाम पर पिछले चार वर्षो से ठगा जा रहा था। व्यापारियों को भी इस बात का पता तब चला जब खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जांच के दौरान उनके दस्तावेजों को जाली करार दिया। इस पूरे प्रकरण के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी से मिला।



बैठक में उपस्थित जिला खाद्य सुरक्ष पदाधिकारी व अन्य। • फोटोन न्यूज

**चैंबर ने लगाया आरोप, विभाग ने ही व्यापारियों से राजेश को मिलवाया :** चेंबर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा ही राजेश कुमार नामक के व्यक्ति को व्यापारियों के बीच परिचय कराया गया था। व्यापारी इस सर्टिफिकेट के लिए राजेश कुमार को ही पैसे देते थे। लेकिन राजेश कुमार ने जितना सर्टिफिकेट दिया उसका रजिस्ट्रेशन नंबर की गड़बड़ पाया गया। यहां तक कि फॉर्म सी में किसी भी व्यापारी की तस्वीर नहीं होती है। लेकिन राजेश कुमार ने तस्वीरों के साथ सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया था। प्रथम दृष्टया वह सर्टिफिकेट जाली प्रतीत तो नहीं होता। लेकिन अधिकारियों की जांच में वह पूरी तरीके से फर्जी दस्तावेज है।

इस पूरे प्रकरण में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने बताया कि पिछले कई महीनो से यह शिकायत मिल रही थी कि राजेश कुमार के द्वारा व्यापारियों को फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले शनिवार को जांच के दौरान रामगढ़ बाजार समिति में कई फर्जी दस्तावेज देखने को मिले। इस पूरे मामले को लेकर पूरे जिले के व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया है। अब इस मामले में राजेश कुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इससे पहले भी राजेश कुमार के खिलाफ मांडू थाने में प्राथमिक दर्ज होने की सूचना विभाग को प्राप्त हुई है।

राजेश कुमार कौन है? वह कैसे अधिकारियों के नाक के नीचे व्यापारियों को ठगता रहा? इस बात का जवाब अब विभाग और व्यापारी दोनों को ही देना होगा। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने बताया कि अब तक की जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि पिछले 4 वर्षों से राजेश कुमार नामक व्यक्ति विभाग के नाम पर ही पूरे जिले में घूम रहा है।

पर्यटन सचिव ने अधिकारियों के साथ किया पेरवाघाघ और डोंबारी बुरू का दौरा

# खूंटी के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा पेरवाघाघ : मनोज कुमार

**PHOTON NEWS KHUNTI :** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक पर्यटन, अंजली यादव, उपायुक्त लोकेश मिश्र, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइउद्दीन खां और अन्य अधिकारियों ने मंगलवार को तोरपा प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवाघाघ का भ्रमण किया और विकास की संभावना का जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा बताया कि जिले के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित हैं। साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आवश्यक साधनों की भी व्यवस्था की जा रही है।



पेरवाघाघ का निरीक्षण करते पर्यटन सचिव मनोज कुमार व अन्य। • फोटोन

मौके पर पर्यटन के सामुदायिक विकास को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। पर्यटन सचिव ने कहा कि खूंटी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि पेरवाघाघ को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उदेद्श्य से उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराया जाना है। पर्यटकों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय, पेयजल, यात्री शेड, वाहन पड़ाव, बोटिंग आदि की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। पेरवाघाघ, पंचघाघ, दशम फॉल, लटरजंग, पेलौल डैम आदि पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने को लेकर कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

पेरवाघाघ चारों ओर से जंगल व पहाडियों से अच्छादित अत्यंत ही मनमोहक जलप्रपात है। ऊंचे पहाडों. औरर घने जंगलों के बीच स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात को आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। आसपास के लोग बताते हैं कि पहाडों की गुफाओं में कबूतरों भी निवास है। इसलिए इसका नाम पेरवाघाघ पड़ा। पेरवाघाघ में कई अन्य छोटे-बड़े जल प्रपात भी हैं। बाद में अधिकारियों ने डोंबारी बुरू जाकर वहां पर्यटन विकास की संभावना पर विचार विमर्श किया।

# दुर्गा पूजा को लेकर पिठौरिया थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**PHOTON NEWS RANCHI :** दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर मंगलवार को पिठौरिया थाना परिसर में पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र में आने वाले सभी पूजा पंडाल समितियों के पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मौके पर थाना प्रभारी अभय कुमार ने पूजा समिति के पदाधिकारियों को सरकार के द्वारा पूजा पंडाल से संबंधित गाइडलाइन की जानकारी दी। लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी तरह के अफवाह से बचे। सोशल मीडिया पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उपद्रवियों को किसी भी हाल में बख्सा नही जाएगा। त्यौहार को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी।



बैठक में शामिल थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह व अन्य। • फोटोन न्यूज

मौके पर मौजूद पूर्व जीप सदस्य हकीम अंसारी ने कहा कि सभी के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न किया जाएगा। पूर्व जीप सदस्य ऐनुल हक अंसारी ने त्योहार को देखते हुए प्रशासन से नशेड़ियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान मजीबुल अंसारी, नकुल महतो, सरवन गोप, सुरेश राम, मनोज राम, मुन्नी देवी, झामुमो नेता जुल्फिकार खान, रितेश कुमार, सरवर खान, मीना देवी ने भी अपनी बातें रखी। बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर राजकुमार यादव, एसआई राहुल कुमार, नीतीश कुमार, गणेश यादव, एएसआई कृष्णा ओझा, सोहन सिंह, अमृत मेहता, फांसी जमा, रमन कुमार, जुल्फान खान, वसीम अकरम, मतीउर रहमान, लाखो उरांव, मधु साहू, गुफरान अंसारी, मुश्ताक आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

BRIEF NEWS

## सीआईपी में मानसिक बीमारियों की दी गई जानकारी

**RANCHI :** सीआईपी संस्थान के ओपीडी परिसर में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संस्थान से देखभाल प्राप्त कर रहे 80-100 रोगियों और उनके परिवारों ने देखा और भाग लिया। मुख्य भाषण प्रोफेसर (डॉ.) निशांत गोयल ने दिया और दिन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। मनोचिकित्सा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र पालीवाल ने मानसिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों के महत्व के बारे में बात की। कार्यक्रम का समापन संस्थान में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करके किया गया।

## छह अपराधियों के खिलाफ चलेगा मुकदमा

**RANCHI :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र के छह अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी है। उपायुक्त ने संबंधित प्रतिवेदनों को अवलोकन के बाद तीनों थाना क्षेत्र के अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें ठाकुर गांव थाना से आर्म्स एक्ट मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सदस्य विकास गंझु उर्फ टुनटुन, सुखदेवनगर थाना से ड्रग्स की तस्करी और आर्म्स एक्ट मामले में मदन कुमार उर्फ सोनू, सिंटू जयसवाल, सरताज शाह, विक्रम सिंह एवं धुर्वा थाना से आर्म्स एक्ट मामले में कुंदन गोप शामिल हैं।

## सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को मिलेगा मुवाअजा

**RANCHI :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार आवेदक जोगिन्दर राणा की पत्नी की मृत्यु सात मई, 2020 को सर्पदंश के कारण हो गई थी। मृत व्यक्ति के आश्रित को चार लाख रुपये के अनुदान की स्वीकृति प्रदान की है।

## राज्य के मिशनरी स्कूलों में आज अवकाश

**RANCHI :** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का पार्थिव शरीर 11 अक्टूबर को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जाएगा। इसको लेकर राज्य के मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी की घोषणा की गयी है। झारखंड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। रोमन कैथोलिक (आरसी मिशन) द्वारा संचालित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में फादर और सिस्टर के द्वारा पठन-पाठन का कार्य किया जाता है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रतन हाइट्स मामले में पुराने बिल्डर को HC का नोटिस, अंतिम सुनवाई एक नवंबर को

## एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी व लैंड ऑनर की अपील पर हुई बहस

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने रतन हाइट्स के पुराने बिल्डर नरेंद्र बुटाला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई मंगलवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए एक नवंबर की तिथि निर्धारित की। मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में सभी पक्षों की ओर से बहस की गई। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसीडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा, अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह एवं फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की, जबकि रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर ने पैरवी की। रतन हाइट्स की ओर से बताया गया कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है, लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। इसी मामले की अवमानना याचिका पर तीन नवंबर को सुनवाई होनी है। प्रतिवादी की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद बिल्डर ने रतन हाइट के बहु मंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा है। हाल ही में रांची में हो रही भारी बारिश की वजह से रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री को गिर गई थी। बाउंड्री वॉल गिरने के कारण गड्ढे का पानी रतन हाइट्स की नींव के भीतर प्रवेश करने की आशंका पैदा हो गयी है इससे इस बहुमंजिला इमारत को खतरा बढ़ गया है। रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाई कोर्ट ने इस वर्ष जुलाई माह में अपना फैसला सुनते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था।

## गैर पारा शिक्षकों की श्रेणी में आवेदन करने वाले MERCURY TEACHERS को मिली बड़ी राहत

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 2015 के प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करनेवाले पारा शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर फैसला सुनाते हुए एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है एकल पीठ द्वारा पारित आदेश उचित है।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रतिवादी अभ्यर्थी जो पारा शिक्षक थे लेकिन उन्होंने गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिया था और वे अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से अधिक अंक प्राप्त किए थे, उनके लिए अतिरिक्त काउंसिल कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में चुनौती दी थी। एकल पीठ में सुनवाई के दौरान पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि वर्ष 2015 की प्राथमिक शिक्षक में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अब कोई काउंसलिंग नहीं की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति के लिए उनका कंसीडरेशन नहीं किया जाएगा। इस पर याचिकाकर्ता पारा शिक्षकों की ओर से एकल पीठ से कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं करने का निर्णय गलत है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के इस आदेश को गलत माना था। साथ ही हाई कोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया था कि वैसे पारा शिक्षक जो उक्त नियुक्ति परीक्षा में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिए थे और जिनके अंक अंतिम चयनित अभ्यर्थी से ज्यादा है उनके संबंध में उचित कार्रवाई की जाये। उनके लिए अलग से काउंसलिंग की जाये। हाई कोर्ट के एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने खंडपीठ में अपील दायर की थी। खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई पूरी कर पूर्व में आदेश सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि पारा शिक्षक जो गैर पारा शिक्षक कैटेगरी में शामिल हुए थे उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करना गलत है। ऐसे पारा शिक्षकों ने अपने आरक्षण का लाभ नहीं लेने का निर्णय लिया था। अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से ज्यादा अंक लाने वाले प्रतिवादियों के लिए अतिरिक्त काउंसिल की जाए और नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाये।




## लैंड स्कैम : इम्तियाज और सद्दाम की जमानत याचिका पर अब 19 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**RANCHI :** लैंड स्कैम के दो आरोपी इम्तियाज और सद्दाम ने जमानत याचिका पर मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। जिसके बाद अदालत ने दोनों की बेल पर 19 अक्टूबर को विस्तृत सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि इम्तियाज और सद्दाम ने अपनी अधिवक्ता स्नेह सिंह के माध्यम से रांची ढटछअ (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने सद्दाम और इम्तियाज को अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। ईडी ने राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री में मामले में दोनों संलिप्त बताते हुए गिरफ्तार किया था। इस केस में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़े व्यवसाई विष्णु अग्रवाल समेत कई लोगो को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है।

## चिटफंड कंपनी डीजेएन के संचालक को बेल देने से CBI कोर्ट ने किया इंकार

**RANCHI :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को चिटफंड कंपनी डीजेएन ग्रुप के संचालक राम किशुन ठाकुर की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। राम किशुन पर ऑनलाइन बिजनेस के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप है। जांच में यह बात सामने आयी है कि राम किशुन ने अधिक ब्याज का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों की ठगी की और ठगी करने के बाद फरार हो गया। इसके बाद निवेशकों ने लालपुर थाना में कांड संख्या 220/2016 दर्ज करवाया था। इसे सीबीआई ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की। सीबीआई ने इस संबंध में कांड संख्या 16/2017 दर्ज की है। इस मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

## वीरेंद्र राम के पिता की अग्रिम बेल पर HC में हुई सुनवाई

**RANCHI :** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी के कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। गेंदा राम की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने बहस की। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) के विशेष कोर्ट अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। बता दें कि ईडी ने इसी वर्ष 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।



## पूर्व अभियंता प्रमुख रासबिहारी व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को HC ने फिर से नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**RANCHI :** निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने पूर्व अभियंता प्रमुख रासबिहारी सिंह तथा निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी 2024 को होगी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को बताया गया कि अदालत द्वारा इन्हें जारी नोटिस नहीं मिला है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वीरेंद्र राम के मामले में ईडी जांच कर रही है, अब तक उसकी 39 128 करोड रुपए की संपत्ति अटैच कर ली है, लेकिन रासबिहारी सिंह का मामला वर्ष 2017 से ही एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के पास जांच के लिए लंबित है। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था की जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर 2019 में करीब ढाई करोड़ पर बरामद हुए थे। यह राशि वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन की थी। लेकिन यह किसका है यह विजिलेंस टीम को पता नहीं चल पाया था। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गए और न ही कोई कार्रवाई नहीं की गई। सुरेश प्रसाद ने एसीबी को बरामद राशि के बारे में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी और कहा था कि यह किसका है पता नहीं। उनकी ओर से कहा गया कि इतनी बड़ी राशि बरामद हुई थी, इस संबंध में आयकर विभाग को भी सूचित करना चाहिए था लेकिन इस मामले में एसीबी ने आगे की किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के आवास से बरामद करीब ढाई करोड़ रुपए मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की है। दरअसल, नवंबर 2019 को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जमशेदपुर में बड़ी कार्रवाई की थी। एसीबी के तत्कालीन डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में मानगो स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा के घर में छापेमारी की गई थी। इस दौरान जूनियर इंजीनियर के घर से दो करोड़ 44 लाख रुपए बरामद हुए थे। एसीबी की टीम ने सुरेश प्रसाद को 10 हजार रिश्वत लेते मानगो चौक से गिरफ्तार किया था।

## बाबूलाल ने राज्यपाल को लिखी चिट्ठी कहा- राज्य में लगाएं राष्ट्रपति शासन

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को लिखे पत्र में कहा कि झारखंड राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार की जांच कर रही जांच एजेंसियों के अनुरोध के प्रति राज्य सरकार और उसके अधिकारी उदासीन हो गए हैं। ऐसे में सरकार से पूछा जाना चाहिए कि इस तरह के गैर-अनुपालन को संवैधानिक मशीनरी की विफलता या खराबी के रूप में क्यों नहीं माना जाए। यदि राज्य सरकार के स्तर से ऐसा असहयोग जारी रहता है तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा की जाए। उन्होंने कहा कि जांच



एजेंसियां वर्ष 2022 से मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के कार्यालय को पत्र लिख रही हैं। उनसे कार्रवाई करने का अनुरोध कर रही हैं लेकिन राज्य सरकार इस पर मूकदर्शक और पूर्ण निष्क्रिय ही रही है। कई मामलों में कई अनुरोध भेजे गए हैं। कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न ही कोई उत्तर दिया गया है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के कार्यालय में भ्रष्टाचार के मामलों में उच्च सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अनुरोध को छोड़कर ऐसे दस से अधिक मामले लंबित हैं। जांच एजेंसियों को न तो कोई जवाब दिया गया है और न ही कोई कार्रवाई की गई है। खासकर उन मामलों में जहां एजेंसियों द्वारा अनुरोध के साथ अनेक सबूत उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव के साथ मुख्यमंत्री को भी लिखा था लेकिन दोनों में से किसी की ओर से अबतक कोई जवाब नहीं मिला।

## अब 16 को मुख्य सचिव चार साल से लंबित कांडों की करेंगे समीक्षा

**RANCHI :** झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 16 अक्टूबर को चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। इसको लेकर डीजीपी ऑफिस से सभी जोनल आईजी व रेंज के डीआईजी को पत्र लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि 10 अक्टूबर को निर्धारित समीक्षा बैठक किसी कारण टल गई। अब यह समीक्षा बैठक 16 अक्टूबर को दिन के 11 बजे होगी। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। इससे पहले बीते पांच अक्टूबर को एडीजी अभियान ने जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा की थी। लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है।

## ए-हेल्प प्रोग्राम से झारखंड के गांवों में आर्थिक स्वावलंबन लाने में मदद मिलेगी : पत्रलेख

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्र ने भरोसा जताया है कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर शुरू किए गये ए-हेल्प प्रोग्राम के जरिये झारखंड के गांवों में आर्थिक स्वावलंबन लाने में मदद मिलेगी। जिन 2000 पशु सखियों को इस प्रोग्राम के माध्यम से 16 दिनों तक स्पेशल ट्रेनिंग मिलेगी, वे गांवों में पशु स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन, पशुओं के टीकाकरण और दूसरे कार्यक्रमों में बड़ा रोल और प्रभावी तरीके से अदा कर सकेंगी। महिला सशक्तीकरण का भी आदर्श उदाहरण बनेंगी। मंत्री ने पशुपालन विभाग की ओर से हेसाग स्थित कार्यालय में मंगलवार को आयोजित ए-हेल्प कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



बादल ने खुशी जताते कहा कि ए-हेल्प प्रोग्राम के लिए केंद्र की ओर से देश के 7 राज्यों को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चुना गया है, जिसमें से एक झारखंड भी है। मध्य प्रदेश के बाद झारखंड में इस प्रोग्राम की लॉन्चिंग हुई है। राज्य में इस काम में एनडीडीबी जैसी संस्था का भी सहयोग मिलेगा। पूर्व में राज्य में 80 हजार लीटर दूध प्रतिदिन प्रोडक्ट होता था, अब एनडीडीबी के सहयोग से यह 2.50 लाख लीटर हो चुका है। बादल ने कहा कि आने वाले दिनों में पलामू की तरह जमशेदपुर, गिरिडीह में भी मिल्क प्लांट लगाया जायेगा। 42 हजार लाभुकों को राज्य में सीएम पशुधन योजना का लाभ दिया जा चुका है। पशुओं के बीमा के लिए दूसरे राज्यों में लागू प्रावधानों का अध्ययन करते जल्द ही इस राज्य के सभी पशुपालकों को लाभ दिया जायेगा।

## वैश्विक स्तर पर झारखंड को एक अलग पहचान दिलाना, भारत में नंबर वन राज्य बनाना कार्यक्रम का उद्देश्य

# रांची में झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम समिट कल से शुरू

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम समिट 11 से 13 अक्टूबर तक रांची के पुराने विधानसभा में आयोजित होगा। यह तीन दिवसीय समिट का थीम वैश्विक स्तर पर झारखंड को एक अलग पहचान दिलाना, भारत में नंबर वन राज्य बनाना, कौशल निर्माण, युवाओं को सशक्त बनाना, क्रिएटिंग फ्यूचर है। ये बातें मंगलवार को फोरम के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहीं।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम नामक संस्थान की ओर से किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड को




प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते फोरम के अध्यक्ष प्रेम कुमार।

भारत का नंबर वन राज्य बनाना, वैश्विक स्तर पर हमारे झारखंड के आत्मविश्वास को बढ़ाना, युवाओं का झारखंड कला,खेल, तकनीकी, साहित्य एवं उद्यम, नए झारखंड के निमार्ता को नमन, युवा शक्ति, युवा संवाद, हमारा स्वर्णिम भविष्य, मेरे राज्य का प्रवासी झारखंडवासी, मेरी विरासत मेरा जीवन जैसे बिंदुओं पर चर्चा और विचार-विमर्श होगा।

उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन, लंबे संघर्ष, हजारों लाखों लोगों के त्याग, समर्पण, बलिदान और उनके शहादत के बाद 15 नवंबर, 2000 को भारत के भूखंड पर झारखंड बिहार से अलग होकर एक राज्य के तौर पर स्थापित हुआ। यह झारखंड राज्य अगले कुछ ही दिनों में 23 वर्ष का हो जाएगा यानी हमारा यह प्रदेश पूरे तरीके से युवा झारखंड बन जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस युवा झारखंड में हमारा यह दायित्व बनता है कि युवा झारखंड के आत्मविश्वास, युवा शक्ति, हमारा स्वर्णिम भविष्य, खेल, कला तकनीकी, उद्योग और झारखंड को भारत के भूखंड पर नंबर वन राज्य बनाना है। इस विषय पर राज्य के सभी राजनीतिक पार्टियों सामाजिक संगठनों को युवाओं को पत्रकारों को साहित्यकारों को एक मंच पर लाकर चर्चा करे। यह झारखंड इंटेलेक्चुअल समिट इसी का एक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, विधायक लॉबिन हेम्ब्रम, रांची विधायक सीपी सिंह, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, वीसी सरला बिरला यूनिवर्सिटी गोपाल पाठक, यूपीएससी चेयरमैन मैरी नीलिमा केरकेट्टा, आईएएस मुकेश कुमार, जनरल एडवोकेट अशोक कुमार, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद और कई मंत्री उपस्थित रहेंगे।

## हेमंत सोरेन को रावण दहन कार्यक्रम में किया गया आमंत्रित

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पंजाबी हिंदू बिरादरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 24 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान आतिशबाजी के साथ स्थानीय लोक कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। प्रतिनिधिमंडल में पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा, अरुण चावला, रंदीप आनंद, सचिव कुणाल अजमानी शामिल थे।

## अमन साहू को चाईबासा से पलामू जेल किया जाएगा शिफ्ट

**CRIME REPORTER RANCHI :** चाईबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को पलामू जेल शिफ्ट किया जायेगा। इसको लेकर आदेश जारी कर दी गयी है। दरअसल पुलिस संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी कड़ी में हर तीन से चार महीने में अमन साव को दूसरे जेल में शिफ्ट किया जाना है। इसलिए अमन साव को चाईबासा जेल से पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। इससे पहले बीते 20 अगस्त को अमन साहू को दुमका जेल से चाईबासा जेल शिफ्ट किया गया था। बता दें कि कोयला कारोबारी संगठित आपराधिक गिरोहों के निशाने पर हैं। राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार सहित अन्य जिलों के कोयला कारोबारियों को लगातार धमकियां मिल रही है। इससे सभी दहशत में हैं। अगर कोयला कारोबारी धमकी को नजरअंदाज कर रहे हैं तो उनपर गोलियां चल रही है। डीजीपी के आदेश के बाद एटीएस और सीआईडी संयुक्त रूप से अमन साहू गिरोह पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। अमन साव और उसके गैंग की गतिविधियों की समीक्षा के बाद पाया गया कि अमन साव ने गिरिडीह के एक व्यक्ति के पते पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल किया। उस सिम कार्ड का इस्तेमाल दुमका जेल से किया जा रहा था।

BRIEF NEWS

## छात्र को शिक्षक ने गंभीर रूप पीटा, हथेली में आई गहरी चोट

**ROURKELA :** एक निजी स्कूल के छात्र को शिक्षक ने गंभीर रूप पिटे। छात्र के दाहिने हाथ की हथेली में गहरी चोट लगी है। उन्हें बसंती कॉलोनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल छात्र के माता-पिता की शिकायत के बाद शिक्षक को स्कूल से बर्खास्त कर मामला सुलझा लिया गया है। छात्र के माता-पिता ने थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी है।स्कूल प्रशासन ने कहा, मामला सुलझा लिया गया है और संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## इब नदी से पकड़ी गयी मां और बेटी को पुलिस ने उनके परिवार वालों को सौंपा



**ROURKELA :** शुक्रवार को सुंदरगढ़ राजमार्ग से बचाई गई दो महिलाओं, मां और बेटी को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। परिवारों द्वारा उन्हें ले जाने की इच्छा व्यक्त करने के बाद सुंदरगढ़ पुलिस और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने कदम उठाया है। कल, सुंदरगढ़ टाउन थाना सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम महिला की बहन और छोटी बेटी को छत्तीसगढ़ के खारीभाल गांव से लाई और उनका बयान दर्ज किए। देर शाम महिला का भाई भी आकर पहुंच गया। उन सभी ने दोनों मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाओं, मां और बेटी को घर ले जाने का फैसला किया। पुलिस की ओर से उसे भेजने के लिए गाड़ी की व्यवस्था की । टाउन थाना अधिकारी की मौजूदगी में आस्था गृह समदिका ने मां-बेटी को परिजनों को सौंप दिया।

## मंगला किशान से अस्पताल में मिले मंत्री व सांसद



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ के बीजेडी वरिष्ठ नेता, पूर्बातन राजगांगपुर विधायक एवं ओडिशा के पूर्वतन मंत्री मंगला किशान अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए सुपर स्पेशल अस्पताल में इलाज करा रहे थे। उनसे से सखायत करने पूर्बातन केंद्रीय मंत्री एवं सुंदरगढ़ सांसद जोएल ओरम और बीजेपी के वरिष्ठ नेता धीरेन सेनापति अस्पताल गए। उनसे मुलाकात कर उनकी सुध ली और जल्द ठीक होने के लिए भगवान से प्रार्थना की।

## हेमगी के ब्लॉक परिसर में हुआ संयुक्त जन सुनवाई का आयोजन



**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिला प्रशासन द्वारा आज हेमगिर ब्लॉक परिसर में संयुक्त जन शिकायत सुनवाई आयोजित की गई है। अपर जिलाधिकारी श्री रवि नारायण साहू एवं सुरक्षा अधीक्षक श्री प्रत्युष दिबाकर ने उपस्थित होकर लोगों की शिकायतें सुनीं। आज कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 42 व्यक्तिगत शिकायतें थीं जबकि 57 सांप्रदायिक समस्याएं थीं। इनमें से 15 शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया, जिनमें 3 मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता के आवेदन भी शामिल हैं। आज की शिकायत सुनवाई मुख्य रूप से पेयजल समस्या, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, मधु बाबू पेंशन योजना आदि से संबंधित थी। संयुक्त लोक शिकायत सुनवाई में एकीकृत आदिवासी विकास एजेंसी के परियोजना प्रशासक श्री समेंद्र सेठी, हेमगी के समूह विकास अधिकारी श्री जगदीश महानंद और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अग्र परियोजना केंद्र रेशम परिसर में प्लेटिनम जयंती वर्ष समारोह के तहत कृषि मेला का आयोजन

# तसर उत्पादन में सारंडा को देश भर में अग्रणी बनाने के लिए उत्पादकों व वैज्ञानिकों का प्रयास सराहनीय : मंत्री

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** अग्र परियोजना केंद्र रेशम परिसर में केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची के तत्वाधान पर केंद्रीय रेशम बोर्ड का प्लेटिनम जयंती वर्ष समारोह तहत तसर रेशम कृषि मेला-2023 का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में महिला बाल-विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी और विशिष्ट अतिथि सांसद गीता कोड़ा, उपायुक्त अनन्य मित्तल शामिल हुए। अतिथियों के हाथों विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

इसके पूर्व मौजूद अतिथियों द्वारा अग्र परियोजना केंद्र में मौजूद कोकून बैंक कक्ष का अवलोकन कर संचालित गतिविधियों की जानकारी ली. तत्पश्चात पर्यावरण संरक्षण एवं रेशम कीट पालन में सहयोगी वृक्ष का रोपण किया गया। समारोह स्थल आगमन पर सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ व शॉल, मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। बताया गया कि पूरे देश में रेशम के उत्पादन में 70% हिस्सेदारी झारखंड से है तथा राज्य में रेशम का 40% उत्पादन कोल्हान-सारंडा क्षेत्र से होती है। समारोह में 6 तसर किसान सहित उत्पादन को बढ़ाने में विशेष सहयोग करने वाले तसर वैज्ञानिकों को प्रशस्ति पत्र/मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री जोबा माझी ने तसर उत्पादन में सारंडा क्षेत्र को देश भर में अग्रणी बनाने के लिए जिले के तसर उत्पादकों व वैज्ञानिकों/विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के द्वारा नित्य नए शोधकर उन्हें किसानों से अवगत करवाया जाता है तथा किसान भाइयों एवं बहनों के द्वारा कड़ी मेहनत और विधिवत देखभाल के साथ कोकुन का उत्पादन किया जाता है। इस क्षेत्र के कोकुन की क्वालिटी भी उत्कृष्ट है।

मौके पर सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी, बुनियादी तसर रेशम कीट बीज संगठन केंद्रीय रेशम बोर्ड बिलासपुर-छत्तीसगढ़ के निदेशक डॉ. टी सेल्वकुमार, केंद्रीय तसर अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय-भारत सरकार, रांची के निदेशक डॉ. एनबी चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।



दीप जलाकर मेले का उद्घाटन करतीं मंत्री जोबा मांझी। ● फोटोन न्यूज

### तसर की खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन करने में भी काफी उपयोगी : सांसद गीता कोड़ा

सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि समारोह के पृष्ठभूमि में एक स्लोगन लिखा है, आदिवासियों की आस, तसर से विकास। यह लाइन अपनी सार्थकता को साबित करता है। क्योंकि तसर का उत्पादन सबसे अधिक जंगल क्षेत्र में ही होता है। उन्होंने कहा कि समारोह में बार-बार जिक्र किया जा रहा है कि चाईबासा अंतर्गत तसर का सबसे अधिक उत्पादन सारंडा के क्षेत्र में होता है। यह जान कर काफी गौरवान्वित महसूस होता है कि मेरी जन्मस्थली भी सारंडा क्षेत्र ही है। उन्होंने कहा कि तसर की खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन करने में भी काफी उपयोगी है।

### तसर उत्पादन को रोजगारपरक बनाने के लिए जिला प्रशासन विभाग के साथ लगातार प्रयासरत : उपायुक्त

समारोह को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि तसर रेशम कृषि मेला में शामिल होकर आप सभी ने तसर उत्पादन में वृद्धि लाने हेतु हो रहे नित्य नए प्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि तसर उत्पादक स्वयं के रोजगार सृजन को बढ़ाते हुए लाइवलीहुड के कार्यों में भी बेहतर योगदान दे रहे हैं। उपायुक्त के द्वारा कोकुन उत्पादन में संलग्न किसानों से अपील किया गया कि आप सभी अच्छे क्वालिटी के बीज अग्र परियोजना केंद्र को अवश्य उपलब्ध करवायें, ताकि अन्य तसर उत्पादकों को परियोजना के माध्यम से बेहतर बीज उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि तसर उत्पादन को रोजगारपरक बनाने के लिए जिला प्रशासन विभाग के साथ लगातार प्रयासरत है। जिले में तथा आसपास के क्षेत्र में संचालित केंद्रों को लाइवलीहुड का एक अभिन्न केंद्र बनाते हुए सभी के सार्थक सहयोग से इसे आगे बढ़ाने का कार्य किया जाना है।

## पश्चिम ओडिशा सांस्कृतिक परिषद की ओर से सिविक सेंटर में 'नुमुनखाई वेटघाट' उत्सव आयोजित

**PHOTON NEWS ROURKELA :** पिछले वर्षों की तरह, पश्चिम ओडिशा सांस्कृतिक परिषद ने इस वर्ष अनुकुली के स्थानीय सिभीक सेंटर में गणप्रब नुआखाई भेटघाट मनाया है। सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक संबलपुरी नृत्य गीत और विभिन्न सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रमों से माहौल गुलजार रहा। सुबह के सत्र की शुरूआत गजेंद्र मेहर द्वारा मां समलेश्वरी की पूजा से हुई। मुख्य अतिथि रघुनाथपल्ली विधायक श्री सुब्रत तराई और मुख्य वक्ता लोक कवि पद्मश्री हलधर नाग की उपस्थिति में प्रदीप प्रज्जबलन कर कार्यक्रम शुभ आरंभ किया गया।

मुख्य अतिथि श्री तराई नुआंखाई पर्व को समर्पण और भाईचारे का त्योहार बताया। नाग ने अपने भाषण में कहा कि नुआंखाई पश्चिम ओडिशा का एक अनोखा त्योहार है हर किसी को अतीत की सभी मनमोटाओकों को भुला देना नुआखाई त्योहार की खासियत है । पूजा के दिन सभी को एक साथ इकट्ठा होने का आनंद स्वर्ग में दुर्लभ है।

शाम के सत्र में ओडिशा सरकार के श्रम और ईएसआई मंत्री श्री सारदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि थे और राउरकेला और बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक श्री अतनु भौमिक सम्मानित अतिथि थे और उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योगमा समलेश्वरी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री नायक ने अपने भाषण में कहा कि मेरा जन्म पूर्वी ओडिशा में हुआ, लेकिन मैं बड़ा हुआ राउरकेला में और पढ़ाई संबलपुर में हुई। मैं पश्चिम ओडिशा की भूमि की समृद्धि और लोगों के जीवन जीने के तरीके से बहुत प्रभावित हूं पश्चिम ओडिशा में गणपर्ब नुआंखाई भाईचारे और समृद्धि का प्रतीक है अपने भाषण में, श्री अतनु भौमिक ने नुमानखाई के अपने अनुभव को साझा किया और कहा कि नुआखाई केवल खरीदारी का त्योहार नहीं है, यह प्रकृति और मानव समाज के बीच एक संबंध स्थापित करता है। नुआंखाई के अवसर पर हम अपनी अगली पीढ़ी को समाज को आगे बढ़ाने की नई प्रेरणा दे सकते हैं।




कार्यक्रम में शामिल अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

## नक्सलियों के गढ़ में कुपोषण पर प्रहार करने वाली गीता पुरती को भारत सरकार ने किया सम्मानित

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला के घोर नक्सल प्रभावित टोंटो प्रखंड के रेंगड़ाहातु आंगनबाड़ी की सेविका गीता पुरती को कुपोषित बच्चों को बेहतर इलाज के लिए कुपोषण उपचार केन्द्र चाईबासा में भर्ती कराने के उत्कृष्ट कार्य के लिए मंगलवार को नई दिल्ली विज्ञान भवन में महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार स्मृति जुबिन इरानी ने सम्मानित किया। टोटो प्रखंड अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आता है। उसमें रेंगड़ाहातु पंचायत नक्सलियों का गढ़ माना जाता है। जहां न आने जाने की सुविधा है और ना कोई नेटवर्क की। इसके बावजूद आंगनबाड़ी सेविका गीता पुरती ने जनवरी से जून माह तक अति गंभीर कुपोषण के शिकार 20 बच्चों को बिहड क्षेत्र से लाकर चाईबासा कुपोषण उपचार केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराई। उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए ही भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित की है। 2023 जनवरी से अगस्त टोन्टो प्रखंड से 129 बच्चों को चाईबासा एमटीसी केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जिला में 0 से 5 वर्ष के 12.9 प्रतिशत बच्चे अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित है। जनवरी से अगस्त तक जिला के 1113 अति गंभीर कुपोषित बच्चों को बेहतर इलाज के लिए कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कराया गया।

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी से सेविका गीता पुरती को कुपोषण निवरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया यह पश्चिमी सिंहभूम जिला व जिला प्रशासन के लिए यह गर्व की बात है। सुदुरवर्ती क्षेत्र होने के बावजूद रेंगड़ाहातु की सेविका गीता पुरती ने अति गंभीर कुपोषित बच्चों को एमटीसी चाईबासा में लाकर भर्ती करायी। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से बधाई देते हैं। भविष्य में भी अपने कार्य को और बेहतर करें इसके लिए शुभकामना देते हैं। वहीं अन्य लोगों को भी इससे बहुत प्रेरणा मिलेगा और वह बेहतर कार्य कर सकेंगे।



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से सम्मान ग्रहण करतीं गीता। ● फोटोन न्यूज

## स्पोर्ट्स शोरूम में लगी आग, कर्मचारियों ने मेहनत से पाया काबू, बड़ी तबाही से बचा



। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** उदितनगर के द्वारकापुरी होटल के पास एक स्पोर्ट्स शोरूम में आज दोपहर आग लग गयी। आग लगने से कुछ सामान और कपड़े जल गए। अग्निसमन कर्मचारियों के पहुंचने से पहले ही कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका किया जा रहा है। शोरूम के कर्मचारियों और स्थानीय दुकानदारों के प्रयास से बड़ी तबाही से बच गए। दोपहर करीब दो बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से शोरूम में आग लग गई। कर्मचारियों ने शोरूम से बिजली सप्लाई काट दी। अग्निशमन विभाग को सूचना दी। देर से दमकल कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचने से दुकानदारों और स्थानीय लोगों में असंतोष फैल गया।

## रात को भी मिलेगा आहार केंद्र में 5 रुपए में भोजन



**ROURKELA :** राज्य सरकार के आहार केंद्र योजना में 5 रुपए में भर पेट भोजन की पूरे राज्य में दिन में एक बार की व्यवस्था किया गया है। इसी क्रम में आज राउरकेला सरकारी अस्पताल और इस्पात जनरल अस्पताल के परिसर में स्थित दो आहार केंद्र दिन में दो बार भोजन के लिए खुले रहेंगे। और अभी इससे मरीजों और उनके रिश्तेदारों को मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन का आनंद रात को भी मिल सकेगा।

## महाराजा अग्रसेन सेवा संघ द्वारा भगवान अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**PHOTON NEWS ROURKELA :** महाराजा अग्रसेन सेवा संघ द्वारा आयोजित भगवान अग्रसेन जयंती के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा द्वारा महाराजा अग्रसेन पैलेस में शाम 3:00 बजे से आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि राजस्थान परिषद के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार अग्रवाल (संतु) के कर कामलों द्वारा किया गया। सभी कार्यक्रमों का संचालन जागृति शाखा की अध्यक्षता श्रीमती बरखा जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में 200 से ज्यादा महिलाओं एवं बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता- जैसे की बाउंसिंग द बॉल, ट्रेजर हंट खईके पान बनारस वाला, 1 मिनट गेम, रेट्रो कपल डांस, सजना है अपनी सजनी को, एवं साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। आज के सारे कार्यक्रम को सफल बनाने में अनामिका मित्तल, शारदा अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, अनु मारोठिया, नैना अग्रवाल, मृदुला मारोठिया, जज के रूप में उषा अग्रवाल, वंदना टिंबरेवाल, अंकित अजमेर, एवं गणेश सर का सहयोग प्राप्त हुआ।

सभी विजेताओं को संस्था के कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष केदारनाथ खेड़िया, कोषाध्यक्ष हरि ओम बंसल, पूर्व अध्यक्ष ब्रजमोहन अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश केजरीवाल, ट्रस्टी पूरणमल अग्रवाल, बब्बल गोयल ने मोमेंटो प्रदान किया। अल्पाहार की व्यवस्था प्रदीप मोदी की देखरेख में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित अग्रसेन सेवा संघ के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

### महिला कॉलेज में कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय स्तरीय कबड्डी का हुआ आयोजन

## घाटशिला को हराकर GRADUATE SCHOOL COLLEGE FOR WOMEN की टीम बनी विजेता

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय स्तरीय कबड्डी खेल का आयोजन महिला कॉलेज में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएसडब्ल्यू कोल्हान विश्वविद्यालय डॉ एससी दाश, विशिष्ट अतिथि डॉ एमए खान कुलानुशासक कोल्हान विश्वविद्यालय, समन्वयक वोकेशनल प्रकोष्ठ डॉ संजीव आनंद, पूर्व डीन कोल्हान विश्वविद्यालय डॉ लोकनाथ तथा डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. एएल मिश्रा उपस्थित रहे। महिला कॉलेज के प्राचार्या ने अपने स्वागत भाषण में खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डॉ एससी दाश ने कहा कि खेल छात्र छात्राओं के जीवन का महत्वपूर्ण पक्ष है और इससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। महिला कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ राजीव लोचन नामता ने इस खेल के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। खेल में ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर विमेन जमशेदपुर 19 अंक के साथ विजेता एवं 17 अंक के साथ घाटशिला कॉलेज घाटशिला को उपविजेता

घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्तीय सलाहकार डॉ रमेश कुमार वर्मा, खेल प्रभारी डॉ मन्मथ नारायण सिंह, घाटशिला कॉलेज घाटशिला के प्राचार्य डॉ एके चौधरी, जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज के प्राचार्य संजीव कुमार, डॉ मुरारी लाल वैद्य, डॉ सुचिता बाड़ा, प्रो मनीषा, प्रो. नम्रता, प्रो.धनंजय, प्रो. सीतेंद्र रंजन उपस्थित रहे।

मंच संचालन डॉ अर्पित सुमन, मोबारक करीम हाशमी, प्रो बबीता कुमारी, प्रो प्रीति देवगम ने सफलतापूर्वक की। साथ में डॉ अंजना, डॉ. प्रशांत खरे, डॉ मीरा, प्रो सोनामनी, मिथिलेश सिंह, दिव्या शर्मा, लक्ष्मी, गीता, स्मिता इत्यादि उपस्थित रहे।




ट्रॉफी के साथ विजेता टीम व अन्य। ● फोटोन न्यूज

## साइबर धोखाधड़ी से बचने के किया गया लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिला पुलिस की ओर से आज बालीशंकरा ब्लॉक के सरकारी हाई स्कूल परिसर में तलसरा थाना अधिकारी पुष्पेंधु सागर के नेतृत्व में स्कूली छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिले के एडिशनल एसपी पीके दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और नारियल तोड़कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सम्मानित रूप से जिला साइबर पुलिस अधिकारी पीके साहू, स्कूल प्राचार्य बेली सजदा खलखो, तलसरा एसआई सुप्रभा सुधाधिनी बेहरा, केशव चंद्र मिश्रा मेजर उपस्थित हुए और साइबर धोखाधड़ी का शिकार कैसे न बनें, इस मुद्दे पर प्रकाश डाला।

एनवाई पुलिस की ओर से साइबर जालसाज ऐसा क्यों करते हैं, इस पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। रथ की अगुवाई छात्रों ने बड़े सम्मान के साथ की। इसी तरह किंजिरकेला थाना की ओर से थाना प्रभारी अजय कुमार जेना के नेतृत्व में जागरूकता अभियान का गांव के महिला-पुरुषों ने संकीर्तन के माध्यम से स्वागत किया। बाद में किन्जिरकेला कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



सुंदरगढ़ जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीके दास ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और नारियल फोड़े। +3 कॉलेज के चेयरमैन गरुचरण मिश्रा, +2 कॉलेज के चेयरमैन दिलीप कुमार नाइक, उप-प्रिंसिपल नीलावती दास, पुलिस स्टेशन एसआई प्रदुश आशुतोष प्रधान, स्थानीय सरपंच बेनेदिका तपनो, बनिसन नायक, अश्कमणि मेहर, प्रसन्ना टप्पो मेजर ने भाग लिया और छात्रों और जनता को जानकारी दी।

### लालू प्रसाद यादव अबतक चुप, मगर मांझी ने राजद विधायक को दे दी सीख

# बोले: छोटे दिमाग वाले ऐसी ओछी बात कहते हैं

पटना। ओछी और छिछली बात कहने वाले छोटे दिमाग के लोग होते हैं। और वैसे भी नीतीश सरकार में पदाधिकारी पूरी तरह बेलगाम हैं। यह बातें बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने गया में कही। जीतनराम मांझी ने कहा कि जब हम सरकार में नीतीश कुमार के साथ में थे तो वह कहा करते थे कि यहां पदाधिकारी मंत्री, विधायक की बातों को नहीं सुनते हैं सिर्फ आपकी बातों को सुनते हैं। यही कारण है सभी अधिकारी भ्रष्टाचारी और घूसखोर हो गये हैं। अब लोग असहाय महसूस कर रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी के मुंह पर थूक दो, जूता का माला पहना दो। जनमानस के साथ अनशन, आंदोलन आदि होनी चाहिए। पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह का दिमागी स्थिति ठीक नहीं है। सुधाकर सिंह ने कैमूर में किसान सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर आप लोग आंदोलन के दौरान अधिकारियों पर लाठी बरसाते हैं और उसका सर फट जाएगा तो आप पर 302 और 307 लग जाएगा, लेकिन 100 लोग मिलकर कलेक्टर के मुंह पर थूक देंगे तो कलेक्टर 100 लोगों पर क्या दफा लगाएगा? फूलों की माला की जगह अधिकारियों को फटे हुए जूते और चप्पलों की माला पहनाइए। अगर कोई अधिकारी बाजार में सब्जी लेने आता है तो उसे अंगूठा दिखाइए। इन सब चीजों से आप लोग के ऊपर किसी भी तरह का कोई धारा नहीं लगेगा। बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जनतंत्र में अलोकतांत्रिक व्यवहार नहीं होना चाहिए। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना अधिकार है। महात्मा गांधी ने भी लोकतांत्रिक तरीके से देश को आजादी दिलाई थी। उस वक्त किसी के मुंह पर थूकने की बात नहीं आई थी। कई क्रांतियां हुई। यह ओछी और छिछली बात है, इसका उच्चारण करने वाले छोटे दिमाग के लोग हैं। जीतनराम मांझी ने कहा कि मुझे भी मालूम है कि पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के राज्य में जब हम साथ में थे तो कहा करते थे कि यहाँ पदाधिकारी मंत्री,विधायक की बातों को नहीं सुनते हैं सिर्फ आपकी बातों को सुनाते हैं। यही कारण है सभी भ्रष्टाचारी और घूसखोर है। अब लोग असहाय महसूस कर रहे है। लेकिन इसका मतलब यह नही है की किसी के मुंह पर थूंक दो, जूता का माला पहना दो। जनमानस के साथ अनशन, आंदोलन आदि होनी चाहिए। पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह का दिमागी स्थिति ठीक नहीं है। जाति जनगणना पर उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की शैक्षणिक स्थिति 80% है। एससी जाति में 28 से 30 प्रतिशत लोग ही शिक्षित हैं। मांझी ने कहा कि गरीबों की जनसंख्या को कम आंका गया है। उन्होंने कहा कि रउ में पहले भी 3% ही प्रतिशत था और आज भी 3 प्रतिशत ही है? एससी जाति में दुगुना या तीनगुना बढ़ोतरी होनी चाहिए थी। वह समझते हैं कि अभी भाजपा से मुसलमान डर रहे हैं और मेरे साथ चल रहे हैं, तो तुष्टिकरण के लिए उन्होंने मुसलमानों के साथ बैठक बुलाई है।



## संक्षिप्त डायरी

### फर्जी बिजली अधिकारी बनकर कर रहे थे उगाही, दो गिरफ्तार



पटना। एक अन्य मामले में राजधानी पटना में फर्जी बिजली अधिकारी बनकर मीटर जांच करने के नाम पर पैसों की मांग करने वाले दो जालसाजों को राजीव नगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की पहचान मो. शमीम सिद्दीकी और मो. शब्बीर आलम के रूप में हुई है। कनीय विद्युत अभियंता पाटलिपुत्र कालोनी अजय कुमार को सोमवार की देर शाम सूचना मिली कि राजीव नगर रोड नंबर एक के पास कुछ लोगों द्वारा बिजली अधिकारी बनकर पैसे की मांग की जा रह है। उन्होंने एक टीम का गठन किया और उन्हें मौके पर भेजा। जब टीम मौके पर पहुंची तो पाया गया कि दोनों आरोपित उपभोक्ता से मीटर जांच के नाम पर पैसे की मांग कर रहे थे। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर थाने में पूछताछ की गई।

### हाईवे पर टेलर और ऑटो की जबरदस्त टक्करः छात्रा की मौत, चार घायल



बाराचट्टी। दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर गया जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत काहुदाग के निकट टेलर तथा ऑटो वाहन में जोरदार टक्कर सोमवार के सुबह होने से एक छात्रा की मौत हो गई। ऑटो पर बैठे सभी छात्र-छात्रा और दो अन्य लोग बाराचट्टी के गजरागढ बाजार जा रहे थे।बच्चे कोचिंग सेंटर पर पढाई करने जा रहे थे। थाना क्षेत्र के सोमिया गांव के ओरंगी उर्फ तन्नू यादव की पुत्री पूनम कुमारी 13 वर्ष की मौत मौके पर हो गई। पूनम नौवीं क्लास मे पढ़ती थी। इसके अलावा, ऑटो वाहन पर सवार 14 वर्षीय अरविंद कुमार को केवल पैर में गंभीर चोट आई है, स्थिति काफी गंभीर थी। वहीं, कुबबा बिहारीपुर के 30 वर्षीय रामदेव ठाकुर, मनवाझोर के 10 वर्षीय अजीत कुमार और 45 वर्षीय रामचंद्र ठाकुर घायल हुए हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया रेफर किया गया है। पूजा की मौत होने की खबर सुनकर सोमिया गांव से काफी संख्या में ग्रामीण एवं स्वजन सीएचसी बाराचट्टी पहुंच गए। पूजा की मां का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह आज भी उक्त बच्चे कोचिंग में पढाई करने बाराचट्टी जा रहे थे। जीटी रोड के बांए लेन से ऑटो को चलाते हुए चालक एक तरफ से जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार से एक ट्रक ऑटो के साइड लेकर गुजरा। जीटी रोड पर जमे धूल उड़ने की वजह से ऑटो नजर नहीं आ रहा था। तभी पीछे से टेलर वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद घटनास्थल से टेलर भाग निकला, लेकिन पुलिस ने सूर्य मंडल चेक पोस्ट पर पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि की है।

### पुलिस को लावारिस हालत में मिली महिला, 'आश्रय गृह' में नहीं मिला दाखिला



पटना। लावारिस हालत में मिली महिला को आश्रय दिलाने के लिए मुंगेर जिले की पुलिस सोमवार की सुबह से रात तक राजवंशी नगर स्थित समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 'आश्रय गृह' के बाहर खड़ी रह गई, लेकिन दाखिला नहीं लिया गया।वहां के पदाधिकारी बेड खाली नहीं होने का हवाला देते रहे। इसके बाद रात साढ़े आठ बजे मुंगेर पुलिस की टीम शास्त्री नगर थाने पहुंची और अगले आदेश के इंतजार में महिला को वहीं सुरक्षित रखा गया। दरअसल, मुंगेर जिले के कोतवाली थाने की पुलिस ने रविवार को एक अधेड़ महिला को लावारिस हालत में बरामद किया था। वह अपना नाम और पता नहीं बता पा रही थी। वहां के एसडीओ के आदेश पर कोतवाली के दारोगा विजय मिश्रा के नेतृत्व में दो महिला सिपाही उसे साथ लेकर पटना के राजवंशी नगर स्थित आश्रय गृह में भर्ती कराने पहुंचे थे। सुबह से रात तक दोनों सिपाही और दारोगा आश्रय गृह के बाहर खड़े रहे, लेकिन लावारिस महिला का दाखिला नहीं मिला। ऐसे में पूरी रात महिला को पुलिस की जीप में काटनी पड़ी। दारोगा का कहना है कि उन्हें यह भी नहीं बताया गया कि दूसरी किस जगह पर महिलाओं को रखने की व्यवस्था है। लाचार होकर वे स्थानीय थाने में गए।

## आशुतोष शाही हत्याकाण्ड के दो शूटर गिरफ्तार




मुजफ्फरपुर। पुलिस ने चर्चित प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही हत्याकाण्ड के आरोपित दो शूटरों को धर दबोचा है। पुलिस ने यह कार्रवाई एसटीएफ टीम के साथ मिलकर की है। गिरफ्तार शूटर उज्ज्वल और गोलू को पटना एसटीएफ पकड़ कर ले गई है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। 21 जुलाई की शाम नगर थाना क्षेत्र के मारवाड़ी हाई स्कूल चंदवारा के पास अपने वकील सैयद कासिम हुसैन उर्फ डॉलर के घर पर आशुतोष शाही पहुंचे थे। उसी वक्त घर पर चढ़ कर बदमाशों ने उन्हें गोली से छलनी कर दिया था, जिससे घटनास्थल पर ही आशुतोष शाही की मौत हो गई। इस घटना में घायल बॉडीगार्ड मो. निजामददीन और राहुल कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। ये दोनों उत्तर प्रदेश मउ जिले के मधुबन थाना अंतर्गत जवाहीरपुर के रहने वाले थे। पुलिस का कहना है कि घटना का कारण जमीनी विवाद था। मृतक की पत्नी ने इस घटना में छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था, जिसमें गैंगस्टर मंटू शर्मा, शूटर गोविंद, ओंकार, प्रॉपर्टी डीलर विक्कू शुक्ला, पूर्व पार्षद शेरू अहम और अधिवक्ता कासिम हुसैन उर्फ डॉलर शामिल है। पुलिस ने इनमें से शुक्ला, शेरू अहमद और अधिवक्ता कासिम हुसैन उर्फ डॉलर को गिरफ्तार कर लिया था। डॉलर का पुलिस कस्टडी में इलाज कराया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आशुतोष शाही पर पूर्व महापौर समीर कुमार की हत्या का आरोप था। इनकी भी हत्या वहीं की गई है, जहां समीर कुमार की हुई थी। मारवाड़ी हाई स्कूल के नजदीक यह घटना हुई। आशुतोष शाही जमीन के कारोबार से जुड़े थे। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में नामांकन भी किया था, लेकिन नामांकन अवैध होने के कारण वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे।

### पीढ़ी के उद्धार के लिए 17 दिनों का पिंडदान कर रहे श्रद्धालु

## नारियल को माता का स्वरूप बनाया



गया। पितृपक्ष के महापर्व में पिंदानियों की अलग-अलग आस्था देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कूपगया वेदी पर कोलकाता से आए पिंडदानी विनोद अग्रवाल अपनी पत्नी सुनीता अग्रवाल के साथ 17 दिनों का त्रिपाक्षिक श्राद्ध कर रहे हैं। खासकर वह माता समेत 101 पीढ़ियों के उद्धार के लिए पिंडदान का कर्मकांड कर रहे हैं। कर्मकांड के लिए इन्होंने कोलकाता से ही एक नारियल को माता का स्वरुप बनाकर फूलों से सजी टोकरी में लेकर गयाजी धाम आए हैं। हर वेदी पर साथ लेकर चल रहे हैं। नारियल को श्रद्धालु ने काफी सुंदर ढंग से सजाया है। सिर पर मुकुट के साथ-साथ चेहरे का पूरा स्वरूप बनाया गया हैं। पिंडदानी विनोद ने बताया कि श्राद्ध के लिए आने से पहले नारियल को माता का स्वरूप दिया गया है।

इसके बाद उक्त नारियल को श्मशानघाट में जाकर परिक्रमा कर पितरों को निमंत्रण दिया गया कि वह उनके साथ गयाजी चले। उन्होंने बताया कि श्मशानघाट से सीधे गयाजी आए हैं। 17 दिनों तक अलग-अलग वेदी पर पिंडदान के कर्मकांड को पूरा करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि माता के स्वरूप में लाए गए नारियल का विसर्जन गया के अक्षयवट वेदी पर करेंगे। यहां अपने तीर्थ-पुरोहितों से सुफल के साथ ही शय्या दान करेंगे। इसके अलगे दिन गायत्री घाट पर नाना-नानी का श्राद्ध कर आर्चाय को विदाई देंगे। उन्होंने बताया कि नारियल में उनके समस्त पितरों को आमंत्रित किया गया है। इस वजह से पूरी आस्था के साथ इसे कोलकाता से लेकर गयाजी धाम आए हैं।

## दुर्गा पूजा में सुरक्षा रहेगी चाक-चौबंद



पटना। दुर्गा पूजा को देखते हुए विधि-व्यवस्था की बेहतरी के लिए इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। संवेदनशील इलाके की अभी से निगरानी शुरू कर दी गई है। अराजक तत्वों और अफवाह फैलाने वाले तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दुर्गा पूजा, मेला और विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान विधि-व्यवस्था की बेहतरी के लिए स्पेशल आर्म्ड फोर्स, बीएमपी, जिला पुलिस बल, गृह रक्षा वाहिनी, स्पेशल ब्रांच और जिला पुलिस बल को अलर्ट मोड में रखा गया है। एसएसपी आनंद कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को माहौल खराब करने, तनाव और अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। थानों के सेक्टर पदाधिकारी और गश्ती दल को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में घुमकर मुआयना करना शुरू कर दिए हैं। वहीं, छोटी-बड़ी गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है। पूजा के दौरान जरलाही, हुसैनाबाद, नाथनगर के कर्ण गढ़ इलाके की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम इन जगहों पर पैनी नजर रखेगी। पंडालों में होने वाली भीड़ को लेकर व्यस्त पटल बाबू रोड, लाजपत पार्क, कर्ण गढ़, मुंदीचक गढैया, खंजरपुर, हुसैनाबाद, जरलाही, मिरजान, बबरगंज में पुलिस की विशेष चौकसी मौजूद होगी। पूजा पंडालों में महिलाओं की भीड़ को लेकर खास तैयारी की गई है। महिलाओं की भीड़ वाले इलाकों में महिला सिपाहियों की तैनाती की जाएगी। सादे लिबास में भी पुलिस कर्मियों को लगाया जाएगा, जो संवेदनशील स्थानों की गतिविधियों पर पैनी नजर रख सकें। यही नहीं मेला के दौरान इसको लेकर भी चौकसी बरतेंगे कि कि पूजा स्थल, भीड़-भाड़ वाली जगहों या किसी वाहनों के पास कोई संदिग्ध वस्तु, झोला, पोटली आदि तो नहीं रख रहा है।

## गया एयरपोर्ट से 14 अक्टूबर से शुरू होगी इंटरनेशनल हवाई सेवा, इन देशों के लिए सीधी



गया। बिहार के हवाई यात्रियों के लिए काम की खबर है। गया जैसे जिले के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई जहाजों का उड़ना एक सपना जैसा है जो कि अब धीरे-धीरे साकार होता दिख रहा है। आगामी 14 अक्टूबर से गया से अलग-अलग देशों के लिए सीधी फ्लाइट सेवा शुरू की जा रही है। यह सेवा गया एयरपोर्ट से भूटान, म्यांमार और थाईलैंड के लिए विमान सेवा शुरू होगी। हालांकि हाल ही में वियतनाम से पहली चार्टर्ड फ्लाइट यात्रियों को लेकर गया एयरपोर्ट पहुंची है। साथ ही श्रीलंका के लिए सीधी विमान सेवा शुरू होने की संभावना है। 14 अक्टूबर से फ्लाइट सेवा शुरू होगी। यंगून-गया-यंगून फ्लाइट सेवा सप्ताह में 6 दिन मंगलवार से रविवार को है। लेकिन, सोमवार को फ्लाइट सेवा नहीं है। म्यांमार नेशनल एयरलाइंस 18 अक्टूबर से चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शुरू होगा। इसके अलावे बोधगया से बैंकाक के लिए पहली बार नोक एयर 29 अक्टूबर से सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शुरू होगी। वियतनाम हनोई से गया एयरपोर्ट के लिए 8 चार्टर्ड फ्लाइट सेवा 9 और 22 अक्टूबर 2, 11, 16, 30 नवंबर और 23 दिसंबर और 01 जनवरी 2024 को निर्धारित है। साथ ही अब भूटान की डूक एयरवेज ने अपना फ्लाइट शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 30 दिसंबर से सप्ताह में 2 दिन पारो-गया-पारो शुरू करने जा रही है। डूक एयरवेज सिटी ऑफिस बोधगया के सुमन कुमार मिश्र के मुताबिक यह सेवा दिसंबर से जनवरी 2024 तक रहेगी। बोधगया में बंगलादेश, ब्राजील, इजरायल, इटली, फ्रांस, मलेशिया, सिंगापुर, डेनमार्क, ताइवान, रुस, चीन, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, जर्मनी, कनाडा, भूटान, जापान, श्रीलंका सहित कई गैर बौद्ध देशों से भी पर्यटक आते हैं। अक्टूबर शुरू होते ही गया हवाई अड्डा पर विदेशी चार्टर्ड फ्लाइटों का आना शुरू हो गया है। बीते दिन सोमवार को वियतनाम से 193 विदेशी पर्यटकों को लेकर गया एयरपोर्ट पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक दिसंबर माह में बौद्ध आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा तन्जिन गयाछो का बोधगया आएंगे। उनके अगुवाई में 29 से 31 दिसंबर तक विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित होगी। दलाई लामा के ऑफिसियल साइट पर इसकी घोषणा कर दी गई है।

### पति ने पत्नी को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का किया प्रयास



धनरुआ। आपसी विवाद में एक पति ने पत्नी पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया, जिससे इस घटना में पति-पत्नी दोनों जख्मी हो गए। मामला पटना के धनरुआ थाना अंतर्गत वीर ओरियारा गांव की है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों जख्मी को आनन फानन में पीएमसीएच भेजा।वहीं, इस मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वीर ओरियार गांव के जितेंद्र यादव (40 वर्ष ) ने आपसी विवाद में पत्नी सविता देवी( 38 वर्ष ) को घर में रखी गाड़ी से पेट्रोल निकाल कर छिड़क दिया, उसके बाद माचिस जला कर आग लगा दिया। आग की तेज लपट देख पति जितेंद्र यादव आग बुझाने लगा, इस दौरान वह खुद झुलस गया। हो हल्ला सुनकर स्थानीय ग्रामीण जुट गए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच दोनों जख्मी को गंभीर स्थिति में पीएमसीएच भेजा। जहां पत्नी सविता देवी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# मामूली सी बात के लिए दुकानदार को मार दी गोली



### लिट्टी-मुर्गा देने से किया था इनकार, गंभीर हालत में पीएमसीएच रेफर

आरा । अपराधियों ने दुकानदार को गोली मार दी। गोली केवल इसलिए मारी क्योंकि दुकानदार ने लिट्टी-मुर्गा देने से इनकार कर दिया था। इतनी से बात पर अपराधियों ने उसे मार दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने आननफानन में अस्पताल में भर्ती करवाया। हालत गंभीर होने पर उसे पीएमसीएच में भर्ती करवा दिया गया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस जांच में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बाइक से दो अपराधी आए और नाश्ते में लिट्टी-मुर्गा की डिमांड करने लगे।

दुकानदार ने कहा कि अब तो नाश्ता समाप्त हो चुका है। अभी खाने के लिए कुछ नहीं है। इतनी सी बात पर अपराधियों ने गोली मार दी। परिजनों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। पुलिस के अनुसार, मामूली सी बात पर अपराधियों ने गोली मार दी। इनकी तलाश में छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। घायल की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के केवटिया गांव के रहने वाले नानकु साह के 50 वर्षीय पुत्र अनिल साह के रूप में हुई है। वह चरपोखरी बाजार पर नाश्ता का दुकान चलाता है। जांच में पता चला कि रविवार को देर रात अनिल साह अपनी दुकान बंदकर घर आने की तैयारी कर रहा था। उसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधी आए और दुकानदार से पूछे कि नाश्ता है? अनिल शाह ने कहा कि अब तो समाप्त हो चुका है अभी खाने के लिए कुछ नही है इतनी सी बात पर अपराधियों ने गोली मार। इस सम्बंध में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि एक दुकानदार को गोली मारने की सूचना है। इस घटना में चरपोखरी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। पूरे मामले की जांच कर रही है। अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जायगा।

# पांच राज्यों में बिगुल

मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश एक लंबे चुनावी-मौसम में प्रवेश कर गया है, क्योंकि ये पांचों सूबे पूरब, पश्चिम, दक्षिण व मध्य भारत में स्थित हैं और इनकी सारी रणनीतियां उत्तर भारत स्थित दिल्ली से तय हो रही हैं। 3 दिसंबर को इन राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद वहां नई सरकारों के गठन और उनके सत्ता-ग्रहण की खुमारी के बीच ही आम चुनाव का बिगुल बज जाएगा, यानी आगामी जून तक देश राजनीतिक गहमागहमी के हवाले हो चुका है। निस्संदेह, एक लोकतांत्रिक देश और समाज के लिए चुनाव सबसे अहम मौका होता है, मगर भारत में चुनावी प्रक्रिया को लेकर जिस तरह की उलझनें पेश आने लगी हैं, उनको देखते हुए जरूरी हो गया है कि राजनीतिक पार्टियां और चुनाव आयोग मिलकर सर्वमान्य हल निकालें। आचार संहिता की शुचिता की रक्षा चुनावों की निष्पक्षता के लिए बेहद जरूरी है, तो वहीं विकास कार्यों की रफ्तार के साथ भी किसी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। तब तो और, जब हम एक निर्धारित लक्ष्य के साथ दुनिया के देशों से प्रतिस्पर्द्धा में हों! वैसे, पिछले सात दशक के चुनावी सफर में भारतीय मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को बरतना बखूबी सीख चुका है और उसके अब तक के जनादेश उसकी परिपक्वता की मुनादी करते हैं। बहरहाल, पांच राज्यों के ये विधानसभा चुनाव इसलिए भी अहम हैं कि इनको अगले आम चुनाव की पूर्वपीठिका के तौर पर देखा जा रहा है। इन प्रदेशों से लोकसभा में 83 और राज्यसभा में 34 सदस्य चुनकर आते हैं। ऐसे में, कोई भी राजनीतिक खेमा इन चुनावों को हल्के में नहीं ले सकता। खासकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में जहां कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, तो वहीं तेलंगाना और मिजोरम में बहुकोणीय मुकाबले होने वाले हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब मतदाताओं ने दो विपरीत वैचारिक ध्रुवों पर बैठे राजनीतिक दलों या गठबंधनों को राज्य व केंद्र की सत्ता की चाबी सौंपी। इसलिए, कांग्रेस, भाजपा और तेलंगाना में बीआरएस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। कांग्रेस ने जातिगत गणना का दांव चलकर लोकसभा चुनाव का एक अहम मुद्दा सामने रख दिया है। भाजपा को इसके तोड़ के मुद्दे ढूंढ़ने होंगे। भारतीय राजनीति में आधी आबादी को उनका हक देने के लिए हाल ही में संसद ने ऐतिहासिक महिला आरक्षण कानून बनाया है। चूंकि वह अभी बाध्यकारी नहीं बन पाया है, इसलिए ये विधानसभा चुनाव देश की सियासी पार्टियों को एक बड़ा मौका देते हैं कि वे महिला उम्मीदवारों के प्रति संजीदगी का परिचय दें। इस मामले में उनकी ईमानदारी को उम्मीदवारी की कसौटी पर महिला मतदाता जरूर परखेंगी। यह सुखद है कि इस बार ज्यादातर राज्यों में एक ही चरण में मतदान हो रहा है। इससे चुनाव आयोग के बढे. आत्मविश्वास का पता चलता है। नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान की आवश्यकता समझी जा सकती है।

# हमास का हमला

ऐसे समय जब दुनिया पहले ही यूक्रेन-रूस युद्ध से उपजी चुनौतियों से जूझ रही है, फलस्तीनी मिलिटेंट ग्रुप हमास की ओर से इजरायल पर किया गया हमला कई लिहाज से चिंताजनक है। एक तो यह कि जिस तरह के समन्वित प्रयासों के साथ और जितने बड़े पैमाने पर यह हमला हुआ है, वह हैरत में डालता है। दूसरे, शनिवार को हमास की ओर से हुए इस हमले के बाद रविवार को लेबनान से एक अन्य इस्लामी मिलिटेंट ग्रुप हिजबुल्ला ने भी मोर्टार हमले किए। इन हमलों की संवेदनशीलता को देखते हुए ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी पहली ही प्रतिक्रिया में दो बातें बिल्कुल साफ कर दीं। एक तो उन्होंने कहा कि इजरायल को अमेरिका हर तरह का मुनासिब समर्थन देने को तैयार है। दूसरे, उन्होंने चेतावनी भी दी कि इजरायल से दुश्मनी रखने वाला कोई भी पक्ष इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश न करे। जिस तरह के हालात से अभी दुनिया गुजर रही है, उसमें इस आशंका को दूर करना सबसे पहले जरूरी है कि ताजा आतंकी हमले से पैदा हुआ तनाव अन्य क्षेत्रों में न फैले। जहां तक भारत की बात है तो घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने भले ही तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्वीट सामने आ गया जिसमें आतंकी हमले को स्तब्ध करने वाला बताते हुए इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता दिखाई गई। इसके पीछे जहां आतंकवाद पर किसी भी तरह का समझौता न करने की भारत की प्रतिबद्धता निहित है, वहीं हाल के वर्षों में इजरायल के साथ भारत की बढ़ी करीबी भी रेखांकित होती है। गौर करने की बात है कि न केवल इजरायल बल्कि अरब देशों के साथ भी भारत के अच्छे रिश्ते हैं। जानकारों के मुताबिक इस हमले का एक मकसद इजरायल और अरब देशों को करीब लाने की हालिया कोशिशों पर चोट करना भी हो सकता है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अरब देश फलस्तीनियों के संघर्ष के प्रति अपना पारंपरिक समर्थन जताते हुए किस सीमा तक आगे बढ़ते हैं और इजरायल के साथ सहयोग की संभावनाओं को नष्ट होने से बचाने में कितनी दिलचस्पी लेते हैं। भारत के लिहाज से खास तौर पर पिछले साल बने आई2यू2 (यानी इजरायल, भारत, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात) समूह का भविष्य इससे जुड़ा है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



हजारीबाग स्थित पुलिस अकादमी में प्रशिक्षणरत 7वीं और 10वीं बैच के प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों एवं जिला समादेष्टाओं (गृह रक्षा वाहिनी) के पासिंग आउट परेड में शामिल हुआ। आज के इस शुभ अवसर पर आप और आपके परिवार को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप लोगों की सेवा आम नागरिकों को समर्पित होगा और आप सभी को मालूम है झारखण्ड देश के अत्यंत पिछड़े राज्यों में से एक है, यहां के लोग बहुत सीधे और सरल हैं। यहाँ गरीब, मजदूर वर्ग के लोगों की संख्या बहुतायत है। कई लोग अपनी परेशानियों के साथ आपके समक्ष खड़े होंगे। मुझे उम्मीद है कि राज्य की जनता को आप निराश नहीं होने देंगे।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



हेमंत सोरेन ने दिन में ही बेरोजगारी भत्ते रूपी ख्वाब दिखाया था,जो महज नींद न खुलने तक सीमित था। चार वर्ष बीत गए,युवा सिर्फ हक की लाठियां और झूठी तसल्लियां खा रहे हैं। पर अब वक्त आ चुका है,युवा अपने अधिकारों के लिए आपकी जमानत तक जब्त कराने के लिए तैयार है। झूठी तसल्ली बहुत हुई,अब होगा आगाज परिवर्तन का,अपने हक के लिए खड़े होने का ,ये सरकार बदलने का,ख्वाब को नींद से जगाने का।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# स्वामीनाथन खेती के नहीं, किसानों के साइंटिस्ट

**ANALYSIS**



✍ नरेंद्र मोदी

प्रोफेसर स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश, विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवनयापन करें। वह अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जो वे करना चाहेंगे, वह है- कृषि क्षेत्र का कायाकल्प। बहुत छोटी उम्र में, वह डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वह भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और देश को आत्मनिर्भरता-आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे, उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी।

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रोफेसर स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश, विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवनयापन करें। वह अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जो वे करना चाहेंगे, वह है- कृषि क्षेत्र का कायाकल्प। बहुत छोटी उम्र में, वह डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वह भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे।

**खाद्यान्न की कमी**

आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और देश को आत्मनिर्भरता-आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे, उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरूआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रो. स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि क्षेत्र के नए



युग की शुरूआत की। कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें भारतीय हरित क्रांति के जनक की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है। हरित क्रांति में भारत की **CAN DO** की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रो. स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपरफूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रो. स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया। उनके साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरूआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थकार्ड की पहल की। हमारी कोशिश थी कि किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले। इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रो. स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए बहुमूल्य सुझाव भी साझा किए। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनैशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की। कुरल ग्रंथ के मुताबिक किसान वह धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इसे अच्छी तरह समझते थे। कई लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वह सच्चे किसान वैज्ञानिक थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने ह्यूमन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की। यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वह विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे। प्रो. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वह इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रो. स्वामीनाथन संस्थान निमार्ता भी थे। उन्हें कई ऐसे केंद्रों की स्थापना का श्रेय है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनैशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था। मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से कुरल ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, ह्ययदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं। प्रो. स्वामीनाथन ऐसे दिग्गज थे, जिन्होंने जीवन की शुरूआत में ही तय कर लिया था कि वह कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया।

**सस्टेनेबिलिटी की राह**

जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, प्रो. स्वामीनाथन का योगदान निरंतर प्रेरित करते हुए हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इनमें किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रो. स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

**लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।**

# हिंदू समाज के खिलाफ साजिश है जातिगत जनगणना

बिहार के मुख्यमंत्री और आईएनडीआईए गठबंधन के संभावित नेता नीतीश कुमार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव व आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर चुके हैं। यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में बयानबाजी प्रारम्भ हो गई और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया- जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक। वर्तमान में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है । जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन करा के सत्ता में आना इनका सपना है । बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमजोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर-चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एकझदो दिन आईएनडीआईए गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनीतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है। अब यह समाचार भी आ रहे हैं कि नीतिश कुमार ने बिहार व राष्ट्रीय राजनीति में अस्तित्व को बचाए रखने और अति पिछड़ों का नायक बनने के लिए यह रिपोर्ट जल्दबाजी में जारी कर दी है। बिहार के कई नेता व विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि यह जनगणना रिपोर्ट पूरी तरह से फर्जी दावों व आंकड़ों पर आधारित है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टी हम के नेता जीतन राम मांझी का बयान आया कि यह रिपोर्ट घर में बैठकर तैयार की गयी है और इसमें आंकड़ों में हेरफेर किया गया है। मांझी का कहना है कि बिहार में यादव मात्र 4 प्रतिशत हैं तो उनकी संख्या 14 से अधिक कैसे हो गयी। वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी है। यानी बिहार में हिंदू आबादी का प्रतिशत घट गया है जबकि तो मुस्लिम आबादी का 2.3 प्रतिशत बढ़ा है। बिहार की जातिगत जनगणना में अत्यंत पिछडा वर्ग 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनारक्षित वर्ग केवल 15.52 प्रतिशत है। बिहार की यह जातिगत जनगणना इतने विरोधाभासों से भरी है कि यह स्वयं स्पष्ट कर रही है कि यह केवल और केवल हिंदू समाज को जाति के नाम पर बांटने का एक सुनियोजित व घृणित षड्यंत्र है। 1931 में भारत को खंड-खंड करने की जो साजिश अंग्रेज नहीं कर पाये उस कार्य को पूर्ण करने का पाप अब बिहार के 73 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने सोचा था कि वह ऐसा करके महानायक बन जायेंगे किंतु अब वही इस जाल में फंसते दिख रहे हैं। जातिगत जनगणना से उठे यक्ष प्रश्न न केवल नीतीश कुमार वरन आईएनडीआईए गठबंधन पर भी भारी पड़ रहे हैं। बिहार की जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि नीतीश पिछड़ों व अतिपिछड़ों के नेता नहीं रह गए हैं और बिहार की राजनीति अब यादव मुस्लिम गठजोड़ की दिशा पकड़ेगी। पूरे प्रकरण में आईएनडीआईए गठबंधन और नीतिश कुमार ने अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मार ली है और भाजपा को खुलकर हिन्दुत्व की राजनीति करने का निमंत्रण दे दिया है। जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह संकेत दे दिया है कि भाजपा इस गठबंधन द्वारा तैयार जातिगत जनगणना की पिच पर फ्रंट फुट पर खेलेगी । प्रधानमंत्री ने पहले अपना पक्ष रखते हुए कहा कि देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब की है। गरीब का कल्याण ही मेरा मकसद है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने इस गठबंधन और कांग्रेस पर प्रश्न करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे? वह तो कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उसमें भी मुसलमानों का सबसे पहले। कांग्रेस कह रही है कि आबादी के हिसाब से तय होगा कि पहला हक किसका होगा। क्या अल्पसंख्यकों का हक कांग्रेस कम करना चाह रही है? यदि आबादी के हिसाब से ही सब तय होने वाला है तो पहला हक किसका होगा ?आबादी किसकी ज्यादा है ? कांग्रेस यह स्पष्ट करे। क्या कांग्रेस अल्पसंख्यकों को हटाना चाहती है? तो क्या सबसे अधिक आबादी वाले हिंदू आगे बढ़कर सारे हक ले लें ? इसी प्रकार उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक कार्यक्रम में कहा कि विचारों में संकीर्णता नहीं होनी चाहिए। योगी ने कहा कि धर्म एक ही है वह है सनातन धर्म। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। सनातन धर्म मानवता का धर्म है और अगर सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जाएगा। प्रधनमंत्री मोदी और योगी के वक्तव्यों से स्पष्ट है कि अब भारतीय जनता पार्टी व उसकी समस्त सरकार हिन्दुत्व व सनातन धर्म के अनुरूप ही कार्य करने जा रही हैं।

# योगी का सहयोगी संघवाद

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की एक नई और चमकदार तस्वीर प्रस्तुत की है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरन्तर प्रयास चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश की इस विकास यात्रा में भी सर्वाधिक उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। प्रदेश सरकार हर तबके को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दे रही है। पहले की सरकारें कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देती थीं, जबकि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश को योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में छह नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। बुंदेलखंड में पेयजल की समस्या के निदान के लिए हर घर नल योजना लाई गई है। पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ते हुए गोल्डन कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार सभी गरीबों को निःशुल्क पक्के घर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में दो करोड़ इकसठ लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। आज राष्ट्रीय फलक पर एक ऐसा उत्तर प्रदेश उभरकर आया है, जिसकी छवि बीमारू राज्य की नहीं, बल्कि एक ऐसे विकासशील राज्य की है जो भारत की प्रगति में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहा है। छह साल से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, तकनीक, डिजिटल इंडिया, कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग, तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार को कम करने व व्यवसाय का उपयुक्त माहौल प्रदान करने में की गई प्रगति सम्बन्धी काम को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया विजन से सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद सहकारी संघवाद को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री के एक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। सहकारी संघवाद की एक अभिव्यक्ति क्षेत्रीय परिषद भी है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए क्षेत्रीय परिषदों को सक्रिय किया है। उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश में गन्ना, चीनी और एथनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किए जाने पर भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किया गया है। छह वर्षों में दो लाख 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। दो करोड़ 62 लाख कृषकों किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। इसमें देश में उत्तर प्रदेश अव्वल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। छह वर्षों में प्रदेश में 54 लाख गरीबों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। एक करोड़ 61 लाख परिवारों हर घर नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत अब तक पौने दो करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अड़तीस लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने के लिए पच्चीस हजार से अधिक एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। लखनऊ और हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में टेक्सटाइल पार्क स्थापित होगा।

# न्यूजक्लिक मामला

न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ व अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर, लंबे-चौड़े आरोपों की ऐसी अबूझ खिचड़ी है जो आतंकवाद को तो छोड़िए, वास्तव में किसी भी जुर्म का खुलासा नहीं करती। किसी भी प्रकाशित सामग्री का हवाला दिये बगैर, एफआईआर में देश की सुरक्षा कमजोर करने की साजिश से लेकर 2019 के संसदीय चुनावों में खलल डालने तक, और सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा करने से लेकर अत्यावश्यक सेवाओं को बाधित करने तक के आरोप लगाये गये हैं। एफआईआर में गैरकानूनी गतिविधियां (निवारक) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों और विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने व साजिश रचने से जुड़े दंड संहिता प्रावधानों का इस्तेमाल किया गया है। गौरतलब है कि इसमें ऐसे किसी ज्ञात कृत्य का जिक्र नहीं है जिसे गैरकानूनी गतिविधि या आतंकवादी कृत्य कहा जा सके। बस एक मोटा-मोटा वर्णन है कि सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा करने, भारत की संप्रभुता व भौगोलिक अखंडता में विघ्न डालने, और उसकी एकता व सुरक्षा को खतरे में डालने के मकसद से, देश की दुश्मन ताकतों द्वारा भारत में अवैध तरीके से विदेशी धन भेजा भेजा गया। एफआईआर में साजिश के जिक्र का आधार, अरुणाचल प्रदेश व कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं दिखाने के लिए कथित रूप से किये गये ईमेल हैं। इसके अलावा, इसका आधार वो कथित कदम हैं जो 2020-21 का किसान आंदोलन लंबा खींचने, और इसके जरिए सेवाओं की आपूर्ति व अन्य अत्यावश्यक आपूर्ति बाधित करने, के लिए उठाये गये। कुल मिलाकर, यह बिल्कुल साफ है कि प्रोपेगैंडा, गैरकानूनी गतिविधि उकसाने, और देश की सुरक्षा कमजोर करने के लिए चीनी फंड का इस्तेमाल किये जाने का मामला बनाने के लिए, पुलिस अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम द्वारा न्यूजक्लिक को भेजे गये धन को वेबसाइट की पत्रकारीय सामग्री से जोड़ रही है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने एनएसडीएल के साथ किया समझौता

**मुंबई ।**

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 9 अक्टूबर को स्टॉक एक्सचेंजों को जानकारी दी है कि बैंक ने मुंबई में अपने एक परिसर को 198 करोड़ रुपये में बेचने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत बैंक मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में नमन चैंबर्स में स्थित अपने ऑफिस की बिक्री करेगा। कर्जदाता यानी बैंक ने एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में बताया कि यह फैसला आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टॉवर (द स्क्वायर), सी-61, जी ब्लॉक,बीकेसी, मुंबई में अपने कॉरपोरेट ऑफिस के पास बैंक के ऑपरेशन के एकीकरण का हिस्सा है। बैंक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि इस कार्यालय परिसर को वह एनएसडीएल को 198 करोड़ रुपये में बेच रहा है। बैंक ने बताया कि ऑफिस परिसर का नाम यानी टाइटल और इसकी ऑनरशिप को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से एनएसडीएल को ट्रांसफर किया जाएगा और इसके लिए दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से ऑफिस परिसर पर एनएसडीएल का स्वामित्व होगा। बैंक ने स्पष्ट किया कि एनएसडीएल के पास 'आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में कोई शेयर नहीं है, और डिपॉजिटरी के साथ बिक्री सौदा संबंधित पार्टी लेनदेन के अंतर्गत नहीं आता है। इसका मतलब यह है कि इस बिक्री के तहत ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे किसी भी तरह से बैंक के किसी प्रमोटर/प्रमोटर ग्रुप/ग्रुप कंपनी के ट्रॉंजैक्शन पर कोई असर पड़े। यह घटनाक्रम उन रिपोर्टों के छह दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एक योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 3,000 करोड़ जुटाने की योजना बना रहा है।




गौरतलब है कि पिछले छह माह में स्टॉक ने अच्छा परफॉर्मेंस किया है और लगभग 67 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। गौरतलब है कि बैंक की तरफ से परिसर का यह फैसला उस समय आया है जब कुछ दिनों पहले ही यह खबर आई थी कि बैंक योग्य संस्थागत प्लेसमेंट के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान बना रहा है।

# एफआईआई की बिकवाली में आ रही है कमी

**नई दिल्ली।**

इजराइल-हमास हिंसा से जुड़ी अनिश्चितता जारी है और अगर इजराइल गाजा में जमीनी कार्रवाई शुरू करता है तो स्थिति और खराब हो सकती है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। उन्होंने कहा, तनाव कम होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। हमास पकड़े गए इजरायली बंधकों के साथ सौदेबाजी करेगा। आर्थिक और बाजार के रुझानों के विपरीत, भू-राजनीतिक विकास की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। यह अनिश्चितता बाजार पर असर डालेगी। आर्थिक मोर्चे पर कुछ सकारात्मक घटनाक्रम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 105.95 की गिरावट और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.88 के हालिया उच्च स्तर से गिरकर 4.65 पर आना इक्विटी बाजारों के लिए सकारात्मक संदेश है। भले ही एफआईआई भारत में बिकवाली जारी रखे हुए हैं, लेकिन बिकवाली की तीव्रता कम हो रही है। ज्यादा महत्वपूर्ण बात ये है कि डीआईआई अपनी खरीददारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, आईटी, पूंजीगत सामान और रियल एस्टेट/निर्माण क्षेत्र के शेयरों में छोटी मात्रा में कैलिब्रेटेड खरीदारी लंबी अवधि के निवेशकों के लिए एक अच्छी रणनीति होगी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य बाजार रणनीतिकार आनंद जेम्स ने कहा कि हालांकि सोमवार को बाजार में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं आई, लेकिन 19,600 से नीचे पर निफ्टी का बंद होना बताता है कि सेंटीमेंट मजबूत नहीं है। उन्होंने कहा, हम 19,900 पर वापस आने की उम्मीद के साथ मंगलवार सुबह 19,545 से ऊपर निरंतर व्यापार की तलाश करेंगे। नहीं तो संभावना है कि चल रही कमजोरी जारी रहेगी। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 364 अंक ऊपर 65,876 अंक पर है। भारती एयरटेल में 2 फीसदी से ज्यादा तेजी है।

# निजी एफएम रेडियो स्टेशनों पर विज्ञापनों की दरों में भारी वृद्धि

## मोदी सरकार ने 8 साल बाद बढ़ोत्तरी की

**नई दिल्ली ।**

मोदी सरकार ने अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के लिए निजी एफएम रेडियो स्टेशनों पर विज्ञापनों की दरों में भारी वृद्धि को मंजूरी दे दी। इस कदम से देशभर में स्थित 400 से अधिक रेडियो स्टेशनों को फायदा होगा। आठ साल बाद नई दरों की घोषणा की गई है। आखिरी बढ़ोतरी 2015 में की गई थी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि विज्ञापन दरों को अंतिम रूप देने के लिए मूल्य निर्धारण फॉर्मूला 2019 के इंडिया रीडरशिप सर्वे (आईआरएस) से शहर की आबादी और श्रोताओं के डेटा जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखता है।

मोदी सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया है, सितंबर, 2023 के महीने में मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई दरों में दिसंबर 2015 से मार्च 2023 की अवधि के लिए बढ़ती लागत की गतिशीलता को ध्यान में रखते हुए आधार दर में 43 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है।

इस वृद्धि के साथ, एफएम रेडियो विज्ञापन के लिए सकल आधार दर 52 रुपये से बढ़कर 74 रुपये प्रति 10 सेकंड हो जाएगी और समायोजन का उद्देश्य मौजूदा बाजार दरों के साथ समानता बनाए रखना था। बढ़ी हुई आधार दर के साथ इस फॉर्मूले के आधार पर लगभग सभी निजी एफएम रेडियो स्टेशनों को अलग-अलग प्रतिशत पर नई अनुशंसित दरों से लाभ होगा। जो मोटे तौर पर उनके श्रोताओं की संख्या पर निर्भर करता है, जो एफएम स्टेशनों और केंद्रीय संचार ब्यूरो के ग्राहकों दोनों के लिए मूल्य प्रदान करता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस फॉर्मूले के आधार पर 106 स्टेशनों की दरों में 100 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जबकि 81 रेडियो स्टेशनों की विज्ञापन दरों में 50-100 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कम से कम 65 स्टेशनों, जिनके लिए श्रोताओं का डेटा उपलब्ध नहीं था, को विज्ञापन दरों में 50 प्रतिशत से कम वृद्धि मिलेगी। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछली विज्ञापन दरें 2012 के इंडिया रीडरशिप सर्वे के आधार पर तय की गई थीं।

निजी एफएम रेडियो स्टेशनों के लिए दर संरचना समिति की स्थापना पिछले साल मंत्रालय द्वारा नई दरों का मूल्यांकन और सिफारिश करने के लिए की गई थी, जिन्हें आखिरी बार 2015 में संशोधित किया गया था।

# हमास-इजराइल युद्ध से इन 14 शेयरों पर पड़ेगा सीधा असर, देखकर खरीदे

**मुंबई ।**

शेयर बाजार बच्चों का खेल नहीं है। यहां बड़े-बड़े लोगों का पैसा डूब जाता है। डूबने का कारण कोई एक नहीं, बल्कि अनेक हैं। कभी कोरोना जैसे वायरस का प्रकोप होता है, तब शेयर कौड़ियों के भाव पर पहुंच जाते हैं, तब कभी उन्हीं शेयरों का भाव सातवें आसमान पर होता है। शेयर बाजार में लगा पैसा दुनियाभर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से प्रभावित होता है। रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई के दौरान दुनियाभर के शेयर बाजार दबाव में नजर आए थे। फिर एक खतरनाक युद्ध दुनिया के सामने है। हमास के हमले के बाद इजराइल ने घोषणा कर दी कि वह युद्ध में है। खबर के फैलते ही भारतीय शेयर बाजार में कई शेयर प्रभावित होते दिख रहे।

बता दें कि हाल ही में अडानी पोर्ट्स ने इजराइल में एक पोर्ट लिया है। जाहिर है अडानी पोर्ट्स के शेयर को झटका लगा। इजराइल और हमास के इस युद्ध से केवल अडानी पोर्ट्स ही प्रभावित नहीं है, बल्कि लगभग 14 स्टॉक हैं, जिन पर सीधा असर देखने को मिल रहा है या मिल सकता है। अडानी पोर्ट्स के शेयर में 5 फीसदी की गिरावट देखने को मिली थी। मंगलवार को हालांकि अडानी ग्रुप सहित ज्यादातर स्टॉक्स को ऊपर की तरफ बढ़ते हुए देखा गया। इसके अलावा, सन फार्मा 2 फीसद गिरा। इजराइल की कंपनी टारो फार्मा में सन फार्मा की बड़ी हिस्सेदारी है। तेल-अवीव बेस्ड टेवा फार्मा चूंकि फार्मा सेक्टर की अगुवा कंपनी है, तब भारत की जेनरिक दवा निर्माता कंपनियां डॉ. रेड्डीज लैब और लूपिन के शेयरों पर भी असर देखा गया।

रिपोर्ट ने बताया कि माइनिंग करने वाली कंपनी एनएमडीसी, कल्याण जूलर्स और टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन का भी इजराइल कनेक्शन है। केवल यही कंपनियां नहीं, कई आईटी सेक्टर की कंपनियां भी इजराइली कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। इसमें भारत की आईटी सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), विप्रो, टेक महिंद्रा, और इंफोसिस शामिल हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और लार्सन एंड टर्बो (एलएंडटी) की भी इजराइल में उपस्थिति है।

रिपोर्ट के मुताबिक इन 14 कंपनियों के अलावा मध्य पूर्व में चल रहे अलग-अलग विवादों के चलते ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वजह यह है कि रिटेलर्स को आम चुनावों से लगभग ठीक पहले क्रूड ऑयल के बढ़ते भावों के चलते कीमतों को स्थिर रखने का दबाव झेलना पड़ सकता है।

# आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

**नई दिल्ली।**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना 2023-24 का जीडीपी अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि चीन की विकास दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। आईएमएफ ने अपने वार्षिक प्रकाशन वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा, भारत में विकास दर 2023 और 2024 दोनों में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अप्रैल-जून के दौरान उम्मीद से अधिक खपत को दर्शाता है। आईएमएफ ने जुलाई में इस वर्ष के लिए भारत के लिए अपना विकास पूर्वानुमान 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया था और अब इसे दूसरी बार बढ़ाया है। इसके साथ ही दोनों बहुपक्षीय वित्तीय एजेंसियों का विकास पूर्वानुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.5 प्रतिशत के अनुमान के करीब पहुंच गया है।आईएमएफ का नवीनतम विकास पूर्वानुमान 31 अगस्त को सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के लगभग एक महीने बाद आया है, जिसमें दिखाया गया है कि अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईएमएफ ने रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट का हवाला देते हुए चीन के लिए विकास पूर्वानुमान को 2023 के लिए 20 आधार अंक घटाकर 5 प्रतिशत और 2024 के लिए 30 आधार अंक घटाकर 4.2 प्रतिशत कर दिया।

आईएमएफ ने कहा, चीन में, 2022 में महामारी से संबंधित मंदी और रियल स्टेट के संकट ने उत्पादन घाटे में लगभग 4.2 प्रतिशत का योगदान दिया है। अन्य उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में और भी कमजोर सुधार देखा गया है, विशेष रूप से कम आय वाले देश में।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**नई दिल्ली ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 6 पैसे की बढ़त के साथ ही 83.23 पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया आज 3 पैसे बढ़कर 83.23 पर खुला, वहीं गत दिवस ये 83.29 पर बंद हुआ था। वहीं गत दिवस डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर बंद हुआ था। डॉलर का शीर्ष स्तर 106.16 जबकि डॉलर इंडेक्स का निचला स्तर 105.91 पर नजर आया। वहीं इजरायल और हमास के संघर्ष के बीच ही क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों में उछाल जारी है। क्रूड का भाव 4 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 88 डॉलर के ऊपर पहुंचा है। इस बीच डब्ल्यूटीआई के दाम भी 86 के ऊपर बने हुए हैं। वहीं सोना भी 2 सप्ताह की ऊंचाई पर पहुंचा है। इसके अलावा ताइवान डॉलर 0.52 फीसदी, साउथ कोरिया 0.28 फीसदी, थाई बात में 0.21 फीसदी की बढ़त देखने को मिल रही है। वहीं फिलीपींस पेसो में 0.17 फीसदी , चाइना ऑफशोर में 0.1 फीसदी की बढ़त रही। गत दिवस बाजार 997.76 करोड़ रुपए के शेयर बेचे गये।




## वेतन में बदलाव को लेकर मुंबई में स्विगी डिलीवरी कर्मचारी तीसरे दिन भी हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** मुंबई में स्विगी डिलीवरी कर्मचारियों ने भुगतान में बदलाव के कारण तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी है, जिससे शहर के कई हिस्सों में देरी और सेवाओं की अनुपलब्धता हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्विगी राइडर्स अपने रेट कार्ड में हालिया बदलाव और डिलीवरी रेडियस में बढ़ोतरी के कारण विरोध कर रहे हैं। स्विगी पर ऑर्डर डिलीवर करने वाले गिग (छोटे काम करने वाले) कर्मचारी हैं, जिन्हें प्रति ऑर्डर भुगतान किया जाता है और कंपनी द्वारा नियोजित नहीं किया जाता है। शुरुआती विरोध प्रदर्शन बांद्रा में राष्ट्रीय कर्मचारी सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन अन्य समूह भी इसमें शामिल हो गए, जिसके चलते पूरे मुंबई में छिटपुट विरोध प्रदर्शन हुए, जो स्विगी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। रिपोर्ट के अनुसार, डिलीवरी अधिकारियों का दावा है कि उनका आधार वेतन 20 रुपये पर बना हुआ है, जबकि उनकी डिलीवरी का दायरा 4 किमी से बढ़कर 6 किमी हो गया है। डिलीवरी अधिकारियों के कुल मुआवजे में मूल वेतन के साथ-साथ यात्रा व्यय और अन्य कारकों के लिए अतिरिक्त राशि भी शामिल है। विरोध प्रदर्शन के कारण शहर के कई लोगों को स्विगी ऐप पर ऑर्डर देने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एक यूजर ने लिखा, वसई में स्विगी इंस्टामार्ट में क्या खराबी है। यह कल सुबह से बंद है।

## सितंबर में एनर्जी सेक्टर के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ऑटो, बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स एफएमसीजी, हेल्थकेयर समेत सभी क्षेत्रों में सितंबर में अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला। लेकिन एनर्जी सेक्टर के शेयरों ने सभी को पीछे छोड़ दिया और महीने के दौरान 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) की ग्लोबल मार्केट स्नैपशॉट रिपोर्ट के अनुसार, निफ्टी मिडकैप 150 ने सितंबर में 3.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ सभी प्रमुख सूचकांकों को पीछे छोड़ दिया। पिछले तीन महीनों, छह महीनों और एक वर्ष में इसमें क्रमशः 12.98 प्रतिशत, 33.37 प्रतिशत और 29.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह, निफ्टी स्मॉलकैप 250 ने भी इसी अवधि के दौरान पिछले 3 महीने, 6 महीने और 1 साल में क्रमशः 15.99 प्रतिशत, 39.17 प्रतिशत, 32.96 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय शेयर बाजारों ने सकारात्मक रुझान दिखाया, जो निफ्टी 50 इंडेक्स में 2 फीसदी की वृद्धि से उजागर हुआ। अमेरिकी बाजार में, एसएंडपी 500 और नासदाक 100 दोनों ने सितंबर 2023 में 5 फीसदी की गिरावट का अनुभव किया, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र एक बार फिर गिरावट में मुख्य योगदानकर्ता रहा। वैश्विक स्तर पर, उभरते और विकसित दोनों बाजारों में क्रमशः 4 प्रतिशत और 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ नकारात्मक प्रदर्शन देखा गया। दक्षिण कोरिया में 5 प्रतिशत की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई, जबकि जर्मनी 6 प्रतिशत की कमी के साथ विकसित बाजारों में गिरावट का नेतृत्व कर रहा है। सितंबर के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जिससे मुद्रास्फीति, राजकोषीय संतुलन और चालू खाता घाटे पर संभावित प्रभावों के बारे में चिंताएं बढ़ गईं। कीमती धातुओं में भी गिरावट का सामना करना पड़ा, सोने और चांदी की कीमतों में क्रमशः 4 प्रतिशत और 5 प्रतिशत की गिरावट आई।

# शेयर बाजार उछाल के साथ बंद

## सेंसेक्स 567 , निफ्टी 177 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार मंगलवार को उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली बढ़ने से आई है। आज कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की तरह ही मिडकैप सूचकांक और स्मॉलकैप सूचकांक में भी बढ़त दर्ज की गयी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बॉन्ड यील्ड कम होने से इक्विटी बाजारों में भी बढ़त रही। इजरायल-हमास संघर्ष से भी बाजार उबरता दिखा जिससे परिसंपत्ति वर्गों में भी तेजी आई। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए अपने वित्त वर्ष 2024 के विकास अनुमान को 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.3 फीसदी कर दिया, इससे भी बाजार में सकारात्मक माहौल बना। आज कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी से भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेजी आई। इससे पहले सोमवार को इजरायल-हमास संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं थीं।

आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 566.97 अंक करीब 0.87 फीसदी बढ़कर 66,079.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,180.17 तक ऊपर जाने के बाद 65,662.27 तक नीचे आया। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला निफ्टी 177.50 अंक तकरीबन 0.91 फीसदी ऊपर आकर 19,689.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,717.80 तक ऊपर जाने के बाद 19,565.45 तक गिरा।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में से 26 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। भारती एयरटेल, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडबल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयर रहे। भारती एयरटेल के शेयर सबसे अधिक 2.90 फीसदी तक ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में से केवल 4 शेयर ही नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। इंडसइंड बैंक, टीसीएस, टाइटन और एशियन पेंट्स सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले पांच शेयर रहे। इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 0.51 फीसदी तक गिरे।




ससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ खुले। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के कारण लिवाली बढ़ने से आई है। वहीं गत दिवस इजराइल और आतंकी संगठन हमास के बीच जारी संघर्ष से बाजार गिरा था। सुबह कारोबार के दौरान एनएसई निफटी करीब 0.33 फीसदी बढ़कर 19,577.20 पर था जबकि बीएसई सेंसेक्स 0.41 फीसदी ऊपर आकर 65,771.46 पर पहुंच गया। इजराइल-हमास संघर्ष के कारण बाजार में जो चिन्ताएं थीं वह कम होने से अमेरिकी बाजार के साथ ही अन्य सभी बाजारों में सुधार आया। इस दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स और डाओ जोंस में 0.6 फीसदी जबकि नैस्डैक में 0.4 फीसदी बढ़त आई। वहीं एशियाई बाजारों में आज सुबह जापान का निक्केई 2 फीसदी से ज्यादा बढ़ा।

## प्योर ईवी ने 201 किमी रेंज के साथ ईप्लूटो 7जी मैक्स किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** प्योर ईवी ने नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ईप्लूटो 7जी मैक्स लॉन्च किया है। इसमें प्रति चार्ज 201 किमी की अल्ट्रा-लॉन्ग रेंज के साथ हिलस्टार्ट असिस्ट, डाउनहिल असिस्ट, कोस्टिंग रीजेन, रिवर्स मोड, बैटरी की लंबी उम्र आदि के लिए स्मार्ट एआई जैसी सुविधाएं हैं। 1,14,999 रुपये (एक्स-शोरूम कीमत) की कीमत पर लॉन्च किया गया, यह स्कूटर चार रंगों - मैट ब्लैक, रेड, ग्रे और व्हाइट में उपलब्ध है, जो अब पूरे भारत में बुकिंग के लिए खुला है, इसकी डिलीवरी आगामी त्योहारी मौसम से शुरू होगी। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित वडेरा ने कहा, यह मॉडल उन उपभोक्ताओं के लिए लक्षित है, जो प्रतिदिन लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं और बार-बार चार्ज करने की परेशानी से नहीं गुजरना चाहते हैं। इसी आगामी त्योहारी सीज़न में लॉन्च किया जाएगा। इसमें हमारे ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं प्रदान की गईं हैं। यह मॉडल स्मार्ट बीएमएस और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ एआईएस-156 प्रमाणित 3.5 केडब्ल्यूएच हेवी-ड्यूटी बैटरी के साथ आता है। पावरट्रेन की अधिकतम शक्ति 2.4 किलोवाट है, एक सीएएन-आधारित चार्जर है और तीन अलग-अलग ड्राइविंग मोड प्रदान किया गया है। वडेरा ने कहा, मैक्स बैटरी के चार्ज की स्थिति (एसओसी) और स्वास्थ्य की स्थिति (एसओएच) के लिए एआई-सक्षम पावर डिस्चार्ज अकाउंटिंग से लैस है, जो समग्र बैटरी जीवन चक्र को 50 प्रतिशत तक बेहतर बनाता है। मॉडल में बुद्धिमान थ्रॉटल प्रतिक्रिया भी है। सवारी के इलाके के आधार पर, ढलान के दौरान रोलबैक को रोकने और गिरावट के दौरान नियंत्रित करने के लिए स्मार्ट सेंसर है। ईप्लूटो7जी मैक्स को सात अलग-अलग माइक्रोकंट्रोलर और कई सेंसर के साथ तैनात किया गया है, जो भविष्य में किसी भी ओटीए फर्मवेयर अपडेट से गुजरने की सुविधा के साथ-साथ स्मार्टफोन की तुलना में अधिक शक्तिशाली प्रोसेसिंग प्रदान करता है। पावरट्रेन दक्षता में सुधार पर प्रकाश डालते हुए, वडेरा ने आगे कहा कि इसमें उद्योग की अग्रणी दक्षता 92 प्रतिशत से अधिक है। ब्रेकिंग दूरी, रुकने का समय, पहिया घूमने की गति प्रयास और ब्रेकिंग के मामले में काफी सुधार हुआ है।

# अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बैठकों में वित्त मंत्री सीतारमण उठाएंगी कई महत्वपूर्ण मुद्दे

**नई ।**

अंतराष्ट्रीय मंचों पर भारत हमेशा ही जने हित के मुद्दे उठाता रहा है। इस बार 11 से 15 अक्टूबर तक मोरक्को के माराकेच में जी20 बैठकों के साथ-साथ विश्े व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें आयो जित की जा रही हैं। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन करेंगी। इन बैठकों में शो मिल होने के लिए वित्त मंत्री आज 10 अक्टूबर को रवाना हो रहीं है।वित्तमंत्री निर्मला और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे, जिसमें जी20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 65 प्रतिनिधिमंडल बहुपक्षीय चर्चाओं में भाग लेंगे।

इन बैठकों में बैंकों की मजबूती और तमाम वित्तीय चुनौ तियों पर चर्चा होगी। जिसमें क्रिप्टो परिसंपत्तियों का मुद्दा भी उठाया जाएगा। बैठक के दौरान, स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह द्वारा एमडीबी को मजबूत करने पर रिपोर्ट का खंड 2 भी जारी किया जाएगा। खंड 1 गांधीनगर, गुजरात में आयोजित तीसरे एफएमसीबीजी के दौरान जारी किया गया था। इसके अलावा गोलमेज सम्मेलन ऋण पुनर्गठन पर हुई प्रगति पर चर्चा करेगा और तरीकों का पता लगाएगा। इसका मतलब जी20 देशों के काम का समर्थन करना है।यूएसए ट्रेजरी द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय वित्तमंत्री आईएमएफ नीति प्राथमिकताओं और संस्थान को अपनी सदस्यता का समर्थन कैसे करना चाहिए विषय पर एक गोलमेज चर्चा में भाग लेंगी। केंद्रीय वित्तमंत्री जी7 जापान प्रेसीडेंसी द्वारा विश्े व बैंक समूह के साथ लचीला और समावेशी आपूर्ति-श्रृंखला संवर्धन (आरआईएसई) के लिए साझेदारी पर एक चर्चा में भी भाग लेंगे।माराकेच में आईएमएफ-डब्ल्यूबी की वार्षिक बैठक से इतर, वित्तमंत्री जी7 अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दौरान व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण पर चर्चा में भाग लेंगी।जर्मन संघीय आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्रालय और वैश्विक विकास केंद्र द्वारा सह-मेजबानी में निर्मला एमडीबी विकास विषय पर

## एनएसएसओ ने दी मोदी सरकार को राहत, बेरोजगारी दर छह साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली ।**

देश में जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की बेरोजगारी दर छह साल के निचले स्तर पर रही। सरकारी सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) की ओर से जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 के अनुसार जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए सामान्य स्थिति में बेरोजगारी दर 2021-22 में 4.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3.2 प्रतिशत रही। सामान्य स्थिति का मतलब है कि रोजगार, (किसी व्यक्ति की स्थिति) सर्वेक्षण की तारीख से पहले के 365 दिन के आधार पर निर्धारित किया गया है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के जारी आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी दर 2020-21 में 4.2 प्रतिशत, 2019-20 में 4.8 प्रतिशत, 2018-19 में 5.8 प्रतिशत और 2017-18 में छह प्रतिशत थी। समय अंतराल पर श्रम बल आंकड़े उपलब्ध होने के महत्व को ध्यान में रखकर एनएसएसओ ने अप्रैल 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) शुरुआत की थी। रिपोर्ट के अनुसार, 'ग्रामीण क्षेत्रों में 2017-18 में बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.4 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों के लिए यह 7.7 प्रतिशत से घटकर 5.4 प्रतिशत हो गई।

# करियर काउंसिलिंग

## मार्गदर्शक की मांग ने बढ़ाये मौके

युवाओं को तरह- तरह के करियर के बीच भटकाव से बचाने के लिए आज गुरु नहीं, बल्कि करियर काउंसिलर सामने आ रहा है। छात्रों और युवाओं के लिए सही मार्गदर्शन की मांग ने देश में करियर काउंसिलर के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। इस क्षेत्र में जाने के लिए जरूरत है सही प्रशिक्षण और ज्ञान की। जिनके पास इस तरह का हुनर है वे बतौर काउंसिलर बनकर अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। बहुत सारे युवा इस क्षेत्र में निजी और सरकारी संस्थानों में भी अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं



***बारहवीं*** की परीक्षा के बाद कोर्स चयन का मामला हो या करियर चयन का- इससे जुड़े सवाल दो माह बाद लाखों छात्रों के समक्ष आएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि रोजगार के बाजार में आज करियर के सैकड़ों रंग निकलकर सामने आए हैं। इनमें किसी एक का चुनाव और उसके लिए सही रास्ते की पहचान एक चुनौती भरा काम है। कौन सा करियर चुना जाए, इसके लिए किस तरह की तैयारी की जरूरत है, कोर्स और काम के लिए दक्षता किस तरह की चाहिए, इसे किस तरह हासिल किया जाए- यह बताने के लिए आज स्कूल से लेकर कॉलेज और विविद्यालयों तक जगह-जगह करियर काउंसिलर की जरूरत पड़ रही है। युवाओं को तरह-तरह के करियर के बीच भटकाव से बचाने के लिए आज गुरु नहीं, बल्कि करियर काउंसिलर सामने आ रहा है। छात्रों और युवाओं के लिए सही मार्गदर्शन की मांग ने देश में करियर काउंसिलर के लिए नये अवसर पैदा किए हैं। इस क्षेत्र में जाने के लिए जरूरत है सही प्रशिक्षण और ज्ञान की। जिनके पास इस तरह का हुनर है वे बतौर काउंसिलर बनकर अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। बहुत सारे युवा इस क्षेत्र में निजी और सरकारी संस्थानों में भी अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

### कोर्स की जरूरत

करियर काउंसिलर बनने के लिए देश के सरकारी शिक्षण संस्थानों में कोई कोर्स नहीं चल रहा है। लेकिन अब बहुत सारे निजी शिक्षण संस्थान इससे जुड़े शार्टटर्म कोर्स चला रहे हैं। दिल्ली में इंडिया करियर डेवलपमेंट एसोसिएशन यानी आईसीडीए ने अपने यहां ऐसे लोगों के लिए तीन से छह माह की अवधि का शार्ट टर्म कोर्स शुरू किया है।

**करियर काउंसिलर का रोल:** करियर काउंसिलर आज युवाओं और छात्रों को सिर्फ करियर ही नहीं बता रहा है बल्कि एप्टीट्यूट की परख भी करता है। किस करियर के लिए किस तरह की योग्यता और दक्षता जरूरी है इसकी जानकारी देता है। वह व्यक्तिगत तौर पर हरेक के ज्ञान, स्किल और एबिलिटी की परख या मूल्यांकन करके यह भी बताता है कि आप किस क्षेत्र में जाने के लिए 'फिट' हैं। जैसे कि मार्केटिंग या सेल्स से संबंधित नौकरी में वही सफलता पा सकता है या बेहतर कर सकता है जो बहिमरुखी स्वभाव का है। करियर काउंसिलर हर व्यक्ति का करियर पाथ यानी रास्ता तैयार करने में खासा मदद करता है। सर्विस में रहने वाला व्यक्ति अक्सर मोटिवेशन से रहित हो जाता है। वह एक ही काम को करते करते बोर हो जाता है। उसमें काम करने की लालसा या इच्छा कम हो जाती है। ऐसे लोगों का मूल्यांकन करके करियर काउंसिलर नई राह दिखाता है। उसकी इच्छा के अनुरूप दूसरा काम बताता है।

परीक्षा की तैयारी कैसे करनी है, यह काम छात्रों के एप्टीट्यूट को देखकर भी काउंसिलर बखूबी करता है। आखिरी दिनों में परीक्षा के तनावों को दूर करते हुए करियर काउंसिलर छात्र छात्राओं को सही रास्ता और सफलता पाने की रणनीति बताता है। तैयारी के गुर सिखाता है। बाजार में विविध तरह की नौकरियों में क्या चुनौतियां हैं, इसके लिए क्या तनाव हो सकते हैं, इसे दूर करने के लिए काउंसिलिंग की जरूरत पड़ती है। बच्चों में हीनभावना या अवसाद को दूर करके करियर काउंसिलर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। वह उसमें नकारात्मक सोच को हावी नहीं होने देता।




**योग्यता व दक्षता :** आमतौर पर इस क्षेत्र में एमए मनोविज्ञान या शिक्षा जगत से जुड़े अनुभवी लोगों को बुलाया जाता है। इस क्षेत्र में आने वाले युवाओं को छात्रों और बच्चों के मनोविज्ञान की समझ होनी चाहिए। रोजगार से जुड़ी तमाम जानकारी को अपडेट रखना जरूरी है। साइकोमेटिक में महारत की अपेक्षा की जाती है। इस क्षेत्र में आने वाले व्यक्ति को एक बेहतर वक्ता और दूसरे की बात सुनने और फिर समझाने की कला भी आनी चाहिए। किसी करियर का क्या महत्व है इससे भलीभांति परिचित होना चाहिए।

**अवसर कहां-कहां:** करियर काउंसिलर के लिए आज सबसे बड़ी मांग स्कूलों से आ रही है। निजी स्कूलों में छात्रों को सही करियर का चुनाव करने में मदद करने के लिए करियर काउंसिलर रखे जा रहे हैं। ये काउंसिलर छात्रों को जिंदगी का लक्ष्य तय करने में मदद करते हैं। उनकी योग्यता, क्षमता और करियर के बीच तालमेल बैठाते हैं। देश के विभिन्न विविद्यालयों में इनकी नियुक्ति हो रही है। यूजीसी ने 11वें प्लान में कॉलेजों को अलग से करियर से ल बनाने को कहा है जहां ऐसे काउंसिलर रखे जाएंगे। प्लेसमेंट सेल में करियर काउंसलर को अवसर दिया जा रहा है। बतौर करियर काउंसिलर निजी तौर पर रेडियो, टीवी और पत्र पत्रिकाओं में सर्विस मुहैया कराकर अच्छी खासी कमाई की जा सकती है। बाजार में रोजगार के अवसर बताने और परीक्षा की तैयारी कराने के लिए कई तरह की पत्रिकाएं हैं जहां ऐसे लोगों की मांग है। इंटरनेट पर चल रही वेबसाइट जैसे नौकरी डॉटकॉम आदि या शिक्षा जगत से जुडी अन्य वेबसाइट भी करियर काउंसिलर की सेवाएं ले रही हैं। करियर से जुड़ी एजेंसी या संस्थान खोलकर स्वरोजगार के तहत लाखों रुपये कमाने का मौका मिल रहा है। कॉरपोरेट जगत भी अपने यहा मानव संसाधन विभाग में अब करियर काउंसिलर रखने लगा है।

**वेतन :** बतौर करियर काउंसिलर स्कूलों में वेतन 30 से 35 हजार रुपये हैं। लेकिन मुख्य तौर पर यह काम निजी उद्यम के रूप में बढ़ रहा है। इसमें प्रतिष्ठित करियर काउंसिलर की कमाई प्रतिमाह लाख से दो लाख रुपये हैं।

**कोर्स कराने वाले प्रमुख संस्थान-**

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विविद्यालय, दिल्ली
- दिल्ली विविद्यालय, दिल्ली
- जामिया मिलिया इस्लामिया विविद्यालय, दिल्ली

# कैसे करें सैलरी निगोसिएशन

जब भी आप किसी नई कंपनी में नौकरी के लिए जाएं तो अपनी वर्तमान सैलरी को बताने में जल्दबाजी न करें। अपने पिछले परफॉ र्मेस, रेटिंग, उपलब्धियों आदि के बारे में बताएं। लेकिन सैलरी के बारे में इस बात का ध्यान रखें कि झूठ न बोलें। नई कंपनी में वहां कार्यरत एम्प्लाई को कितनी सैलरी मिलती है और उसके अलावा कौन-कौन से इंसेटिव मिलते हैं, इसकी जानकारी होने से निगोसिएशन करने में आपको आसानी रहेगी



आज का युवा महत्वाकांक्षी है और करियर की खातिर वह ऊंची से ऊंची डिग्री प्राप्त करता है ताकि उसे हैंडसम सैलरी मिले। लेकिन उसके चाहने मात्र से उसकी ख्वाहिश पूरी नहीं होती क्योंकि उसे मोलभाव करने की कला नहीं आती। यही कारण है कि एम्प्लायर जो भी ऑफर देता है, वह उसे स्वीकार कर लेता है। जिन युवाओं को मोलभाव करना आता है, वे चंद ही वर्षो में कहां से कहां पहुंच जाते हैं। ऐसे युवा एक कंपनी को छोड़कर दूसरी कंपनी में जाते रहते हैं। कंपनियां भी उनकी योग्यता और अनुभव को देखते हुए उन्हें ऊंचे पैकेज पर अपने यहां रख लेती हैं। ये वे युवा हैं जो अपनी शतरे पर नौकरी करते हैं यानी हर बार अधिक पैकेज की शर्त।

वैभव ने एमबीए किया है। तीन साल पहले जब वह एक कंपनी में इंटरव्यू देने गया तो कंपनी ने उसके सामने 5 लाख सालाना पैकेज का प्रस्ताव रखा। उसने इस प्रस्ताव को स्वीकार करने की बजाय अपनी तरफ से 7 लाख का प्रस्ताव कंपनी को दिया। अंत में 6 लाख के पैकेज पर मामला तय हुआ। इसके दो साल बाद उसने एक नई कंपनी में जॉब के लिए आवेदन किया। कंपनी उसे आठ लाख के पैकेज का ऑफर दे रही थी जिसे उसने ठुकरा दिया और 9 लाख का पैकेज मांगा। उसका पिछला परफॉम्रेस और रेटिंग देखकर उसकी 9 लाख सालाना सैलरी तय हो गई।

इसके विपरीत राजेन्द्र ने पांच साल पहले एमबीए करके बिना कोई मोलभाव किए मात्र एक लाख अस्सी हजार के सालाना पैकेज पर नौकरी ज्वाइन कर ली। पांच साल में वह अभी तक 2.25 लाख के सालाना पैकेज पर ही पहुंचा है।

जहां भी आप जॉब के लिए जाते हैं, एम्प्लायर आपसे आपकी अपेक्षा जानना चाहता है, कि आप कितनी सैलेरी की चाह रखते हैं। संकोचवश आप या तो बोल नहीं पाते या फिर उसी पर छोड़ देते हैं। यदि स्वयं बताते भी हैं तो इतनी कम कि सामने वाला तुरंत तैयार हो जाता है इसलिए सैलरी के बारे में पहले उसे ही बोलने दीजिए कि उसका ऑफर क्या है? हो सकता है उसका शुरुआती ऑफर आपकी अपेक्षा से बहुत कम या बहुत अधिक हो। दोनों ही स्थितियों में उस ऑफर को तुरंत स्वीकार नहीं करना चाहिए। आप निगोसिएशन करें। इससे जो भी सैलरी निर्धारित होगी वह आपके पक्ष में ही होगी।

नई कंपनी में नौकरी के लिए जाएं तो अपनी वर्तमान सैलरी को बताने में जल्दबाजी न करें। अन्यथा आपकी सैलरी उसके आसपास ही तय होगी और आप किसी बड़े लाभ से वंचित रह जाएंगे। बेहतर होगा कि सामने वाले को अपने पिछले परफॉर्मेस, रेटिंग, उपलब्धियों आदि के बारे में बताएं। जब तक वह स्वयं आगे होकर न पूछे वर्तमान में मिल रही सैलरी को न बताएं। इस बात का ध्यान रखें कि इन संबंध में झूठ न बोलें। यदि आपका सालाना पैकेज 4 लाख का है तो उसे 6 लाख का न बताएं, अन्यथा आप मुसीबत में पड़ जाएंगे।

किसी भी नई कंपनी में जॉब तलाशने से पूर्व उसके बारे में ठीक से पता लगा लेना चाहिए ताकि यह पता चले कि वहां कार्यरत एम्प्लाई को कितनी सैलरी मिलती है और उसके अलावा कौन-कौन से इंसेटिव मिलते हैं? इसकी जानकारी होने से निगोसिएशन करने में आपको आसानी रहेगी। आपको स्टैंडर्ड मार्केट सैलरी भी ज्ञात होना चाहिए। चाहे तो इसके लिए ऑनलाइन रिसर्च कर सकते हैं।

# सफलता सिर्फ एक बार हासिल करने की चीज नहीं है

***सफलता*** की विशेषताओं के बारे में जानना एवं विशेषण करना सरल है, परंतु इनको अपने व्यक्तित्व में समाहित करना एक वास्तविक चुनौती है। सफलता की विशेषताओं में सकारात्मक सोच, स्वयं पर विश्वास, साहस, लक्ष्य के प्रति समर्पण, कुशल समय प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन आदि गुण सम्मिलित होते हैं। इनसे एक सजग व्यक्ति भली-भांति परिचित होता है। हर व्यक्ति इन गुणों को स्वयं में उतारने एवं बनाए रखने का इच्छुक होता है। किंतु जब उसका वास्तविकता से सामना होता है, तो पता चलता है कि इनका अभ्यास करना कठिन है। ऐसा आकांक्षा एवं इच्छाशक्ति के बीच एक बड़ा अंतर होने की वजह से होता है। सफलता के कारकों की सूची काफी लंबी हो सकती है, यदि इनको विभिन्न शीर्षकों-उपर्शीषकों में रखा जाए, परंतु सरल बनाने के क्रम में उनको चार शीर्षकों के अंतर्गत रखना पसंद करता हूं। जिनको सफलता के पहिए की चार तीलियां कहा जा सकता है। ये हैं-मस्तिष्क, समय, ऊर्जा एवं मानवीय संबंध। ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्रदान किए गए इन चार बेशकीमती उपहारों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन कर आप जीवन की किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं।

सफलता की शुरुआत आप के स्वयं की पहचान के साथ होती है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता, शांति एवं प्रसन्नता हासिल करने एवं उसका अभिवर्धन हासिल करने की असीम क्षमता के साथ ईश्वर का एक अद्वितीय सृजन होता है। स्वयं की क्षमता एवं अद्वितीयता की समझ एवं पहचान एक अद्भुत अनुभव है। मै स लुकाडो कहते हैं-आप एक दुर्घटना नहीं हो सकते। आप थोक में पैदा नहीं हुए। आप जैसे तैसे पुर्जों को जोड़कर बनाए गए उत्पाद नहीं हैं। आप सर्वशक्तिमान स्त्रष्टा द्वारा जानबूझकर नियोजित, विशिष्ट उपहार में दिए गए तथा बड़े प्यार से इस धरती पर उतारे गए हैं। हममें से हरेक व्यक्ति का इस धरती पर आने का एक उद्देश्य होता है और हर व्यक्ति में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कुछ अद्वितीयता होती है।

सफलता की कला वास्तव में हमारे मस्तिष्क के दक्षतापूर्ण संचालन की एक कला है। यहां, यह समझना महत्वपूर्ण है कि साक्षरता एवं शिक्षा में बहुत बड़ा अंतर होता है। एक व्यक्ति बिना साक्षर हुए भी पूर्ण रूप से शिक्षित हो सकता है। अकबर महान इसका एक सर्वोज़ाम उदाहरण हैं। बहुत से संत महात्मा एवं धार्मिक गुरु निरक्षर थे, किंतु वे काफी ज्ञानी थे। दूसरी ओर, हमारे देश में या विश्व में कहीं भी साक्षर और उच्च डिग्री प्राप्त लोगों की संख्या काफी अधिक है, लेकिन उन लोगों की संख्या काफी कम होती है जो उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने तथा इस विश्व को कुछ अर्थपूर्ण योगदान दे जाने के लिए वास्तविक रूप से स्वयं को शिक्षित होने का दावा करते हैं। सच्चे अर्थ में शिक्षा का सीधा संबंध आत्मबोध से होता है। अकादमिक शिक्षा हमें साक्षर और सूचनाओं एवं ज्ञान से समृध्द बना सकती है, लेकिन उनका इस्तेमाल एवं अर्थवज़ा हमारी वास्तविक शिक्षा की शक्ति पर निर्भर करती है। गैलीलियो का कहना है कि आप व्यक्ति को कुछ भी नहीं सिखा सकते। आप उसे स्वयं के अंदर ढूंढ़ने में केवल सहायता कर सकते हैं। ईश्वर ने पहले से ही हमारे मस्तिष्क को शक्ति प्रदान कर रखी है, हमें सिर्फ इस बात की खोज करनी है कि हम अधिकतम लाभ के लिए उसका कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। एक सच्चा शिक्षक वही है, जो अपने विद्यार्थी के मस्तिष्क की मौलिकता को मारे नहीं, बल्कि उसे आत्मानुभूति करने में सहायता प्रदान करे। मैं इस संबंध में गौतम बुध्द के दर्शन में काफी विश्वास करता हूं। वे कहते हैं कि किसी भी चीज पर तब तक विश्वास मत करो, जब तक कि वह तु हारे अपने विवेक एवं अपनी सहज बुध्दि को स्वीकार्य न हो, चाहे जहां से तुमने उसे पढ़ा हो, या जिसने भी कहा हो, यहां तक कि मैंने भी कहा हो।



## एक चिंगारी ने ले ली पटाखा यूनिट में काम करने वाले 11 लोगों की जान

चेन्नई ।तमिलनाडु की अरियालुर पटाखा यूनिट में विस्फोट में अब तक 11 लोगों की जान चली गई है।आज फिर विस्फोट में झुलसे एक और पीड़ित की मौत हो गई।इस तरह से मंगलवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई।मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 80 फीसदी जली हालत में तंजावुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए 21 वर्षीय मुरुगानंदम की मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान पी. सीनू (24), डी. पन्नीरसेल्वम (55), एस.रवि (45), आर. शिवकामी (45), के. रासथी (43) और एस. वेन्निला (38), के. अराविलगन (57), यू. शिवकुमार (50) और वी. आनंदराज (54) के रूप में हुई है।एक पुरुष के शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।जिस फैक्ट्री और गोदाम में सोमवार को यह घटना घटी वह वेत्रियुर मदुरा विरागुलर गांव में स्थित है।फैक्ट्री के मालिक राजेंद्र (65) और उनके दामाद अरुण कुमार (39) को गिरफ्तार कर लिया गया है।इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर, राजेंद्रन ने 30 और श्रमिकों को नियुक्त किया था जो पटाखों की मांग को पूरा करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे थे, जब यह घटना हुई। विस्फोटक घटकों में एक चिंगारी के कारण बड़ी तबाही हुई और आग ने पटाखा यूनिट और गोदाम परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।जबकि अन्य लोग सुरक्षा के लिए भागे, उनमें से ग्यारह की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 3 लाख रुपये और विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों को 1 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

## गुलाबी सर्दी ने दी दस्तक, शिमला में खिली धूप तो धर्मशाला में हुई बारिश

शिमला ।हिमाचल प्रदेश में गुलाबी सर्दी ने दस्तक दे दी है।प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की सर्दी के दौरान पर्यटकों द्वारा धूप सेंकने का आनंद भी लिया जा रहा है।हालांकि धर्मशाला में तेज बारिश होने के भी समाचार हैं।इतना ही नहीं सूबे के 4 जिलों में बर्फबारी भी देखने को मिली है।फिलहाल, मौसम साफ बना हुआ है।लेकिन बीती रात को काफी तेज बारिश और बर्फबारी हुई है।मौसम विभाग ने आज यहां बारिश का अनुमान लगाया है।जानकारी के अनुसार, बीती रात को किन्नौर जिले में मौसम ने करवट बदली और जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों और पहाड़ों पर सीज़न की पहली बर्फबारी हुई।इस दौरान किन्नौर के निचले क्षेत्रों में हल्की-हल्की बारिश होने से मौसम कूल-कूल हो गया।चंबा और शिमला में धूप खिली है। ऊंचाई वाले गाँव छितकुल और नेसंग में बर्फबारी शुरू होने से सेब तूड़ान का काम प्रभावित हुआ है।फिलहाल, किन्नौर में ठंड महसूस की जा रही है।मौसम के करवट लेने के बाद अब मनाली के रोहताँग पास सहित आसपास के क्षेत्रों में देर रात को ताज़ा बर्फ़बारी हुई है। इससे मनाली और आसपास के इलाकों में ठंड बढ़ गई है। घाटी में अक्तूबर के पहले सप्ताह के बाद बर्फबारी से सर्दियों ने भी दस्तक दी है।यहां पर पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।जानकारी बता रहे हैं ?कि धर्मशाला में विश्वकप के मैचों के आयोजन में मौसम बाधा बन सकता है।देर रात यहां बारिश हुई है।अभी धर्मशाला में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब है। लेकिन दिन भर धूप खिली रहने की भी उम्मीद है।यहां पर दिन में बारिश की संभावना 20 फीसदी रहेगा।धौलाधार की बर्फ़ीली वादियाँ भी दर्शकों का आज मन मोहने वाली हैं।हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में केलांग घाटी में बीती रात को मौसम बदला और रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कुंजोम जोत समेत ऊंची चोटियां ने बर्फ़ की सफ़ेद चादर से ढकी। निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है। यहां पर मौसम के अचानक करवट लेने से तापमान में गिरावट आई है। फिलहाल, घाटी में मंगलवार सुबह के समय मौसम साफ़ बना हुआ है।प्रदेश के दूसरे जिलों में हल्की बारिश के अलावा, शिमला में धूप खिली है।हालांकि, बीच बीच में बादल भी डेरा डाल रहे हैं, लेकिन यहां पर अच्छी धूप खिली हुई है।मौसम के बदलने से लाहौल स्पीति के कुकुमसेरी में न्यूनतम पारा 4 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है।मौसम विभाग ने 10 अक्तूबर के बाद अगले तीन दिन तक मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है।

## भड़काऊ भाषण मामले में अरुंधति रॉय के खिलाफ चलेगा मुकदमा, दिल्ली के राज्यपाल ने दी मंजूरी



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ उनके कथित भड़काऊ भाषणों को लेकर 2010 के एक मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। दोनों पर 2010 में दिल्ली में एक सेमिनार के दौरान भारत विरोधी टिप्पणी करने का आरोप था। 'आज़ादी- द ओनली वे' नामक एक सम्मेलन में उनके भाषणों को लेकर सुशील पंडित और 'रूट्स इन कश्मीर' नाम के एक कश्मीरी पंडित संगठन द्वारा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा कि अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया धारा 153ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 153बी (राष्ट्रीय-एकीकरण के लिए प्रतिकूल आरोप, दावे) और 505 (जनता को भड़काने वाले बयान) के तहत अपराध करने का मामला बनाया गया था। हालाँकि, राजद्रोह का मामला बनने के बावजूद, उपराज्यपाल ने आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह) के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी, क्योंकि मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि राजद्रोह के आरोपों के तहत सभी लंबित परीक्षणों और कार्यवाही को स्थगित रखा जाए।

## केंद्र के चुनावी बांड योजना को चुनौती: सुप्रीम कोर्ट 31 अक्टूबर से करेगा अंतिम सुनवाई

नई दिल्ली उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 'चुनावी बांड योजना' की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी।मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है।पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड योजना को इस लिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था।इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है।इस योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है।इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी भी बढ़ावा देता है।

## स्कैन से बने एक करोड़ से अधिक ओपीडी कार्ड

नई दिल्ली।राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने एबीएचए-आधारित स्कैन और शेयर सेवा का प्रयोग करके ओपीडी पंजीकरण के लिए एक करोड़ से अधिक टोकन बनाने का एक बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत अक्टूबर 2022 में शुरू की गई यह कागज रहित सेवा मरीजों को आउट-पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) पंजीकरण काउंटर पर रखे गए क्यूआर कोड को स्कैन करने और तत्काल पंजीकरण के लिए अपनी एबीएचए प्रोफ़ाइल साझा करने की अनुमति देती है।यह सेवा इस समय भारत के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 419 जिलों में 2,600 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं में है।

# भाजपा के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी', कांग्रेस देगी वास्तविक हक : राहुल

**ब्यौहारी (शहडोल), (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी' हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें जमीन का मालिक मानते हुए उन्हें उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री गांधी मध्यप्रदेश के आदिवासीबहुल जिले शहडोल के ब्यौहारी में कांग्रेस की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। कल मध्यप्रदेश के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद श्री गांधी की प्रदेश में ये पहली चुनावी सभा थी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को सदा आदिवासी बोलती है, जबकि भाजपा उनके लिए 'वनवासी' शब्द का उपयोग करती है। आदिवासी का अर्थ है, जो हिंदुस्तान में सबसे पहले रहते थे और जो यहां की जमीन के मालिक हैं, जबकि वनवासी का मतलब है, जो सिर्फ वनों में रहते हैं और उनका जमीन पर कोई हक नहीं है। इसी दौरान श्री गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासियों के लिए पहले वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते थे, लेकिन उन्होंने (श्री गांधी ने) श्री मोदी से कहा कि वे इस शब्द का इस्तेमाल कर आदिवासियों का अपमान ना करें, उसके



बाद से प्रधानमंत्री ने वनवासी शब्द का इस्तेमाल बंद कर दिया है।

कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस पेसा कानून लेकर आई, लेकिन भाजपा ने उसे रद्द कर दिया। इसी दौरान उन्होंने दावा किया कि कमलनाथ सरकार ने मध्यप्रदेश में आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिए थे, लेकिन बाद में आई भाजपा सरकार ने आदिवासियों को डरा कर उनकी जमीन छीन ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर आदिवासियों को उनका जमीन का हक वापस किया जाएगा। श्री गांधी ने जातिगत जनगणना के मुद्दे को भी एक बार फिर उठाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश से जुड़े सभी निर्णय 90 अधिकारी लेते हैं। इनमें से ओबीसी वर्ग के तीन अधिकारी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार अगर एक रुपए के बजट का फैसला लेती है तो उसमें से 10 पैसे के बजट का फैसला भी आदिवासी अधिकारी नहीं करते। इस स्थिति को दूर करने के लिए कांग्रेस जातिगत जनगणना कराना चाहती है।

## आठवें आयुर्वेद दिवस की मुख्य विषयवस्तु - हर दिन सभी के लिए आयुर्वेद

नई दिल्ली।केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को आठवें आयुर्वेद दिवस के लिए 'हर दिन सभी के लिए आयुर्वेद卐 की मुख्य विषयवस्तु पर महीने भर चलने वाले आयुर्वेद उत्सव अभियान की शुरुआत की।श्री सोनोवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पूरे भारत में आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के संबंध में एक महीने तक चलने वाले उत्सव अभियान का अनावरण किया।आयुर्वेद दिवस भगवान धन्वंतरि के सम्मान में पूरे भारत में मनाया जाता है।यह धनतेरस के साथ भी मनाया जाता है।केंद्रीय मंत्री ने आयुर्वेद के जन आरोग्य पहलू के लिए जन संदेश, जन भागीदारी और जन आंदोलन पर जोर दिया और कहा कि आयुष मंत्रालय का मानव कल्याण को बढ़ावा देने में आयुर्वेद की क्षमता का पता लगाने का लक्ष्य है। आयुर्वेद लोगों की भलाई के अलावा पर्यावरण, पौधों, जानवरों आदि की भलाई भी है।श्री सोनोवाल ने महीने भर चलने वाले समारोहों के पूरे सरकारी दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि छात्रों, किसानों और जनता को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने के लिए पूरे भारत में एक महीने तक चलने वाले समारोहों की योजना बनाई गई है।इस वर्ष आठवां आयुर्वेद दिवस 10 नवंबर है।उन्होंने कहा कि विषय का चयन कृषि-आयुर्वेद को बढ़ावा देने, लोगों को स्वयं-भागीदारी के लिए सशक्त और प्रोत्साहित करके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और आयुर्वेद की क्षमता का दोहन करने के लिए पेशेवरों को उत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया गया है।इसमें टिकाऊ कृषि, मानव, पशु, पौधे, वन और जलीय कृषि स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा आदि पर ध्यान केंद्रित करने वाले क्षेत्रों का एक स्पेक्ट्रम शामिल है।

# दिल्ली में अमित शाह से मिले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल, मनरेगा बकाया और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की

**कोलकाता/नई दिल्ली(एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल को पश्चिम बंगाल में मनरेगा के बकाये का मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाने का आश्वासन देने के एक दिन बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान, दोनों के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई। कोलकाता में राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, राज्यपाल ने मनरेगा के मद में केंद्र की बकाया निधि को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार के दावों के बारे में शाह से बात की।

उन्होंने बताया, 'चर्चा प्राथमिक रूप से मनरेगा के मद में पश्चिम बंगाल पर केंद्र सरकार के बकाये पर केंद्रित थी। बोस ने शाह को उत्तर बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी।' अधिकारी के अनुसार, टीएमसी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के तुरंत बाद बोस सोमवार शाम को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे।

केंद्र सरकार ने पहले दावा किया था कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से जुड़े पश्चिम बंगाल के खातों में विसंगतियां थीं और इसलिए भुगतान में देरी हुई। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस मुद्दे को तुरंत संबोधित करने के लिए मंगलवार को बोस का आभार जताया।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञताज मनरेगा के तहत वंचित पश्चिम बंगाल के 21 लाख से अधिक व्यक्तियों के



उचित अधिकारों के लिए राज्यपाल के त्वरित हस्तक्षेप के वास्ते उनका आभार।' टीएमसी में दूसरे नंबर के नेता की हैसियत रखने वाले अभिषेक ने बोस द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र की प्रति भी साझा की।

इस पत्र में राज्यपाल ने लिखा है, 'प्रिय अभिषेक बनर्जी, 9.10.2023 को मुझे सौंपे गए ज्ञापन में उल्लिखित मुद्दा भारत सरकार के समक्ष उठाया गया है।' पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक ने सोमवार को राज भवन में टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था और मनरेगा बकाये से जुड़े मुद्दे पर बोस को एक ज्ञापन सौंपा था।

बैठक के बाद राज भवन के बाहर टीएमसी का पांच दिवसीय धरना खत्म हो गया था। शनिवार को राज्यपाल ने दार्जीलिंग में टीएमसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी, जिसके बाद सोमवार को दोनों पक्षों के बीच राजभवन में बैठक हुई, जिसमें अभिषेक भी मौजूद थे। अभिषेक ने हालांकि धमकी दी कि अगर श्रमिकों को मनरेगा मजदूरी का 'भुगतान न किए जाने' के संबंध में संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो एक नवंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के नेतृत्व में आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। अभिषेक ने टीएमसी विधायकों, सांसदों, मंत्रियों और मनरेगा कार्यकर्ताओं के साथ हाल ही में नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन किया था। उन्होंने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से मिलने के लिए कृषि भवन में ग्रामीण विकास मंत्रालय का रुख किया था। हालांकि, अभिषेक ने दावा किया कि लगभग डेढ़ घंटा इंतजार कराने के बाद मंत्री ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बैठकों में वित्त मंत्री सीतारमण उठाएंगी कई महत्वपूर्ण मुद्दे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतराष्ट्रीय मंचों पर भारत हमेशा ही जनहित के मुद्दे उठाता रहा है। इस बार 11 से 15 अक्टूबर तक मोरक्को के माराकेच में जी20 बैठकों के साथ-साथ विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन करेंगी। इन बैठकों में शामिल होने के लिए वित्त मंत्री आज 10 अक्टूबर को रवाना हो रहीं है।वित्तमंत्री निर्मला और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे, जिसमें जी20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 65 प्रतिनिधिमंडल बहुपक्षीय चर्चाओं में भाग लेंगे।

इन बैठकों में बैंकों की मजबूती और तमाम वित्तीय चुनौतियों पर चर्चा होगी। जिसमें क्रिप्टो परिसंपत्तियों का मुद्दा भी उठाया जाएगा। बैठक के दौरान, स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह द्वारा एमडीबी को मजबूत करने पर रिपोर्ट का खंड 2 भी जारी किया जाएगा। खंड 1 गांधीनगर, गुजरात में आयोजित तीसरे एफएमसीबीजी के दौरान जारी किया गया था।

इसके अलावा गोलमेज सम्मेलन ऋण पुनर्गठन पर हुई प्रगति पर चर्चा करेगा और तरीकों का पता लगाएगा। इसका मतलब जी20 देशों के काम का समर्थन करना है।यूएसए ट्रेजरी द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय वित्तमंत्री आईएमएफ नीति प्राथमिकताओं और संस्थान को अपनी सदस्यता का समर्थन कैसे करना चाहिए विषय पर एक गोलमेज चर्चा में भाग लेंगी।

केंद्रीय वित्तमंत्री जी7 जापान प्रेसीडेंसी द्वारा विश्?व बैंक समूह के साथ लचीला और समावेशी आपूर्ति-श्रृंखला संवर्धन (आरआईएसई) के लिए साझेदारी पर एक चर्चा में भी भाग लेंगे।माराकेच में आईएमएफ-डब्ल्यूबी की वार्षिक बैठक से इतर, वित्तमंत्री जी7 अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दौरान व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण पर चर्चा में भाग लेंगी।जर्मन संघीय आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्रालय और वैश्विक विकास केंद्र द्वारा सह-मेजबानी में निर्मला एमडीबी विकास विषय पर एक सत्र में अपनी बात रखेंगी।

## ईडी ने ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां की कुर्कु

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** धन शोधन मामलों की जांच करने वाली वित्त मंत्रालय की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्कु की हैं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अवैध कमाई के माध्यम से अर्जित की थीं। ईडी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सम्पत्तियां राजा की बेनामी कंपनी मेसर्स कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थी। इन्हें राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत कुर्कु किया गया है। बयान में कहा गया है कि पीएमएलए के तहत स्थापित निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि की। विज्ञप्ति के मुताबिक ईडी की जांच में पता चला कि राजा पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान (2004 से 2007 तक) एक गुरुग्राम की एक रियल-एस्टेट कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में है और इसके शेयर बीएसई में सूचीबद्ध हैं। बयान के अनुसार रियल-एस्टेट कंपनी ने बदले में ए. राजा को रिश्वत दी है। यह रिश्वत वर्ष 2007 के आसपास भूमि के लिए कमीशन के रूप में राजा की बेनामी कंपनी के हाथ में गयी। यह कंपनी राजा ने 2007 में अपनी अपने परिवार के सदस्यों और उनके करीबी पारिवारिक मित्रों के नाम पर गठित की थी। इस कंपनी के गठन का एक मात्र उद्देश्य अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने का एक मार्ग निकालना था। इस कंपनी का कोई कारोबार नहीं थी। विज्ञप्ति के अनुसार ईडी की जांच से पता चला कि इस कंपनी को मिले कमीशन के पैसे से कोयंबटूर में लगभग 55 करोड़ रुपये की 45 एकड़ जमीनें खरीदी गयी।

# चुनाव आयोग की सुनवाई के बीच अजित पवार ने खुद को बताया एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मुंबई, (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट को लेकर चुनाव आयोग में चल रही सुनवाई के बीच अजित पवार ने खुद को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया। अजित पवार आठ अन्य एनसीपी विधायकों के साथ इस साल 2 जुलाई को महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए। उन्होंने शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंगलवार को उन्होंने कार्यालय में 100 दिन पूरे कर लिए। इस दौरान उन्होंने एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के अपने कदम का बचाव किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राज्य की राजनीतिक इतिहास को देखे तो कई शीर्ष राजनेताओं ने अतीत में ''अलग रुख'' अपनाया था।

अपने इस बयान से कही ना कही उन्होंने अपने चाचा शरद पवार पर निशाना साधा है। अजित पवार ने एक बयान में कहा कि रोजगार, समाज के सभी वर्गों का आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सभी कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एनसीपी सत्ता के माध्यम से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए




प्रतिबद्ध है। आलोचना किसी भी राजनेता के जीवन का अभिन्न अंग है। मैं हमेशा रचनात्मक आलोचना का संज्ञान लेता हूं। मैं सकारात्मक और विकासात्मक राजनीति में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को उसके तार्किक अंत तक ले जाना और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही मेरा विश्वास है।

अजित पवार ने कहा कि राकांपा छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले, शाहू महाराज, डॉ बी.आर. आंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण के आदर्शों में विश्वास करती है। मेरे नेतृत्व में पार्टी इस विरासत को जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के राजनीतिक इतिहास में, कई शीर्ष नेताओं ने अलग-अलग राजनीतिक रुख अपनाया है। प्रत्येक नेता मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक स्थिति के आधार पर अपना रुख अपनाता है। उन्होंने कहा कि मेरे नेतृत्व में राकांपा ने दो जुलाई, 2023 को इसी तरह का रुख अपनाया और राज्य सरकार में शामिल हो गई। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नाम और चुनाव चिह्न पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के दावों पर सुनवाई की, हालांकि शरद पवार के नेतृत्व वाले पार्टी के धड़े ने तर्क दिया कि उनके प्रतिद्वंद्वी खेमे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में विसंगतियां हैं। आयोग ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न संबंधी दावों को लेकर शरद पवार तथा अजित पवार नीत खेमों की दलीलें सुनने के लिए अगली तारीख नौ नवंबर तय की।

# 41 किमी लंबी जमीन का टुकड़ा है गाजा पट्टी, जिसके लिए हो रहा भीषण युद्ध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गाजा पट्टी 41 किमी जमीन का वह टुकड़ा है जिसके लिए इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा युद् किया जा रहा है। हमास द्वारा इजरायल में किए गए हमले के बाद अभी तक दोनों तरफ से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। इजरायली पीएम नेतन्याहू के जंग के ऐलान के बाद इजरायल की सेना और वायुसेना हमास आतंकियों को सबक सिखा रही है। उस गाजा पट्टी पर लगातार राकेट से हमले जारी है जिसे लेकर इजरायल हमेशा से आक्रामक रहा है। दरअसल गाजा पट्टी, इज़राइल, मिस्र और भूमध्य सागर के बीच बसा एक छोटा सा क्षेत्र है जिसे दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी जाना जाता है। आतंकी इस्लामी फिलिस्तीनी संगठन हमास गाजा से ही इजरायल पर हमले कर रहा है। गाजा पट्टी लगभग दस किलोमीटर चौड़ा और 41 किलोमीटर लंबे क्षेत्र है और यहां 20 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इसका मतलब है कि प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन लगभग 5,500 लोग लोग रहते हैं।

वहीं इजरायल की बात करें तो यहां औसत जनसंख्या घनत्व लगभग 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है, जिससे आप समझ सकते हैं कि गाजा में कितनी घनी आबादी रहती है। गाजा पट्टी में रहने वाले लोग फ़िलिस्तीनी हैं। इसमें रहने वाले लोगों में यहां के मूल निवासी और शरणार्थी दोनों शामिल हैं। शरणार्थी यहां 1948 में इजरायल की स्थापना और उसके बाद इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के बीच हुए सैन्य संघर्ष के बाद भागकर आ गए थे। यहां रहने वाले अधिकांश लोग उत्तर में, विशेषकर गाजा शहर में रहते हैं। यहां की जनसंख्या बहुत युवा है, लगभग 40त्न जनसंख्या 15 वर्ष से कम आयु की है। पूर्वी यरुशलम के साथ वेस्ट बैंक की सीमा इज़राइल, मृत सागर और जॉर्डन से जुड़ी हुई है। यह गाजा पट्टी बिल्कुल अलग है। यहां पर फतह पार्टी का शासन है जो फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन का सबसे मजबूत गुट है, जो इजरायल के अस्तित्व के अधिकार को मान्यता देता है और अधिकांश पश्चिमी देशों द्वारा इसे फिलिस्तीनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले के रूप में देखा जाता है।

फिलिस्तीन और कई दूसरे मुसलमान देश इजराइल को यहूदी राज्य के रूप में मानने से इनकार करते हैं। 1947 के बाद जब यूएन ने फिलिस्तीन को यहुदी और अरब राज्य में बांट दिया था जिसके बाद से फिलिस्तीन और इजरायल के बीच संघर्ष जारी है। इजरायल ने 25 सालों तक इस गाजा पट्टी पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन दिसंबर 1987 में गाजा के फिलिस्तिनियों के बीच दंगों और हिंसक झड़प ने एक विद्रोह का रूप ले लिया। सितंबर 2005 में इजराइल ने क्षेत्र से पलायन पूरा कर लिया और गाजा पट्टी पर नियंत्रण को फिलिस्तीनी अथॉरिटी (पीए) को सौंप दिया। हालांकि, इजरायल ने क्षेत्ररक्षा और हवाई गश्त जारी रखी। 2007 से गाजा पट्टी पर उग्रवादी इस्लामी समूह हमास का शासन है। हमास इज़रायल के साथ शांति प्रक्रिया को अस्वीकार करता है, यही वजह है कि उसने 7 अक्टूबर को अब तक का सबसे भीषण हमला किया है।



## चीनी दूतावास में टक्कर मारने वाले कार चालक की पुलिस गोलीबारी में मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में चीनी वाणिज्य दूतावास में कार से टक्कर मारने वाले शख्स की गोलीबारी में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार एक कार चालक को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। पुलिस सार्जेंट कैथरीन विंटर्स ने मीडिया को बताया कि अधिकारियों ने चीनी मिशन में घुसे कार चालक से संपर्क किया, जिसके बाद दोनों पक्षों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध की जान बचाने की हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दूतावास क्षेत्र में दोपहर तीन बजे के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर जनता से इस इलाके से दूर रहने का आग्रह किया। टेलीविजन चैनल पर प्रसारित वीडियो में एक वाहन को चीनी वाणिज्य दूतावास की इमारत में टक्कर मारते देखा जा सकता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वीजा कार्यालय से एक कार को टकराते हुए देखा गया, जिसके बाद इमारत के सामने वाले हिस्से की घेराबंदी कर दी गई। विंटर्स के मुताबिक, उन्हें यह नहीं पता है कि वाहन इमारत से क्यों टकराया और उस समय कितने लोग उसके अंदर थे, लेकिन इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय और चीनी वाणिज्य दूतावास के जांचकर्ताओं के साथ पुलिस घटना की तफ्तीश में जुटी है।

## बैकअप लाइन में कूलेंट रिसाव से अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं

मास्को। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की बैकअप लाइन से कूलेंट के रिसाव की जानकारी मिली है। हालांकि इससे अंतरिक्ष यात्रियों को ?किसी भी तरह का कोई खतरा नहीं है। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि रूस की नयी वैज्ञानिक प्रयोगशाला के बाहरी बैकअप रेडियेटर में कूलेंट रिसाव से आईएसएस और वहां मौजूद अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला की मुख्य ताप नियंत्रण प्रणाली ठीक तरह से काम कर रही है। बता दें कि कूलेंट आमतौर पर एक तरल पदार्थ होता है, जिसका इस्तेमाल सिस्टम के तापमान को कम करने या नियंत्रित रखने के लिए किया जाता है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉस्कोस्मोस ने बताया कि रूस की नयी विज्ञान प्रयोगशाला के एक बाहरी बैकअप रेडियेटर से कूलेंट में रिसाव की सूचना है। एजेंसी ने कहा कि प्रयोगशाला की मुख्य थर्मल नियंत्रण प्रणाली सामान्य तरीके से काम कर रही है। रॉस्कोस्मोस के मुताबिक, केंद्र और वहां मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। इस मामले में नासा ने भी अंतरिक्ष केंद्र पर मौजूद सात अंतरिक्ष यात्रियों को किसी प्रकार का खतरा नहीं होने की पुष्टि की है। उसने बताया कि आईएसएस पर कामकाज सामान्य तरीके से जारी है। रॉस्कोस्मोस के अनुसार, इंजीनियर रिसाव के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। यह घटना हाल ही में अंतरिक्ष केंद्र पर खड़े रूसी अंतरिक्ष यान से कूलेंट के रिसाव के बाद हुई है। उस रिसाव के लिए छोटे उल्कापिंडों को जिम्मेदार ठहराया गया था। रूस की जिस प्रयोगशाला में कूलेंट रिसाव की सूचना है, उसका नाम नौका है, जिसका मतलब विज्ञान होता है। यह प्रयोगशाला जुलाई 2021 में अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंची थी।

## 21 साल छोटे लडके से हो गया महिला को प्यार, सौतेले बाप से 4 साल बड़ा है महिला का बेटा

वॉशिंगटन। कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। जब किसी से प्यार हो जाता है, वह सामाजिक मान-मर्यादाओं को ताक पर रख देता है। एक महिला के साथ ऐसा ही हुआ। महिला को अपने से आधी उम्र के लड़के से प्यार हो गया। यहां तक तो ठीक था, जब उसने शादी की तो ये रस्म ही सामाजिक स्कैम बन गई। उसने ऐसे लड़के से शादी की है, जो उससे 21 साल छोटा है और उसका सौतेला बेटा उससे 4 साल बड़ा है। खुद महिला जिस घर की बहू बनी है, वहां सास से उसकी कम उम्र की है ये कहानी डियाना



बूमर नाम की महिला की है। जब वो 38 साल की थी, तो उसे अपने दोस्त के भतीजे से प्यार हो गया। उस वक्त स्टीवन नाम के लड़के की उम्र महज 19 साल थी। एक साल बाद ही उन्होंने शादी भी कर ली। अब स्टीवन की उम्र 27 साल है, जबकि महिला खुद 46 साल की है। डियाना के 4 बच्चे हैं, जिनमें से सबसे बड़ा बेटा 31 साल का है और वो अपने सौतेले बाप से भी 4 साल बड़ा है। ट्विस्ट यहीं खत्म नहीं है, खुद डियाना भी अपनी सास से कुछ महीने बड़ी हैं और इस बात से उनकी सास काफी परेशान रहती हैं। डियाना चूंकि 22 साल एक शादी में रही हैं, ऐसे में उनके 13 से 31 साल तक के चार बच्चे हैं, जिनके सौतेले पिता के तौर स्टीवन काफी यंग हैं। पेशे से प्लमर स्टीवन ने जब अपने परिवार को इसके बारे में बताया तो वे दंग रह गए क्योंकि उन्हें पूरे परिवार का पालन-पोषण करना है। लोगों ने उनसे मुंह मोड़ लिया था लेकिन अब धीरे-धीरे सब ठीक हो रहा है इस रिश्ते से डियाना और उनके पति स्टीवन भले ही खुश हैं, लेकिन पूरे परिवार में गजब का कन्फ्यूजन है।

## यूरोप में फ्रिज और एसी पर पाबंदी लगाने की तैयारी

### -पर्यावरण और इंसानों के लिए होते है खतरनाक

लंदन। यूरोप में एयरकंडीशनर और फ्रिज पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की तैयारी की जा रही है। दरअसल, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन पर्यावरण और लोगों की सेहत को बहुत ज?यादा नुकसान पहुंचाती हैं। लिहाजा, यूरोपीय संघ में बेहद खतरनाक ग्रीनहाउस गैसों में शामिल हाइड्रोफ्लोरोकार्बन गैसों को फेज आउट करने पर संधि समझौता हुआ है। यूरोपीय संघ के सभी 27 सदस्य साल 2050 तक इन गैसों के इस्तेमाल पर पूरी पाबंदी लगाने पर सहमत हुए हैं। इन गैसों का हीटिंग और कूलिंग उपकरणों के अलावा फोम में भी इस्तेमाल किया जाता है। फ्लोरीन और हाइड्रोजन के परमाणुओं से बनाई गई हाइड्रोफ्लोरोकार्बन गैसें धरती को सूर्य के विकिरण से बचाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंचाती हैं। यूरोप में 2023 की शुरुआत से ही फ्लोरिनेटेड गैसों के इस्तेमाल को धीरे-धीरे बंदर करने की शुरुआत की जा चुकी है। इन गैसों को हाइड्रोफ्लोरोकार्बन, परफ्लोरोकार्बन, सल्फर हेक्साफ्लोराइड और नाइट्रोजन ट्राइफ्लोराइड 'एफ गैसें' में ही आती हैं। बता दें कि एफ गैसें एल्युमिनियम प्रोसेसिंग के समय भारी मात्रा में बनती हैं। इनका इस्तेमाल एयरकंडीशनर, रेफ्रिजेरेटर, हीट पंप, एयरोसोल्स और प्रेशर स्प्रे में किया जाता है। एफ गैसें अन्य ग्रीनहाउस गैसों के मुकाबले ज्यादा तापमान सोखती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एफ गैसें हमारे वायुमंडल में करीब 50,000 साल तक बनी रह सकती हैं। एफ गैसों को लेकर आमतौर पर ज्यादा चर्चा नहीं होती है। हालांकि, जलवायु पर इनका काफी बुरा असर पड़ता है। रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर में क्लोरो-फ्लोरो कार्बन या सीएफसी का इस्तेमाल किया जाता है। ये गैस ओजोन परत को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। सीएफसी से निकलने वाली क्लोरीन गैस ओजोन के तीन ऑक्सीजन परमाणुओं में से एक के साथ रिएक्शन करती है। बता दें कि क्लोरीन का एक परमाणु ओजोन के 1,00,000 अणुओं को खत्म करता है। नतीजतन ओजोन परत लगातार पतली होती रहती है। धरती से 30 मील ऊपर तक का क्षेत्र हमारा वायुमंडल होता है। ओजोन लेयर की खोज 1913 में फ्रेंच वैज्ञानिक फैब्री चार्ल्स और हेनरी बुसोन ने की थी। ब्रिटेन के मौसम विज्ञानी जीएमबी डोबसन ने नीले रंग की गैस से बनी ओजोन परत के गुणों का विस्तार से अध्ययन किया। डोबसन ने 1928 से 1958 के बीच दुनियाभर में ओजोन परत के निगरानी केंद्रों का नेटवर्क स्थापित किया। ओजोन की मात्रा मापने की इकाई डोबसन को जीएमबी डोबसन के सम्मान में ही शुरू किया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि ओजोन परत को होने वाले नुकसान के कारण पराबैंगनी किरणों के सीधे धरती पर पहुंचने से समुद्री जीवों को भारी खतरा पैदा हो जाएगा। नासा के मुताबिक, ओजोन परत में उत्तरी अमेरिका के आकार से भी बड़ा छेद हो गया है, जो काफी चिंताजनक है। ओजोन परत में पहला छेद अंटार्कटिका के ठीक ऊपर बना है। इसलिए क्षेत्र के ग्लेशियर्स के पिघलने की रफ्तार बढ़ गई है। इससे कई समुद्र तटीय इलाकों के डूबने का खतरा भी बढ़ रहा है। कई शोध रिपोर्ट में बताया गया है कि ओजोन परत के नुकसान से कैंसर, मलेरिया, मोतियाबिंद और स्किन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। वहीं, समुद्र तटों के नजदीक रहने वाली आबादी को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना होगा। ओजोन परत को धरती की छतरी और पर्यावरण का सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। अगर ओजोन परत बहुत ज्यादा पतली हो जाती है तो धरती पर जीवन काफी मुश्किल हो जाएगा।

# डॉक्ट्रेट उपाधि मिलने पर भावुक हुई तंजानिया की राष्ट्रपति, कहा- हमारे लिए गर्व की बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तंजानिया की पहली महिला राष्ट्रपति हसन ने एक अफ्रीकी गांव में एक साधारण परिवार में पैदा होने से लेकर अपने देश की राष्ट्रपति बनने तक की अपनी यात्रा को साझा किया। दुनिया कहती है कि भारत से प्यार करने में कोई बीच का रास्ता नहीं है, चाहे वह भारतीय गीत हो, भारतीय फिल्म हो, या भारतीय व्यंजन हो, भारतीय आकर्षण का विरोध करना बहुत मुश्किल है। मैंने इसका अनुभव तब किया जब मैं 1998 में हैदराबाद में अध्ययन करने के लिए पहली बार भारत आई थी। उन्होंने कहा कि मैं यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के एक परिवार के सदस्य के रूप में खड़ी हूं, न कि एक अतिथि के रूप में। यही वह चीज है जो भारत को अप्रतिरोध्य बनाती है। यही वह चीज है जो भारत को अविश्वसनीय भारत बनाती है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया। हमारे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध हमेशा एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। तंजानिया के साथ हमारे व्यापार संबंध कई शताब्दियों पहले के हैं, जब भारत के पश्चिमी तट के व्यापारियों ने पहली बार व्यापार और वाणिज्य के लिए समुद्री मार्ग के साथ पूर्वी अफ्रीका की यात्रा की थी। वैश्विक व्यवधान के बावजूद जयशंकर ने कहा, और (कोविड-19) महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के कारण, हमारे द्विपक्षीय व्यापार में दोनों तरफ से मजबूत वृद्धि देखी गई है।

शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि भारत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर रहा है, जिसकी नींव पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के स्तंभों पर बनी है। उन्होंने कहा कि तंजानिया, भारत का एक प्रमुख अफ्रीकी भागीदार है और हम आपके समर्थन पर भरोसा करते हैं... हमें उच्च शिक्षा प्रणाली में और अधिक सहयोग करने की जरूरत है। तंजानिया के राष्ट्रपति ने हैदराबाद में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया। ढ्रुइक्षष्ट विदेश मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम है जिसके तहत अधिकारियों और नागरिकों को रक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त होता है।

## भारत से टेंशन का रोना रो रहे जस्टिन ट्रूडो, जॉर्डन के राजा से की फोन पर बात



ओटावा। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्लाह (द्वितीय) बिन-अल-हुसैन भारत के साथ विवाद पर चर्चा की है। इसके एक दिन पहले की पीएम ट्रूडो ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ भी फोन पर बातचीत कर भारत से तल्खी पर अपनी बात रखी थी। कनाडा सरकार के मुताबिक पीएम ट्रूडो ने जॉर्डन किंग से बातचीत के दौरान भारत-कनाडा विवाद पर पूरा अपडेट देकर कहा कि कानून के शासन को बनाए रखना विएना कन्वेंशन का सम्मान करना सभी के लिए महत्वपूर्ण है। जॉर्डन के राजा से बातचीत के दौरान ट्रूडो ने इजरायल पर हमास के हमले की भी निंदा की। इस लड़ाई में कनाडा, इजरायल के साथ खड़ा है। कनाडा सरकार पूरे मामले पर नजर रख रही है और अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में है। बता दें कि यूएई के राष्ट्रपति से बातचीत में भी ट्रूडो ने लगभग यही बातचीत की थी। ट्रूडो लगातार कानून का सम्मान करने वाला राग अलापते रहे हैं। पिछले हफ्ते ही ट्रूडो की ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर हुई बातचीत हुई थी। तब भी उन्होंने नई दिल्ली और ओटावा के बीच तनाव कम करने तथा कानून के शासन का सम्मान करने पर जोर दिया था।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नून का नया वीडियो आया सामने, भारत को दी हमास जैसे हमले की धमकी




**लंदन (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून का एक नया वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध से सीखने की धमकी देता है, ताकि भारत में भी इसी तरह की प्रतिक्रिया न हो। अमेरिका स्थित प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के प्रमुख पन्नून ने कहा कि पंजाब से फिलिस्तीन तक अवैध कब्जे वाले लोग प्रतिक्रिया देंगे। और हिंसा से हिंसा पैदा होती है। पन्नून ने आगे कहा कि अगर भारत ने पंजाब पर कब्जा जारी रखा तो प्रतिक्रिया होगी और भारत और पीएम मोदी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने कहा कि एसएफजे मतपत्र और वोट में विश्वास करता है और दावा किया कि पंजाब की मुक्ति निश्चित है। पन्नून कैमरे की ओर इशारा करते हुए वीडियो में कहते हैं, भारत, चुनाव आपका है। पन्नून का नवीनतम संदेश अहमदाबाद, गुजरात में निर्धारित भारत-पाकिस्तान आईसीसी विश्व कप 2023 मैच से पहले धमकी जारी करने और दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में उनके खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज किए जाने के कुछ ही दिनों बाद आया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने अहमदाबाद के साइबर क्राइम डीसीपी अजीत राजियन के हवाले से बताया कि धमकी देने वाले उनके पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश कई सोशल मीडिया हैंडल पर भेजे गए थे।

संदेश में यह भी कहा गया कि एसएफजे कनाडा में आतंकवादी हरदीप सिंह निजर की हत्या का बदला लेगा। अमृतसर में जन्मे पन्नून 2019 से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के स्कैनर पर हैं, जब जांच एजेंसी ने खालिस्तानी आतंकवादी के खिलाफ अपना पहला मामला दर्ज किया था। उन पर आतंकवादी कृत्यों और गतिविधियों की वकालत करने और उन्हें संचालित करने में प्राथमिक भूमिका निभाने और अपनी धमकियों और डराने-धमकाने की रणनीतियों के माध्यम से पंजाब और भारत के अन्य हिस्सों में भय और आतंक फैलाने का आरोप लगाया गया है।

## जोहानिसबर्ग के टॉलस्टॉय फार्म में महात्मा गांधी की आठ फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

**जोहानिसबर्ग, (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के टॉलस्टॉय फार्म में महात्मा गांधी की आठ फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया है। गांधी ने 20वीं सदी की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में यहां एक वकील के तौर पर काम करने के दौरान इस आश्रम की स्थापना की थी। भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने रविवार को इस आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। कुमार ने प्रतिमा का अनावरण करने के दौरान कहा, 'यह प्रतिमा संभवतः महात्मा गांधी की तब की झलक दिखाती है जब वह दक्षिण अफ्रीका छोड़कर गए थे। हमने 1914 की महात्मा गांधी की तस्वीरें देखी हैं और यहां वह कहीं ज्यादा बड़े लग रहे हैं। मुझे लगता है कि यह टॉलस्टॉय फार्म पर उन्हें एक भव्य श्रद्धांजलि है जहां वह पांच या छह साल रहे थे। 1910 से 1914 तक वह कई बार यहां रहे।' कुमार ने याद किया कि गांधी के मित्र हर्मन कैलेनबाच ने एक आत्मनिर्भर आश्रम बनाने के लिए यह खेत दान कर दिया था। उन्होंने कहा, 'ऐसा इसलिए किया गया था क्योंकि यहां हमारे समुदाय के लोग भेदभावपूर्ण और अन्य कानून के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे।' कुमार ने कहा, 'उन्हें अपने परिवारों को भी साथ लाना पड़ा था। परिवार के लालन-पालन के लिए कालेनबाच ने यह खेत खरीदा और इसे महात्मा गांधी को दान कर दिया।' उन्होंने याद किया कि कैसे इन परिवारों ने टॉलस्टॉय फार्म में फल और सब्जियां उगायी। साल 1990 तक टॉलस्टॉय फार्म को पूरी तरह तोड़ दिया गया और अंतिम किरायेदार के जाने के बाद इसे खाली छोड़ दिया गया।

## भारत-इटली के बीच रक्षा सहयोग होगा और गहरा, समझौते पर हुए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इटली ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की देश की आधिकारिक यात्रा के दौरान रक्षा सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह समझौता सुरक्षा और रक्षा नीति, अनुसंधान और विकास, सैन्य क्षेत्र में शिक्षा, समुद्री डोमेन जागरूकता, रक्षा जानकारी साझा करने और सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित औद्योगिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा।

सिंह द्वारा अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर बातचीत के बाद यह समझौता संपन्न हुआ। बयान में कहा गया है कि रक्षा औद्योगिक सहयोग में अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। बातचीत के दौरान सिंह ने भारतीय स्टार्ट-अप और इतालवी रक्षा कंपनियों के बीच बातचीत को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। मार्च 2023 में इटली के प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी की भारत यात्रा के दौरान भारत और इटली के बीच संबंध रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ गए थे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में सिंह इस सप्ताह पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे। फ्रांस की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत उस देश से समुद्री लड़ाकू जेट सहित कुछ प्रमुख सैन्य अधिग्रहण कर रहा है। पेरिस में रक्षा सहयोग के रोडमैप की घोषणा होने की संभावना है। भारत और फ्रांस ने हाल ही में अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया।

# इजराइल ने मांगी अमेरिका से मदद, घातक गोला-बारूद की पहुंचाई खेप

### -सैन्य रशद को तत्काल किया रवाना, अन्य आतंकी समर्थकों को रोकने का प्लान



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** हमास के आतंकी हमलों के बाद इजराइल ने अमेरिका से मदद मांगी है। बदले में अमेरिका ने भी तत्काल घातक एयरक्राफ्ट कैरियर में गोला-बारूद लादकर रवाना कर दिया है। अमेरिका का यह कदम इजराइल के लिए इसलिए भी उठाया जा रहा है ताकि अन्य आतंकी समर्थक देशों के हमलों को रोका जा सके। बता दें कि इजराइल और हमास आतंकियों के बीच भीषण जंग छिड़ी हुई है। दोनों ओर से हमले जारी हैं। इस जंग की शुरुआत हमास के आतंकियों ने की थी जिसके बाद इजरायल ने जबरदस्त पलटवार किया। मिली जानकारी के अनुसार इजरायल ने हमास आतंकियों के कई ठिकानों को तबाह कर दिया। इस बीच इजराइल ने अमेरिका से भी हथियारों की मदद मांगी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने कहा है कि वह इजराइल को घातक गोला बारूद भेज रहा है। इस दौरान अमेरिका का सबसे घातक एयरक्राफ्ट कैरियर भी इजराइल के पास पहुंच रहा है। जानकारी के मुताबिक बाइडेन प्रशासन अमेरिकी सैन्य भंडार से लगभग 100 मिलियन डॉलर मूल्य का गोला-बारूद इजराइल को हस्तांतरित करने पर विचार कर रहा है। ईरान, हिज्बुल्ला और सीरिया के हमले के खतरे के बीच अमेरिका ने महाविनाशक युद्धपोत यूएसएस गेरार्ल्ड फोर्ड और 5 गाइडेड मिसाइल क्रूजर तथा डेस्ट्रॉयर भेजे हैं।

बताया जा रहा है कि ये सभी अभी भूमध्यसागर में हैं। अब इन्हें इजराइल के पास भेजा जा रहा है। यही नहीं अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा है कि अमेरिका अपने घातक फाइटर जेट और हमलावर विमानों को इस इलाके में बढ़ा रहा है ताकि क्षेत्रीय प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा दिया जा सके। उनके मुताबिक, यह बताता है कि अमेरिका, इजराइल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इससे पहले जो बाइडेन और इजराइल के पीएम नेतन्याहू के बीच रविवार को बातचीत हुई थी और सैन्य रशद को तत्काल रवाना कर दिया गया था। इजराइल अपने आयरन डोम सिस्टम के लिए अमेरिका से मिसाइलें मांग रहा है। इसके अलावा गोला बारूद भी इजरायल ने अमेरिका से मांगे हैं।

अमेरिका ने कहा है कि सेना की तैनाती का उद्देश्य ईरान, सीरिया और अन्य देशों या आतंकी गुटों को इस भीषण संघर्ष में शामिल होने से रोकना है। इसके अलावा अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए पर्याप्त युद्धपोत मुहैया कराना है। गौरतलब है कि फलस्तीनी आतंकी समूह हमास द्वारा इजराइल पर किए रॉकेट हमलों में सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई है। मौत का आंकड़ा 1100 के पार पहुंच गया है। इस बीच इजराइल ने आधिकारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दी है। इजराइल ने जवाबी कार्रवाई में हमास के 400 से ज्यादा आतंकी ढेर कर दिए हैं। इजराइल ने ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स की घोषणा के साथ जवाबी कार्रवाई की है।

# अमेरिका, नेपाल, थाइलैंड और जर्मनी सहित कई देशों के नागरिकों की हत्या

**तेलअवीव(एजेंसी)।** इजराइल के दक्षिण में हमास के हमले में कई देशों के नागरिकों के मारे जाने की खबरें आ रही हैं। जिसमें अमेरिका, नेपाल, थाइलैंड और जर्मनी के नागरिकों की मौत हुई है।अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि हमास द्वारा सप्ताहांत में इजराइल पर किए गए हमले में नौ अमेरिकी नागरिकों की मौत हुई है। इससे पहले हमले में चार अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने की सूचना थी। मंत्रालय ने कहा कि कई अमेरिकी नागरिक लापता हैं। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय पीड़ित परिवारों के संपर्क में है और उन्हें दूतावास की तरफ से उचित सहायता प्रदान की जा रही है। रविवार को एक अधिकारी ने कहा था कि इजराइल में मारे गए अमेरिकी नागरिकों की संख्या छह से 12 के बीच हो सकती है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि लापता लोगों को बंधक बना लिया गया, उनकी हत्या कर दी गई या वे कहीं छिपे हुए हैं। देश की सरकार ने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि उसके दो नागरिक लापता हैं। इसके राष्ट्रीय मीडिया में खबरें हैं कि एक जोड़े की हत्या कर दी गई है। विदेश मंत्री एलिसिया बार्सेना ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दो मेक्सिकन लोगों को बंधक बना लिया गया है, लेकिन उन्होंने अधिक जानकारी नहीं दी। 22 वर्षीय आयरिश-इज़राइली महिला किम दांती का पता नहीं चल पाया है। देश के राष्ट्रीय प्रसारक आरटीई की रिपोर्ट है कि उन्हें आखिरी बार संगीत समारोह में देखा गया था। इजराइल में तंजानिया का दूतावास दो तंजानिया छात्रों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है जो बिजनेस स्टडीज इंटर्नशिप पर थे। राजदूत एलेक्स कलुआ ने कहा कि उनका मिशन देश भर में लगभग 350 तंजानियावासियों के संपर्क में है जिनमें से अधिकांश छात्र हैं।

फ्रांसीसी सरकार ने रविवार को कहा कि एक फ्रांसीसी महिला की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। विदेशों में फ्रांसीसी नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सांसद मेयर हबीब ने सोमवार को कहा कि कम से कम आठ फ्रांसीसी लोग मारे गए, पकड़े गए या लापता हैं। उन्होंने कहा कि बंधकों में बोर्डो का एक 26 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल हो सकता है जो दक्षिणी इजराइल में सुपरनोवा उत्सव में गया था।

कनाडा सरकार की एजेंसी ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने कहा है कि उसे एक कनाडाई के मारे जाने और दो अन्य के लापता होने की खबरों की जानकारी है। सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया के बेन मिजराची उनमें से एक हैं। वहीं प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने के लिए इजराइली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है। कनाडा के अलावा 10 से अधिक ब्रिटिश नागरिकों के हमास के हमले में मारे जाने या लापता होने की आशंका है। इजरायली सेना में सेवारत एक ब्रिटिश व्यक्ति नथनेल यंग की हत्या की पुष्टि की गई है। इसके अलावा दो अन्य ब्रिटिश नागरिक जेक मार्लो और डैन डार्लिंगटन के लापता होने की पुष्टि की गई है। इजराइल में हमास के हमले में बारह थायस नागरिकों के मारे जाने और 11 के अपहरण की खबर है। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि शनिवार से हुई हिंसा में अन्य आठ थाई नागरिक घायल हो गए हैं। इसने कहा कि वायुसेना के विमान अपने नागरिकों को घर पहुंचाने के लिए तैयार हैं। इजराइल में लगभग 30,000 थाई लोग कृषि कार्य में कार्यरत हैं, जिनमें से कई गाजा सीमा के पास हैं। नेपाल ने कहा कि उसके 10 नागरिक मारे गए हैं। देश ने रविवार को पुष्टि की कि ये वे छात्र थे जो एक कृषि फर्म में काम करने और कौशल हासिल करने के लिए इज़राइल गए थे।

जर्मन विदेश मंत्रालय के सूत्र के हवाले से एक रिपोर्ट में पीड़ितों की संख्या बताए बिना कहा गया है कि आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए गए लोगों में कई जर्मन नागरिक भी शामिल हैं, जो इजरायली नागरिक भी हैं। सूत्र ने 22 वर्षीय जर्मन-इजरायली महिला शनि लौक के मामले पर भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिसकी मां ने उसे ऑनलाइन प्रसारित एक वीडियो में पहचाना था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वह जीवित है या नहीं। देश के प्रधानमंत्री हुन मैनेट ने एक छात्र के मारे जाने की पुष्टि की है।

चीन में इजरायली दूतावास के अनुसार, बीजिंग में जन्मी चीनी इजरायली महिला, जिसका नाम नोआ अर्गामानी है, सुपरनोवा उत्सव से ली गई लोगों में से एक है। दूतावास ने अपहरण का दावा करते हुए एक वीडियो प्रकाशित किया है। देश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि संगीत समारोह में भाग लेने के बाद तीन ब्राजीलियाई-इजरायली नागरिक लापता हैं और चौथे का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। हमास के इजराइल पर किए गए हमले में 1 रूसी नागरिक के मारे जाने की खबर है। इस हमले में दो नागरिकों की मौत की खबर है।

## यूके और आयरलैंड यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप-2028 की मेजबानी करेंगे



**न्योन ।** यूईएफए ने मंगलवार को घोषणा की कि यूनाइटेड किंगडम और आयरलैंड गणराज्य 2028 पुरुष यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। संयुक्त बोली प्रस्तुत करने के बाद यूईएफए ने यूरो 2032 के लिए मेजबान के रूप में तुर्की और इटली की भी पुष्टि की। यूईएफए कार्यकारी समिति ने यूईएफए मुख्यालय में एक समारोह में यूईएफए यूरो 2028 और यूईएफए यूरो 2032 के लिए मेजबान संघों को नियुक्त किया है।इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, आयरलैंड गणराज्य, स्कॉटलैंड और वेल्स के फुटबॉल संघों ने यूईएफए यूरो 2028 के आयोजन के लिए एक संयुक्त बोली प्रस्तुत की। मैच दस अलग-अलग स्टेडियमों में होने वाले हैं, जिनमें ग्लासगो का हैम्पडेन पार्क और डबलिन का अवीवा स्टेडियम शामिल हैं। बेलफास्ट का केसमेंट पार्क और एवर्टन का ब्रैमली-मूर डॉक स्टेडियम इस लिस्ट में शामिल है। तुर्की ने शुरुआत में यूरो 2028 और 2032 दोनों की मेजबानी के लिए बोली लगाई थी, लेकिन बाद में 2032 के लिए इटली के साथ उनकी बोली को यूरोपीय फुटबॉल के शासी निकाय द्वारा मंजूरी मिलने के बाद वह यूरो 2028 की मेजबानी की दौड़ से हट गया।

## हांगझोउ एपीजी तीरंदाजी: रिकर्व, व्हीलचेयर स्पर्धाओं में चीन पसंदीदा; कंपाउंड में भारत की निगाहें गौरव पर

**नई दिल्ली।**

23 से 28 अक्टूबर तक हांगझोउ 2022 एशियाई पैरा खेलों में तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू होने पर उच्च गुणवत्ता वाली कार्रवाई कार्ड पर होगी। हांगझोउ में फूयांग शूटिंग और तीरंदाजी रेंज में 23 देशों के 133 तीरंदाज छह दिनों तक गौरव हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 15 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। जबकि घरेलू तीरंदाजों से शूटिंग क्षेत्र पर राज करने की उम्मीद है, महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व ङ्क1 प्रतियोगिता में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की ज़हरा नेमाती बनाम चीन की वू चुनियान सहित कुछ पुरानी प्रतिद्वंद्विताएं प्रदर्शित होंगी। तीन महीने पहले पिल्सेन 2023 विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में, चीन सात स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर रहा और मेजबान टीम हांगझोउ में भी इस गति को जारी रखने की उम्मीद करेगी। पिल्सेन 2023 में ट्रिपल विश्व चैंपियन चुनियान के लिए, यह अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने शानदार प्रदर्शन करने का एकमात्र मौका होगा और वह घरेलू लाभ का अधिकतम लाभ उठाते हुए सुनहरा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही होंगी। हालांकि चीनियों को नेमाती के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी, जिनकी नजरें सोने पर टिकी होंगी - वह डबल पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं और यकीनन ईरान से आने वाली सबसे लोकप्रिय और सफल महिला पैरालंपियन हैं। जिन अन्य लोगों से रिकर्व स्पर्धाओं में छाप छोड़ने की उम्मीद है, वे हैं विश्व चैंपियन वू यांग और झाओ लिक्स्यू। इस बीच, मिश्रित W1 स्पर्धाओं में टोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन चेन मिन्यी और झांग तियानक्सिन को महिला युगल और पुरुष युगल W1 स्पर्धाओं में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखना चाहिए जैसा कि उन्होंने पिलसेन 2023 वर्ल्ड्स में किया था। मिनयी के साथ W1 महिला चैंपियन झांग लू जुड़ेंगी, जबकि तियानक्सिन पुरुषों के W1 युगल के लिए हान गुइफेई के साथ जुड़ेंगे। कुछ नए चेहरे हैं जो पिल्सेन 2023 में कंपाउंड स्पर्धाओं में सभी को आश्चर्यचकित करने के बाद हांगझोउ 2022 में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे।



शीतल देवी, भारतीय महिला तीरंदाज, जिन्होंने पिलसेन 2023 वर्ल्ड्स में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा, उनमें से एक हैं, जो हांगझोउ में सरिता और राकेश कुमार जैसे नामों के साथ अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी, जो अपने कंपाउंड ओपन मिश्रित टीम स्पर्धा मेंवर्ल्ड्स स्वर्ण पदक प्रदर्शन को दोहराने के लिए उत्सुक हैं।

सिंगापुर के नूर सियाहिदा अलीम पर भी निगाहें होंगी क्योंकि पूर्व विश्व चैंपियन प्रमुख प्रतियोगिताओं में जीत की राह पर लौटने का प्रयास कर रहे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार



### अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भी रहेंगी राहुल पर नजरें

**नई दिल्ली ।** विश्वकप क्रिकेट के अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम का मुकाबला बुधवार को अफगानिस्तान से होगा। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में भी बल्लेबाज के एल राहुल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में सबसे अधिक रन बनाये थे। राहुल सर्जरी के कारण लंबे समय तक टीम से दूर रहे थे। इसके बाद भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। राहुल के 16 वें सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। इसके बाद वे विश्वकप से ठीक पहले एशिया कप में ही उतरे थे। इस कारण उनको विश्वकप के लिए टीम में जगह मिलने पर भी सवाल उठे थे। वहीं विश्वकप में वह विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका में हैं। चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने अब तक 7 पारियों में 101 की औसत से 402 रन बनाए हैं और उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन नाबाद 111 रन रहा है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक लगाये। उनका स्ट्राइक रेट 92 का रहा है। राहुल ने चोट के बाद जब से वापसी की है, वे रन बनाने के मामले में केवल शुभमन गिल से पीछे हैं। औसत और रन के मामले में वह कप्तान रोहित शर्मा से भी आगे हैं। इस दौरान गिल ने 6 पारियों में 81 की औसत से 403 रन बनाए हैं जिसमें 2 शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं विराट कोहली ने 4 पारियों में 266 जबकि रोहित शर्मा ने 5 पारियों में 190 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए मैच में राहुल ने सबसे ज्यादा रन बनाये थे। राहुल को खराब प्रदर्शन के चलते टीम से भी बाहर होना पड़ा था। यहां तक कि उन्हें उपकप्तानी से भी हटा दिया गया था। इसको लेकर निराश राहुल ने कहा कि मेरी खूब आलोचना की जा रही थी। मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों मेरे साथ ऐसा हो रहा है। यह मेरे लिए पीड़ादायक था, क्योंकि मेरा प्रदर्शन उतना भी खराब नहीं था।

### विलियमसन की शीघ्र वापसी होगी : लैथम

**हैदराबाद ।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम ने एकदिवसीय विश्वकप के दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ जीत पर खुशी जतायी है। इस दौरान लैथम ने बताया कि नियमित कप्तान केन विलियमसन की भी शीघ्र वापसी होगी। लैथम की कप्तानी में टीम ने इस विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक अपने दोनो ही मैच जीते हैं। पहले मैच में उसने गत विजेता इंग्लैंड को हराया था। वहीं कीवी टीम ने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हराया। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 323 रन बनाए थे जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम 223 रन ही बना पाई। दूसरी जीत के बाद लैथम ने कहा कि शीघ्र ही टीम से बाहर चल रहे खिलाड़ी उससे जुड़ जाएंगे। विलियसमन सर्जरी से उबर नहीं पाने के कारण न्यूजीलैंड की ओर से पहले दोनों मुकाबलों में खेल नहीं पाए थे। अब लैथम ने उनकी वापसी के संकेत दिये हैं। वहीं लैथम ने डच टीम के खिलाफ मैच को लेकर कहा कि आज स्पिनर बढ़िया रहे। सैंटनर और फर्गुसन का प्रदर्शन अच्छा रहा। वहीं दूसरी ओर नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने कहा कि हम पहले 40 ओवरों तक अच्छे थे पर अंतिम ओवरों में कीवी टीम आगे निकल गयी। साथ ही कहा कि अगर हम उन्हें 280 तक रोक लेते तो परिणाम कुछ और हो सकता था।

# विश्वकप क्रिकेट : अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली ।**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्वकप के पहले ही मैच में मिली जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम इस दूसरे मैच में जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि अफगान टीम उसके मुकाबले काफी कमजोर है। भारतीय टीम को इस मैच में भी सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बिना ही उतरना होगा क्योंकि शुभमन डेंगू बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में इस मैच में भी युवा ईशान किशान ही कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में रोहित, ईशान और श्रेयस अय्यर रन नहीं बना पाये थे, ऐसे में अब इनका लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। इस मैच में रोहित की टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती नौ अलग अलग जगहों पर हालात के अनुरूप ढलने की होगी। फिरोजशाह कोटला की पिच बल्लेबाजों की सहायक है। इसलिए भारतीय टीम को यहां बड़ा स्कोर बनाना होगा। यहां दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच गत सप्ताह खेले गए एक मैच में कुल 700 से अधिक रन बने थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ईशान और श्रेयस अय्यर खराब शॉट खेलकर आउट हुए थे जिससे भारत को अच्छी शुरूआत नहीं मिल पायी थी। उन्हें इस बार अपनी गलती से सबक लेते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अफगानिस्तान के गेंदबाजों का सामना करना भारत के लिए मुश्किल नहीं होगा क्योंकि उसके गेंदबाज सामन्य कौशल वाले हैं। इस मैदान के छोटा होने से चौके छक्के लगाना आसान रहेगा। यह मैच अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के घरेलू मैदान पर खेला जाने वाला है जिसमें वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। विराट ने पहले मैच में भी शानदार बल्लेबाजी कर 85 रन बनाये थे। वह अपने नाम से बने पवेलियन में खेलकर उत्साहित होंगे। वहीं पहले मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले के एल राहुल भी अपनी लय बनाये रखना चाहेंगे। राहुल ने पिछले महीने एशिया कप के बाद से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम प्रबंधन ने आलोचना के बावजूद उन पर भरोसा बनाये रखा जिस पर वह खरे उतरे। वहीं गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का संयोजन अब तक शानदार रहा है। भारत ने बीच के ओवरों में छह विकेट लिए। इस मैच में आर अश्विन की जगह मोहम्मद शमी को जगह मिल सकती है।

वहीं दूसरी ओर अपने पहले ही मैच में बांग्लादेश से हारने वाली अफगानिस्तान इस टीम बेहतर प्रदर्शन कर प्रशंसकों को हैरान करने का प्रयास करेगी। अफगानिस्तान के पास गेंदबाजी में राशिद खान जैसे अच्छे स्पिनर हैं जिनसे वह लाभ उठाना चाहेगी। इसके अलावा उसके बल्लेबाजो को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब तक सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ही फॉर्म में दिख रहे हैं।

पहले मुकाबले में वह 156 रन पर ही बना पायी थी।




दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

अफगानिस्तान : हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, मोहम्मद नबी, नजीबुल्लाह जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन-उल-हक और फजलहक फारूकी।

## विश्वकप क्रिकेट के लिए भारत का वीजा नहीं मिलने से परेशान हैं पाक प्रशंसक और प्रत्रकार

**इस्लामाबाद ।**



विश्वकप क्रिकेट के लिए भारत का वीजा नहीं मिलने से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रशंसक और पत्रकार परेशान हैं। ये सभी 14 अक्टूबर को होने वाले विश्वकप महामुकाबले को लेकर भी उत्साहित हैं पर वीजा नहीं मिलने से वे निराश हैं। वहीं कहा जा रहा है कि पाकिस्तान को स्थित भारतीय उच्चायोग वीजा को लेकर भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों का इंतजार कर रहा है पर इससे प्रशंसकों में बेसब्री बढ़ते जा रही है। वीजा में देरी के कारण ही प्रशंसकों को विश्वकप मुकाबले देखने को नहीं मिल रहे। वहीं एक प्रसंशक ने कहा, 'सबसे बुरी बात यह है कि वीजा के कारण न आने वालों के लिए कोई रिफंड नीति नहीं है। उन्होंने इस बात पर निराश जताई कि मेजबान भारत के साथ खराब संबंधों का भी उन्हें नुकसान हो रहा है। इस कारण भी वीजा देने के लिए पर्याप्त दबाव भी नहीं बन रहा। वहीं कई प्रशंसक वीजा मुद्दे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के ढ़ील रवैये से भी नाराज हैं। वहीं पाक विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत सरकार को खेल और राजनीति को अलग- अलग रखना होगा। साथ ही कहा कि इस मामले में आईसीसी को दबाव बनाना चाहिये। अभी तक आईसीसी ने कहा कि प्रयास किये जा रहे हैं पर कोई परिणाम नजर नहीं आ रहा। इस समय पाक के 50 मान्यता प्राप्त पत्रकारों में से केवल 15 को ही 14 अक्टूबर को भारत-पाक के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले वीजा दिया जाएगा। इस्लामाबाद स्थित एक रिपोटर्र ने कहा, 'भारतीय उच्चायोग के अधिकारी पहले काफी संवेदनशील थे पर आजकल वे हमारा फोन भी नहीं उठा रहे हैं। पीसीबी ने कहा है कि वह प्रशंसकों और पत्रकारों के लिए वीजा जारी करने पर आईसीसी को उनके दायित्वों और सदस्यों के समझौते के बारे में याद दिलाकर संबंधित अधिकारियों के साथ मामले को उठाना जारी रखे हुए है।

## अगले माह खेला जाएगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली ।**

अब एक बार फिर पूर्व क्रिकेटरों को खेलते हुए देखने का अवसर आपको मिलेगा। ऐसा लीजेंड्स लीग क्रिकेट से संभव हो रहा है। ये लीग 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक भारत में खेली जाएगी। इसके जरिये क्रिकेट प्रशसंकों को एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इसमें दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटर खेलते हुए दिखेंगे। भारत में नए स्थानों पर लीजेंड्स लीग के आयोजन को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। आयोजकों ने कहा कि लीग क्रिकेट प्रशंसकों के हित को ध्यान में रखते हुए उन स्थानों का चयन करेगी, जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला गया है जिससे खेल को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया है कि लीग इस सत्र में और अधिक खिलाड़ियों को जोड़ेगी, जिससे यह दर्शकों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक हो जाएगी। दोहा में पिछले सीज़न के दौरान कुछ शीर्ष खिलाड़ी, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है उन्होंने इसमें खेला था। इसमें जैसे सुरेश रैना, आरोन फिंच, हाशिम आमला, रॉस टेलर और क्रिस गेल जैसे कई दिग्गज शामिल थे। इंडिया कैपिटल्स ने सितंबर-2022 में खेला गया पहला सत्र जीता था। नए प्लेयर ड्राफ्ट पूल में टीमों की बरकरार रखने की नीति की घोषणा जल्द ही की जाएगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा, इसे आगे बढ़ाएं, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का हमेशा स्वागत है। खेल में और अधिक दिग्गजों के शामिल होने से मैदान पर और अधिक आनंद आने की उम्मीद है।

### शुभमन विश्वकप से बाहर होंगे ?



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का इस एकदिवसीय विश्वकप से बाहर होना तय है। इसका कारण है कि डेंगू से पीड़ित शुभमन की तबियत और खराब हो गयी है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इसका कारण उनका प्लैटलेट्स काउंट नीचे गिरना बताया गया है। शुभमन विश्वकप की शुरुआत से पहले ही बिमार हो गये थे। इस कारण वह चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच से भी बाहर थे। उनकी जगह भारतीय टीम में बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज ईशान किशन को शामिल किया गया था। शुभमन अगर पूरे विश्वकप से बाहर होते हैं तो ये भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि इस साल शुरुआत से ही उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वहीं अब भारत का अगला मैच अफगानिस्तान के खिलाफ है जिससे भी वह पहले ही बाहर हो गये हैं। इसके अलावा उनके 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की संभावना भी तकरीबन समाप्त हो गयी है। भारतीय टीम ने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। वहीं अब भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ अपने दूसरे विश्व कप मुकाबले के लिए दिल्ली पहुंची है। भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले सोमवार को कहा था कि शुभमन इलाज के लिए चेन्नई में रहेंगे और अफगानिस्तान के खिलाफविश्व कप मुकाबले के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, अफगानिस्तान 11 अक्टूबर को दिल्ली में होगा। वह चेन्नई में ही रुकेंगे और मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। शुबमन की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के उसी अंतिम ग्यारह के साथ बने रहने की संभावना है जिसे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के शुरुआती मैच में खेला था। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा।

## फुटबॉलर ईडन हैज़र्ड ने 32 साल की उम्र में लिया संन्यास

**ला लौविएर।**

चेल्सी के पूर्व विंगर ईडन हैज़र्ड ने पिछले सीज़न के अंत में रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। जून में मैड्रिड के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद ये खिलाड़ी किसी क्लब का हिस्सा नहीं था। इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए ईडन हैजर्ड ने संन्यास की घोषणा की।हैजर्ड ने लिखा, आपको खुद की बात सुननी चाहिए और कहना चाहिए कि सही समय पर रुकें। 16 साल और 700 से अधिक मैच खेलने के बाद, मैंने एक पेशेवर के रूप में अपना करियर खत्म करने का फैसला किया है। मैंने अपने सपने पूरे किए और दुनिया भर की कई मैदानों पर खेलना शानदार रहा।अपने करियर के दौरान मैं अपना साथ देने वाले प्रबंधकों, कोचों और टीम के साथियों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। मैं आप सभी को याद करूंगा। मैं उन क्लबों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके लिए मैंने खेला है- एलओएससी, चेल्सी, रियल मैड्रिड और मेरे बेल्जियम चयन के लिए आरबीएफए को धन्यवाद।मेरे परिवार, मेरे दोस्तों, मेरे सलाहकारों और उन लोगों को विशेष धन्यवाद जो अच्छे और बुरे समय में मेरे करीब रहे हैं। अंत में, मेरे प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इतने वर्षों तक मेरा साथ दिया। मैड्रिड में निराशाजनक चार साल के कार्यकाल के बाद हैज़र्ड काफी परेशान थे। संन्यास की घोषणा से पहले उन्होंनेप्रीमियर लीग में चेल्सी के लिए दो खिताब जीतने अहम भूमिका निभाई और 352 मैचों में 110 गोल किए थे।2019 में रियल मैड्रिड में शामिल होने के बाद, हैज़र्ड ने चैंपियंस लीग, एक क्लब विश्व कप, एक यूरोपीय सुपर कप, दो ला लीगा खिताब, एक कोपा डेल रे और दो स्पेनिश सुपर कप जीते, लेकिन स्पेन में उनका समय खराब रहा। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 76 मैचों में केवल 7 गोल किए।हैज़र्ड प्रीमियर लीग के इतिहास में थिएरी हेनरी, मैट ले टिसियर और एरिक कैंटोना के साथ केवल चार खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने एक सीज़न में 15+ गोल किए और 15+ सहायता प्रदान की। 2008 में लक्ज़मबर्ग के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने के बाद, हैजर्ड ने 33 गोल किए और 126 बेल्जियम कैप हासिल किए। उन्होंने तीन विश्व कप और दो यूरोपीय चैंपियनशिप में भाग लिया, साथ ही 56 बार टीम की कप्तानी भी की।



### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आसान नहीं रहेगा : स्मिथ



**चेन्नई ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम का मुकाबला आसान नहीं रहेगा। स्मिथ के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी टीम काफी अच्छी है और उसने अपने शुरुआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर रिकार्ड जीत दर्ज की थी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस मैच मे चार सौ से भी ज्यादा रन बनाये थे। इससे दक्षिण अफ्रीकी टीम का मनोबल बढ़ा हुआ हैं। वहीं उनकी टीम को विश्व कप के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल 199 रन ही बना पायी थी। स्मिथ ने माना कि पहले ही मैच में उनके बल्लेबाज चेपॉक की पिच पर भारतीय स्पिनरों के सामने विफल रहे। एक समय दो विकेट पर 110 रन था जिसके बाद स्पिन आक्रमण ने उनकी टीम को ढ़हा दिया। स्पिनर रविंद्र जडेजा के अलावा कुलदीप यादव और आर अश्विन के सामने उन्हें खुलकर खेलने का अवसर नहीं मिला। स्मिथ ने कहा, 'उनके सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट भी उनके अनुकूल था। उनके पास बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं जिन्होने मिलकर हम पर दबाव बनाया। जडेजा के अलावा कुलदीप यादव ने भी दो विकेट लिए जबकि आर अश्विन को एक विकेट मिला। वहीं में भारत के लिए विराट कोहली ने 85 और केएल राहुल ने नाबाद 97 रन बनाए। स्मिथ ने कोहली और राहुल की तारीफ करते हुए कहा, 'विराट और राहुल ने बहुत संयम के साथ खेला। उन्होंने बेहतर रणनीति से खेल दिखाया। उन्होंने कहा, 'यह ऐसा विकेट नहीं था जिस पर चारों ओर चौके मारे जा सकते थे। उन्हें सिर्फ 200 रन बनाने थे और तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद उन्होंने अच्छी साझेदारी की।

### विशेषज्ञ स्पिनर टैग पर मैक्सवेल ने कहा- 2015 में जब हमने ट्रॉफी जीती थी तब मैं नंबर-1 स्पिनर था



**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने विश्व कप टीम में विशेषज्ञ स्पिनर के टैग पर कहा कि जब 2015 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल की थी, तब वो नंबर-1 स्पिन गेंदबाज थे। 2015 संस्करण में मैक्सवेल ने छह विकेट लिए, लेकिन रविवार को चेन्नई में भारत के खिलाफ विश्व कप-2023 के शुरुआती मैच के दौरान वह एक भी विकेट नहीं ले पाए। 34 वर्षीय खिलाड़ी की गेंदबाजी में स्थिति तब मजबूत हुई जब उन्होंने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, खासतौर पर विराट कोहली का विकेट। मैक्सवेल ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, मुझे लगता है कि मैं 2015 में नंबर 1 स्पिनर था जब हमने ट्रॉफी जीती थी।इसलिए, मुझे नंबर 2 पर वापस भेज दिया गया है। जाहिर है, अलग-अलग परिस्थितियां, गेंद अच्छी टर्न हो रही है। मैंने किसी भी विशेष चीज़ पर काम नहीं किया है। अगले कुछ मैचों में हमारे सामने जो भी परिस्थितियां आएंगी, हम उसके लिए तैयार हैं।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 11 October 2023



# टाइगर-3 में जोया का किरदार निभाना एक अविश्वसनीय जर्नी

# कैटरीना कैफ

टाइगर–3 में कैटरीना जोया का किरदार निभाती है। जो वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला जासूस का रोल है। फिलम में वह लड़ाई या रणनीति में टाइगर उर्फ सलमान खान से बराबरी करती हैं। कैटरीना के जोया के किरदार को एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है में उन्हें खूब प्यार मिला है। उन्होंने दिखाया है कि वह अपने दम पर अविश्वसनीय एक्शन सीक्वेंस कर सकती हैं। यशराज फिल्म्स ने मंगलवार को जोया के रूप में कैटरीना के सोलो पोस्टर का अनावरण किया गया। इस मौके पर लोगों ने उनके अभिनय की सराहना की। लोगों का कहना है कि टाइगर–वर्स कैटरीना कैफ के अलावा कोई भी जोया की भूमिका नहीं निभा सकता है। इस मौके पर कैटरीना ने खुलासा किया कि टाइगर–3 के शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण एक्शन दृश्यों को निभाने के लिए उन्होंने अपने बॉडी को 'ब्रेकिंग पॉइंट' तक धकेल दिया। कैटरीना कहती हैं, 'ज़ोया वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला जासूस हैं और मुझे उनके जैसा किरदार पाकर बहुत गर्व है। वह उग्र है, वह साहसी है, वह पूरी तरह से समर्पित, वफादार है और सबसे बढ़कर वह हर समय मानवता के लिए खड़ी रहती है।' उन्होंने कहा कि, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में जोया का किरदार निभाना एक अविश्वसनीय जर्नी रही है और मैंने हर फिल्म में खुद को परखा है। टाइगर–3 कोई अपवाद नहीं है। हम इस बार एक्शन दृश्यों को अगले स्तर पर ले जाना चाहते थे और मैंने फिल्म के लिए अपने बॉडी को ढाला है। शारीरिक रूप से यह मेरी अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्म रही है। एक्शन करना हमेशा रोमांचक होता है और मैं हमेशा से एक्शन जॉनर की प्रशंसक रही हूं। इसलिए, जोया का किरदार निभाना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मजबूत, साहसी, बदमाश और कोई रोकटोक नहीं। मैं लोगों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही हूं। जब वे जोया को स्क्रीन पर देखेंगे। वह टाइगर की यिन टू यांग है।' फिल्म टाइगर–3 का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है और इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। यह फिल्म इस साल बड़ी दिवाली की छुट्टियों के दौरान रिलीज़ होगी।



## परिणीति का पकडा गया झूट, क्लासमेट ने खोली पोल

बालीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें उन्हें बचपन के दौरान सामना की गई 'कठिनाइयों' के बारे में बात करते देखा जा सकता है। हालांकि, इस वीडियो पर उनके एक क्लासमेट ने आपत्ति जताई थी और उन्हें झूठा बताया था।परिणीति चोपड़ा का वायरल हो रहा वीडियो एक इंटरव्यू है। इसमें वह बचपन और स्कूल के दिनों को याद कर रही हैं और उस दौरान उनकी परिस्थितियां कैसी थीं, उसके बारे में बता रही हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके परिवार के पास बहुत पैसा नहीं था और इसलिए, उन्हें कई 'मुश्किलों' का सामना करना पड़ा। परिणीति चोपड़ा ने कहा, 卐मैं अम्बाला से हूं। जब हम बड़े हुए तो हमें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मेरे दो भाई हैं। हमारे पास बहुत सारे पैसे नहीं थे। मैं साइकिल से स्कूल जाती थी। हमारे पास न तो कार थी, न ड्राइवर और न ही बस के लिए पैसे।卐

हालांकि, परिणीति के ये क्लिप वायरल होने के तुरंत बाद, उनके कथित क्लासमेट ककनू गुप्ता ने उन्हें झूठा बताया और पॉपुलैरिटी के लिए झूठ बोलने पर आलोचना की। ककनू गुप्ता ने दावा किया कि परिणीति चोपड़ा ने मनगढ़ंत कहानी बनाई। परिणीति के पिता के पास एक कार थी जिसे उस समय लग्जीरियस माना जाता था। उन्होंने कमेंट में लिखा, 'उसी स्कूल से आने के कारण मुझे शायद वह कार भी याद है जो उसके पिता के पास हुआ करती थी। और उन दिनों साइकिल से स्कूल जाना एक चलन था और एक प्रिविलेज भी था, जो हर किसी को नहीं मिलता था।' बाद में परिणीति ने भी अपने सहपाठी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एक बयान जारी किया था। उन्होंने कहा कि उनका बयान गलत तरीके एडिट किया गया था।

उन्होंने बताया कि भले ही उनके पिता के पास एक कार थी, लेकिन उसे और उनके भाइयों को इसे चलाने की परमिशन नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मैं स्कूल जाने के लिए कार और ड्राइवर का इस्तेमाल करने के बारे में बात कर रही थी। बस इतना ही।卐 बता दें कि परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी शादीशुदा जिंदगी को एन्जॉय कर रही हैं। एक दिन पहले ही उनका एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें देखा गया कि उनके पति राघव चड्ढा के घर में उनकी फैमिली ने बड़ी धूमधाम से उनका स्वागत किया।



## नेहा मलिक ने बिखेरा जलवा, ग्रीन रिवीलिंग गाउन में तस्वीरें वायरल

भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपनी खास तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करके हुस्न का जलवा बिखेरा हैं। नेहा मलिक अक्सर ही सोशल मीडिया पर अपने लुक्स के जरिए कहर ढाती रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक बार फिर अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दरअसल, नेहा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका बोल्ड लुक देखने को मिला हैं। अगर बात उनके लुक की करें तो वो ग्रीन रिवीलिंग गाउन पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को मैचिंग ईयररिंग और नेकपीस से कंप्लीट किया है, जिसमें वो खूब भा रही हैं। वहीं इस लुक के साथ एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक कई कातिलाना पोज दिए हैं, जिसको लेकर अब वो काफी ज्यादा लाइमलाइट बटोर रही हैं। तस्वीरों में नेहा मलिक का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर ढेरों तारीफों भरे कमेंट किए हैं। यहां गौरतलब है कि भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैन्स के लिए नई नई तस्वीरें अक्सर शेयर करती रहती हैं। नेहा मलिक अपने बोल्ड लुक और फैशन सेंस की वजह से आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं।

## खाली समय में क्या करती हैं सोनम कपूर?



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने खुलासा किया कि वह खाली समय में क्या करती हैं। सोनम कपूर को पढ़ना बेहद पसंद हैं। वह बताती हैं कि कैसे किताबों के प्रति उनके प्यार ने उन्हें बचपन से ही क्रिएटिव रखा है। सोनम ने कहा, 'किताबें हमें कल्पना की दुनिया में ले जाती हैं। जब मैं शूटिंग या काम नहीं कर रही होती हूं, तो मैं किताबें पढ़ने लगती हूं और एक ऐसी दुनिया में खो जाती हूं जहां सब कुछ संभव है!' सोनम को अच्छा लगता है जब एक अच्छी किताब एक बेहतरीन सिनेमाई रूपांतरण में बदल जाती है। उन्होंने कहा: 'मेरी कुछ सबसे पसंदीदा फिल्में शानदार किताबों का रूपांतरण हैं। किताबों और सिनेमा के प्रति मेरा प्यार समान मात्रा में है और यह आश्चर्यजनक है जब अच्छी किताबें अच्छी फिल्मों में बदल जाती हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि किताबें लेखकों को सिनेमा के लिए शानदार कथानक तैयार करने के लिए बेहतरीन कंटेंट प्रदान करती हैं। 'एंटरटेनिंग स्क्रीन कंटेंट डेवलप करने के लिए किताबें परफेक्ट सोर्स मटेरियल प्रदान करती हैं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि एक अच्छी कहानी सभी को पसंद आएगी और सभी सीमाओं को पार कर जाएगी।' वर्कफ्रंट की बात करें तो, सोनम को हाल ही में शोम मखीजा द्वारा निर्देशित एक क्राइम थ्रिलर फिल्म 'ब्लाइंड' में देखा गया था। फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में हैं और पूरब कोहली, विनय पाठक और लिलेट दुबे सहायक भूमिकाओं में हैं। 'ब्लाइंड', इसी नाम की 2011 की कोरियाई फिल्म की रीमेक है, जो एक सीरियल किलर की तलाश में एक अंधे पुलिस अधिकारी के इर्द–गिर्द केंद्रित है।



## मैं 'मेरा पिया घर आया' में माधुरी दीक्षित की तरह डांस कभी नहीं कर सकती: सनी लियोन

एक्ट्रेस सनी लियोन ने साझा किया कि वह 'मेरा पिया घर आया 2.0' गाने की शूटिंग को लेकर घबराई हुई थीं, जिसका ऑरिजनल ट्रैक माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। सनी ने कहा कि वह इसे कभी भी उस तरह से नहीं कर सकती हैं जिस तरह से स्टार ने 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'याराना' के ट्रैक में किया था। सनी 'सा रे गा मा पा' 2023 में अपने नए ट्रैक 'मेरा पिया घर आया 2.0' को प्रमोट करने आएंगी। आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो, 'सा रे गा मा पा' के नए सीजन में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक जज हैं और आदित्य नारायण होस्ट हैं। एक्ट्रेस अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो, जो कि जी म्यूजिक कंपनी द्वारा जारी किया गया, माधुरी दीक्षित के आइकॉनिक सॉन्ग 'मेरा पिया घर आया' का रीक्रिएशन है, को प्रमोट करने के लिए आई। अनु मलिक और एनबी द्वारा कंपोज यह सॉन्ग नीति मोहन के वोकल टैलेंट को प्रदर्शित करता है। प्रमोशनल इवेंट के दौरान सनी ने प्रोजेक्ट के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, 'इस गाने की शूटिंग से पहले मैं बहुत घबराई हुई थी और मुझे पता है कि मैं इसे उस तरह कभी नहीं कर सकती, जिस तरह से माधुरी मैम ने किया है। यह गाना बॉलीवुड का आइकॉनिक सॉन्ग है और मेरी प्रस्तुति उनके प्रति एक विनम्र उपहार है।' सनी ने कहा,'माधुरी दीक्षित मेरे करियर के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। जब भी मैं अपने गाने पर परफॉर्म करती हूं, तो मेरा लक्ष्य उनकी खूबसूरत अदाओं को कैद करना होता है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने विजय गांगुली की कोरियोग्राफी को बेहतर बनाने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है और इस आइकॉनिक नंबर पर डांस करना एक बड़ा सम्मान है। यह एक सपने को सच होते देखने जैसा है। मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया का इतंजार नहीं कर सकती।'

## कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या बॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में



कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या जल्दी ही धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू की भी तैयारी में हैं। खबरों की मानें तो जय भीम स्टार सूर्या जल्दी ही रंग दे बसंती फेम निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की अगली मूवी कर्ण में नजर आएंगे। ये मूवी भारतीय पौराणिक कहानी महाभारत की कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर कर्ण के किरदार पर केंद्रित होकर दिखाने वाली है। इस फिल्म में तमिल सुपरस्टार सूर्या लीड रोल निभाएंगे। खबर है कि इस मूवी पर मेकर्स पानी की तरह पैसा बनाने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी का बजट 500 करोड़ रुपये रखा गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या की मूवी कर्ण को मेकर्स अगले साल तक फ्लोर पर ले जाएंगे।

इस मूवी की शुरुआत तमिल सुपरस्टार सूर्या अपनी फिल्म वादी वासाल को पूरा करने के बाद करेंगे। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर सुधा कोंगरा बना रही हैं। इस मूवी को खत्म होने के बाद ही एक्टर कर्ण की शूटिंग शुरू करेंगे। जबकि, उनकी पहली पैन इंडिया रिलीज मूवी कंगुवा की शूटिंग भी पूरी होने के करीब है। इस मूवी के आखिरी शिड्यूल की शूटिंग जल्दी ही थाइलैंड में शुरू होगी। यही नहीं, खबर है कि महाभारत जैसे बड़े प्रोजेक्ट पर बनने वाली सूर्या की कर्ण को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। इस फिल्म की बाकी स्टारकास्ट का खुलासा अभी नहीं हुआ है। न ही इस मूवी का अभी तक आधिकारिक तौर पर ऐलान किया गया है।

इधर, एक्टर की अपकमिंग मूवीज की बात करें तो कंगुवा, वादी वासाल और कर्ण के अलावा एक्टर अक्षय कुमार स्टारर मूवी सोराराई पोट्टरू रीमेक को लेकर भी चर्चा में हैं। इस मूवी में सूर्या कैमियो करते दिखेंगे। जबकि, इसके साथ ही वो लोकेश कनगराज के साथ अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। ये मूवी उनकी फिल्म विक्रम में दिखाए गए किरदार रोलेक्स को लेकर बनेगी। बता दें कि कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी मचअवेटेड मूवी कंगुवा को लेकर चर्चा में हैं। तमिल सुपरस्टार सूर्या की इस मूवी को निर्देशक शिवा बना रहे हैं। कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या की ये पहली पैन इंडिया मूवी है।